RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 43
लखनऊ, बुधवार, 30 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



कट्टरपंथ से निपटने में उलेमा की महत्वपूर्ण भूमिका
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# द कश्मीर फाइल्स पर उठा विवाद इजराइली राजदूत ने मांगी माफी

**कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित फिल्म को दुष्प्रचार कहने पर की इजराइली फिल्मकार लापिद की निंदा**

- दिल्ली में राजदूत व मुंबई में महावाणिज्य दूत ने कहा- विवाद से भारत व इजराइल के संबंध और मजबूत हुए
- अनुपम खेर ने टिप्पणी को पूर्व नियोजित बताया तो निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने दी बुद्धिजीवियों को चुनौती



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**द कश्मीर** फाइल्स पर इजराइली फिल्मकार नदव लापिद की टिप्पणियों से बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। नई दिल्ली में इजराइल के राजदूत नोर गिलॉन ने इस मामले से स्वयं और अपने देश की दूरी बनाते हुए मंगलवार को माफी मांगी और कहा कि इस फिल्म पर वाद-विवाद से भारत और इजराइल के बीच संबंध मजबूत होंगे। विवाद में कूदते हुए इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी एवं सुरक्षा मामलों के मंत्री मोहम्मद महफूद ने कहा कि फिल्म में प्रोपेगैंडा जैसी कोई बात नहीं है। इंडोनेशियन मंत्री ने कहा कि उन्होंने फिल्म देखी है। निश्चित रूप से यह प्रोपेगैंडा फिल्म नहीं है। कश्मीर के लोगों की आवाज सुनी जानी चाहिए। फिल्म के बारे में जो कुछ कहा गया, वह स्वीकार्य नहीं है। फिल्म में मुख्य किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने कहा कि कश्मीर फाइल्स की आलोचनाओं को पूर्व नियोजित बताया और आरोप लगाया कि लापिद कश्मीरी पंडितों के कष्टों के प्रति असंवेदनशील हैं। फिल्म के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने आलोचनाओं को सबसे अधिक खतरनाक चीज बताया। उन्होंने सवाल किया कि ये कौन लोग हैं जो हमेशा भारत के खिलाफ खड़े होते हैं। वह दुनियाभर के बुद्धिजीवियों को चुनौती देते हैं कि वे फिल्म का एक भी सीन या डायलॉग झूठ साबित करें। यदि वे कामयाब हुए तो मैं फिल्में बनानी छोड़ दूंगा। इस प्रकार की तीखी प्रतिक्रिया लापिद की फिल्म के बारे में की गई टिप्पणी के एक दिन बाद आई है।

## भाजपा ने कहा, जूरी भगवान नहीं कांग्रेस बोली, नफरत की पहचान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**फिल्म** 'द कश्मीर फाइल्स' पर इजराइली निर्देशक और 53वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के जूरी प्रमुख नदव लापिद की टिप्पणी को लेकर मंगलवार को देशभर में राजनीतिक स्तर पर विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने लापिद की निंदा करते हुए उनकी टिप्पणी को कश्मीरी पंडितों के संकट को नकारने वाली बताया, जबकि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि नफरत को आखिरकार पहचान ही लिया जाता है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, उनकी सरकार, भाजपा और उनके पूरे तंत्र ने द कश्मीर फाइल्स का प्रचार-प्रसार किया। इफ्फी द्वारा फिल्म को खारिज कर दिया गया। जूरी प्रमुख नदव लापिद ने इसे दुष्प्रचार, भद्दा करार दिया और इसे फिल्म महोत्सव के लिए अनुचित बताया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि नफरत को आखिरकार नकारा ही जाता है। कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने दावा किया कि सरकार के स्तर से इस फिल्म का प्रचार हुआ और नतीजा यह हुआ कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा।

# प्रदेश में अब खत्म होंगे कूड़े के ढेर, बनेंगे सेल्फी प्वॉइंट

- योगी के निर्देश पर तीन दिन तक मिशन मोड में चलेगा स्वच्छता अभियान
- एक दिसंबर से शुरू होगा प्रतिबद्ध 75 जनपद, 75 घंटे 750 निकाय अभियान
- सफाई अभियान के बाद चिन्हित स्थानों का कराया जाएगा सौंदर्यीकरण



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** को स्वच्छ प्रदेश बनाने की मुहिम में जुटे सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उनकी टीम लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में अब स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत प्रतिबद्ध 75 जनपद, 75 घंटे, 750 निकाय अभियान 1 दिसंबर से शुरू किए जाने का निर्णय लिया गया है।

इस अभियान के तहत प्रदेश के 750 निकायों में कूड़ा एकत्रीकरण के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स को पूर्णतया विलोपित कर स्वच्छ स्थान में परिवर्तित करने की योजना है। इस अभियान को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन नगर निकाय निदेशालय की ओर से सभी नगर आयुक्तों को पत्र के जरिए समयसीमा के अंदर अभियान चलाकर उद्देश्य की पूर्ति के निर्देश जारी किए गए हैं। इन स्थानों पर सफाई के बाद सौंदर्यीकरण भी होगा और कई स्थानों को सेल्फी प्वाइंट के तौर पर विकसित किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन उत्तर प्रदेश की निदेशक नेहा शर्मा द्वारा सभी नगर आयुक्तों एवं अधिशासी अधिकारियों को इस आशय का पत्र जारी किया गया है।

पत्र में अभियान से जुड़े सभी दिशा निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय भारत सरकार द्वारा आजादी/75 अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतिम माह के उपलक्ष्य में प्रतिब 75 जनपद 75 घंटे 750 निकाय अभियान 1 दिसंबर से शुरू किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त 750 निकायों में कूड़ा एकत्रीकरण के दृष्टिगत संवेदनशील स्थान गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स को पूर्णतया स्थायी रूप से विलोपित कर स्वच्छ स्थान में परिवर्तित कराया जाना है। अभियान की शुरुआत योजनाबद्ध प्रचार-प्रसार के साथ की जानी है।

इसके लिए नगरीय निकाय स्तर पर गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स को चिन्हित कर आवश्यक संसाधन व कार्य सुनिश्चित करना होगा। यह भी निर्देश दिया गया है कि अभियान का समापन समारोह जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हो। नगर निकायों को जो निर्देश जारी किए गए हैं उसमें कहा गया है कि अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यकता का आंकलन कर ट्रक, जेसीबी, मैजिक आदि संसाधनो की व्यवस्था निकायों द्वारा पूर्व में ही कर ली जाए।

# विस्तारा का एयर इंडिया में होगा विलय, सिंगापुर एयरलाइंस की होगी 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**विमानन** क्षेत्र में बड़े स्तर पर एकीकरण की तैयारी है। इसके तहत विस्तार का एयर इंडिया के साथ विलय होगा। इस सौदे के बाद सिंगापुर एयरलाइंस की एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। टाटा समूह ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि प्रस्तावित सौदा मार्च, 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है जो नियामकीय मंजूरी पर निर्भर है। विस्तार में टाटा समूह की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बाकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) के पास है।

एसआईए ने एक बयान में कहा कि विस्तार और एयर इंडिया का विलय होगा। इस विलय सौदे के तहत एसआईए एयर इंडिया में 2,058.5 करोड़ रुपए का निवेश भी करेगी। सिंगापुर एयरलाइंस ने कहा कि वह इस निवेश का वित्तपोषण आंतरिक नकदी संसाधनों से करेगी। टाटा समूह ने अलग से बयान जारी कर कहा कि इस विलय के साथ एयर इंडिया देश की सबसे प्रमुख घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा देने वाली एयरलाइन होगी। उसके बेड़े में 218 विमान होंगे और वह देश की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनी तथा दूसरी सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन होगी।एसआईए और टाटा संस जरूरत होने पर वृद्धि और परिचालन को गति देने के लिए वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 में अतिरिक्त पूंजी डालने पर भी सहमत हुए हैं। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि एयर इंडिया को वैश्विक स्तर की एयरलाइन कंपनी बनाने की दिशा में विस्तार और एयर इंडिया का विलय मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा, बदलाव के तहत, एयर इंडिया अपने नेटवर्क और बेड़े दोनों को बढ़ाने के साथ ग्राहकों को सेवाओं की पेशकश को नया रूप देने, सुरक्षा और भरोसे के साथ प्रदर्शन को बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। हम एक मजबूत एयर इंडिया बनाने के अवसर से उत्साहित हैं। यह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर पूर्ण सेवा और कम लागत वाली सेवा दोनों की पेशकश करेगी।

## गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार थमा

**अहमदाबाद (भाषा)।** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत एक दिसंबर को होने वाले मतदान के लिए प्रचार मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। दक्षिण गुजरात के 19 जिलों और कच्छ-सौराष्ट्र क्षेत्रों की 89 सीट के लिए 788 उम्मीदवार मैदान में हैं, जहां बृहस्पतिवार को मतदान होगा। राज्य में परंपरागत रूप से सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच मुकाबला होता रहा है, लेकिन इस बार अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) के रूप में एक तीसरा दल भी मैदान में है जिसने विधानसभा की कुल 182 सीट में से 181 पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। पहले चरण के मुख्य उम्मीदवारों में आप के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार इसुदान गढ़वी हैं, जो देवभूमि द्वारका जिले के खंभालिया से चुनाव लड़ रहे हैं। गुजरात के पूर्व मंत्री पुरुषोत्तम सोलंकी, छह बार के विधायक कुंवरजी बावलिया, मोरबी के नायक कांतिलाल अमृतिया, क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा और आप की गुजरात इकाई के अध्यक्ष गोपाल इटालिया भी मैदान में हैं।

# शीर्ष अदालत ने जमानत के बावजूद रिहा न होने वाले कैदियों की रिपोर्ट तलब की

- जमानत के बावजूदद छोटे-मोटे अपराधों में जेलों में बंद आदिवासियों की दुर्दशा को लेकर राष्ट्रपति के भावुक भाषण के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू द्वारा जमानत के बावजूद छोटे-मोटे अपराधों में जेलों में बंद आदिवासियों की दुर्दशा को लेकर दिए गए भावुक भाषण के कुछ दिनों बाद उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को देश भर के जेल अधिकारियों को ऐसे कैदियों का ब्योरा 15 दिन के भीतर नालसा को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि उनकी रिहाई के लिए एक राष्ट्रीय योजना तैयार की जा सके।

राष्ट्रपति ने 26 नवंबर को उच्चतम न्यायालय में अपने पहले संविधान दिवस संबोधन में झारखंड के अलावा अपने गृह राज्य ओडिशा के गरीब आदिवासियों की दुर्दशा पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि जमानत राशि भरने करने के लिए पैसे की कमी के कारण वे जमानत मिलने के बावजूद जेल में हैं। अंग्रेजी में अपने लिखित भाषण से हटकर, मुर्मू ने हिंदी में बोलते हुए न्यायपालिका से गरीब आदिवासियों के लिए कुछ करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि गंभीर अपराधों के आरोपी मुक्त हो जाते हैं, लेकिन इन गरीब कैदियों, जो हो सकता है किसी को थप्पड़ मारने के लिए जेल गए हों, को रिहा होने से पहले वर्षों जेल में बिताने पड़ते हैं। न्यायमूर्ति एस के कौल प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ के साथ उस समय मंच पर बैठे थे जब राष्ट्रपति ने अपने ओडिशा में विधायक के रूप में और बाद में झारखंड की राज्यपाल के रूप में कई विचाराधीन कैदियों से मिलने का अपना अनुभव बताया। न्यायमूर्ति कौल और न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने मंगलवार को जेल अधिकारियों को ऐसे कैदियों का विवरण संबंधित राज्य सरकारों को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जो 15 दिन के भीतर दस्तावेजों को राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) को भेजेंगी।

पीठ ने कहा कि जेल अधिकारियों को विचाराधीन कैदियों के नाम, उनके खिलाफ आरोप, जमानत आदेश की तारीख, जमानत की किन शर्तों को पूरा नहीं किया गया और जमानत के आदेश के बाद उन्होंने जेल में कितना समय बिताया है, इस तरह के विवरण प्रस्तुत करने होंगे।

## अंजुमन इंतेजामिया और लक्ष्मी देवी की याचिकाओं पर सुनवाई आज

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई टाल दी। अदालत बुधवार को अब इस पर आगे की सुनवाई करेगी। अंजुमन इंतेजामिया ने पांच हिंदू महिलाओं की ओर से दायर वाद की पोषणीयता को चुनौती दी है। पांच हिंदू महिलाओं ने वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में श्रृंगार गौरी और अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की अनुमति मांगते हुए वहां की अदालत में वाद दायर किया, जिसकी पोषणीयता पर अंजुमन इंतेजामिया ने आपत्ति की और निचली अदालत ने यह आपत्ति खारिज कर दी। निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई। याचिका खारिज करते हुए वाराणसी के जिला जज ने कहा था कि इन पांच हिंदू महिलाओं का वाद, पूजा स्थल अधिनियम, वक्फ कानून और यूपी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अधिनियम से बाधित नहीं होता।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,681 | ↑ 177 |
| निफ्टी | 18,618 | ↑ 55 |
| सोना | 52,837 | ↓ 101 /10g |
| चांदी | 61,744 | ↓ 353 /kg |

### क्विक न्यूज

**सारस टेलीस्कोप से ब्रह्मांड के पहले सितारों, आकाश गंगाओं का सुराग मिला**

**नई दिल्ली।** भारत के सारस रेडियो टेलीस्कोप ने वैज्ञानिकों को बिग बैंग के 20 करोड़ वर्ष बाद बनने वाली सबसे पुरानी रेडियो चमकीली आकाशगंगाओं के गुणों को निर्धारित करने में मदद की है। बिग बैंग की अवधि को कॉस्मिक डॉन के रूप में जाना जाता है। ए निष्कर्ष अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के समूह की नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित हुए हैं जिससे पूर्व की रेडियो युक्त आकाशगंगाओं के बारे में जानने का अवसर मिला है। ए रेडियो युक्त आकाशगंगाएं आमतौर पर अत्यंत विशालकाय ब्लैक होल से संचालित होती हैं। बेंगलुरु स्थित रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट के सौरभ सिंह सहित वैज्ञानिकों की एक टीम ने पहली पीढ़ी की आकाशगंगाओं के ऊर्जा उत्पादन, चमक और द्रव्यमान का अनुमान लगाया, जो रेडियो तरंग दैर्ध्य के साथ प्रकाशमान हैं।

# जहां राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत नहीं वहां उद्योग नहीं पनप सकते: राजनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि जिस देश में राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत नहीं है, वहां उद्योग और व्यवसाय कभी नहीं फल-फूल सकते। सशस्त्र सेना झंडा दिवस सीएसआर सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने यह भी कहा कि सैनिकों का कल्याण, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, केवल सरकार का दायित्व नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सभी का कर्तव्य होना चाहिए।

उन्होंने सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण को प्रत्एक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी करार देते हुए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारता से योगदान देने की अपील की। सिंह ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि जिस देश में राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत नहीं है, वहां उद्योग और व्यवसाय कभी नहीं फल-फूल सकते। उन्होंने बड़े कॉर्पोरेट दानदाताओं के समर्थन की सराहना की जिसके कारण पिछले कुछ वर्षों में कोष में पर्याप्त वृद्धि हुई है। सिंह ने सैनिकों तथा राष्ट्र की भलाई के लिए और भी अधिक योगदान देने के लिए समुदाय का आह्वान किया। यह कार्यक्रम रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। सिंह ने सशस्त्र बलों के सेवानिवृत्त और सेवारत कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी वीरता एवं बलिदान ने देश की संप्रभुता एवं अखंडता की रक्षा की है। सिंह ने नगालैंड में कोहिमा युद्ध स्मारक पर अंकित एक सैनिक के संदेश का विशेष उल्लेख किया, जिसमें लिखा है: जब आप घर जाएं, तो उन्हें हमारे बारे में बताएं और कहें, आपके कल के लिए, हमने अपना आज दे दिया।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से, चाहे वह युद्ध जीतना हो या सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों का मुकाबला करना हो, हमारे सैनिकों ने साहस और मुस्तैदी के साथ सभी चुनौतियों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस प्रक्रिया में, उनमें से कई ने सर्वोच्च बलिदान दिया और कई शारीरिक रूप से अक्षम हो गए। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में उनके हवाले से कहा गया, उनके परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन पर है। इसलिए, हमारी अंतिम जिम्मेदारी है कि हम आगे आएं और अपने सैनिकों तथा उनके परिवारों का हर तरह से समर्थन करें। यह हमारे वीर सैनिकों की वजह से है, जो हमेशा सीमाओं पर सतर्क रहते हैं, हम शांति से सोते हैं और बिना किसी डर के अपना जीवन जीते हैं।

# राहुल गांधी के बयान के बाद साथ आए गहलोत व पायलट



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को पार्टी की धरोहर (एसेट) बताने के एक दिन बाद दोनों कांग्रेसी नेता एकता दिखाते हुए सार्वजनिक मंच पर एक साथ दिखाई दिए। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के साथ भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी और समीक्षा से पहले दोनों नेता साथ आए। ज्ञात रहे कि इस सप्ताह के आखिरी में भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में प्रवेश कर जाएगी। सूत्रों के अनुसार बैठक में एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल और राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की मौजूदगी में गहलोत और पायलट ने एक-दूसरे का अभिवादन किया। जयपुर में वेणुगोपाल ने गहलोत और पायलट के साथ प्रेसवार्ता में कहा कि यह राजस्थान कांग्रेस है।

# दिल्ली पहुंचकर मोदी ने राजनीति को दी नई पहचान

## ● सैनिकों और शहीदों का अपमान करने वाली पार्टी है कांग्रेसःयोगी

### पांचवें दिन भी 4 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के लिए मांगे वोट



**पायनियर समाचार सेवा।** महीसागर, आणंद, वडोदरा

**गुजरात** विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार मंगलवार को थम गया। यहां पहली दिसंबर और 5 दिसंबर को चुनाव होने हैं। गुजरात की जनता के बीच फायर ब्रांड नेता व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग सबसे अधिक रही। योगी आदित्यनाथ मंगलवार को यहां पांचवें दिन रण में उतरे। उन्होंने यहां भी 4 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। गुजरात, यूपी व देश में भाजपा के सरकारों के कार्यों को गिनाया और कांग्रेस की नाकामियों की हुंकार जनता से भरवाई। सीएम योगी ने आमजन से पूछा कि जब कांग्रेस हर मुद्दे पर नाकाम है तो क्या आप उनके हाथ का साथ चाहेंगे, इस पर जनसभाओं से एक ही आवाज आई.नहीं। वहीं आम आदमी पार्टी पर भी सीएम ने तंज कसा बोले- झाड़ू मारकर सब झाड़ ले जाएगा आप का नमूना, इससे सावधान रहिए तो लोगों ने भी हुंकार भरकर सीएम योगी को कमल खिलाने का आश्वासन दिया। मंगलवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लूणावाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जिग्नेश भाई सेवक व बालासिनोर से मान सिंह चौहान के पक्ष में उतरे। सीएम ने कहा कि भारत दुनिया की बड़ी ताकत बन रहा है। 2014 के पहले कांग्रेस ने देश में अविश्वास, अराजकता, भ्रष्टाचार फैलाया था। जनमानस को शासन-प्रशासन पर विश्वास नहीं रह गया था, ऐसे में सदैव संकट के साथी रहे गुजरात ने नरेंद्र मोदी को दिल्ली भेजकर राजनीति को नई पहचान दी। 20 वर्ष पहले गुजरात में व्यवसाय व धार्मिक कार्यक्रम नहीं हो पाते थे, नौजवान रोजगार के लिए तरस रहा था पर सीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनते ही गुजरात का नया मॉडल बना। कांग्रेस दंगाइयों को प्रश्रय देने वाली पार्टी है। भाजपा 135 करोड़ लोगों को परिवार मानती है जबकि कांग्रेस अपने कुनबे को ही परिवार मानती है। आज नर्मदा का पानी हर घर-गांव तक पहुंचाया गया। गुजरात में फिर सरकार आने पर आयुष्मान भारत की राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख कर फ्री स्वास्थ्य बीमा दिलाया जाएगा। निराश्रित पेंशन में वृद्धि की बात हुई है। डबल इंजन की सरकार आपके हित में कार्य कर रही है। उमेरठ विधानसभा क्षेत्र में सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी गोविंद भाई परमार के लिए रैली की। सीएम ने कहा कि गुजरात में जो जिस भाव से कार्य कियाए उतना ही पूज्य हो गया। यह धरा आणंद को कर्मभूमि बनाने वाले सरदार पटेल की है। वे वर्तमान भारत के शिल्पी हैं। 563 रियासतों को भारतीय गणराज्य में मिलाना सामान्य बात नहीं थी। सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति के सामने जूनागढ़ व हैदराबाद के नवाब को घुटना टेकना पड़ा था। यह तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को आंख दिखा चुके थे। दोनों नवाबों ने कहा कि हम स्वतंत्र अस्तित्व बनाएंगे अन्यथा पाकिस्तान के साथ जाएंगे। सरदार पटेल ने कहा कि ठीक है, मैं वहीं आता हूं। सरदार पटेल के आने के पहले ही जूनागढ़ का नवाब इतना तेजी से भागा कि अपने बच्चे और बीवी को यहीं भूल गया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का कमाल है कि जूनागढ़ और हैदराबाद भी आज अखंड भारत का हिस्सा बना है। सीएम ने कहा कि दिल्ली से आए नमूने से सावधान रहिए। वह झाड़ू के नाम पर सब झाड़ कर ले जाएगा।

# अग्निशमन इकाइयां जरूरी उपकरणों सहित न्यूनतम समय में पहुंचें घटनास्थल परः सीएम

## ● डीजी फायर सशक्त योजना बनाकर तीन दिन में प्रस्तुत करें प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अग्निकांड की दुर्घटनाओं में जन-धन की क्षति को न्यूनतम किए जाने के लिए और अधिक गम्भीरता से प्रयास किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अग्निशमन इकाइयां सभी जरूरी उपकरणों सहित न्यूनतम समय में घटनास्थल पर पहुंचने के लिए प्रभावी प्रयास करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने सख्त हिदायत दी है कि प्रदेश के सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों, होटलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अपार्टमेन्ट्स, निजी व सरकारी शिक्षण संस्थाओं आदि में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इन्तजाम किए जाएं। इसके साथ ही अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की नियमित सघन जांच पड़ताल की जाए। उन्होंने अग्निशमन विभाग को आपदा प्रबन्धन एवं आपात सेवा के रूप में स्थापित किए जाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस को निर्देशित किया गया है कि वह अग्निकांड से जुड़ी घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई के लिए एक सशक्त कार्ययोजना बनाकर मुख्यमंत्री के लिए शासन को तीन दिन में प्रस्तुत करें। पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस से यह भी अपेक्षा की गई है कि वह शासन की प्राथमिकताओं के क्रम में अब तक हुई कार्रवाई की भी समीक्षा करें। शासन द्वारा अग्निशमन एनओसी एवं अग्निसुरक्षा के संबंध में भी आवश्यक निर्देश भेजे गए हैं। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित सरकारी एवं निजी अस्पतालों, होटलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, मॉल्स, अपार्टमेन्ट्स, निजी व सरकारी स्कूलों व कॉलेजों आदि में भी समुचित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था के लिए मानक के अनुरूप कार्रवाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा अग्निशमन विभाग को और अधिक चुस्त-दुरूस्त बनाया गया तथा सभी जरूरी उपकरणों की व्यवस्था कराई गई है। फायर सर्विस में अनापत्ति निर्गमन प्रक्रिया का आवेदकों की सुविधा के लिए सरलीकरण किया गया है। भारत सरकार द्वारा प्रसारित मॉडल फायर एंड इमरजेंसी सर्विस बिल 2019 का अंगीकरण किए जाने की भी कार्रवाई हुई है। तहसील मुख्यालयों पर अग्निशमन सेवा के अस्थाई संचालन का लक्ष्य भी शत-प्रतिशत पूर्ण करते हए सभी तहसील मुख्यालयों पर फायर टेंडर मय स्टाफ स्थापित करा दिए गए हैं।

# पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरकः शाही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जनपद लखनऊ में उर्वरक की मांग को देखते हुये जनपद उन्नाव से इफको डीएपी 1000 मीट्रिक टन, जनपद रायबरेली से इफको डीएपी 350 मीट्रिक टन. तथा एनपीके 150 मीट्रिक टन, हरदोई से इफको डीएपी 100 मीट्रिक टन का अतिरिक्त आवंटन किया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने यह बात मंगलवार को लखनऊ में उर्वरक की उपलब्धता के सम्बन्ध में अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि रबी 2022 में बोई जाने वाली फसल में डीएपी उर्वरक का प्रयोग किये जाने हेतु 12500 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्ध डीएपी उर्वरक 13142 मीट्रिक टन, एनपीके उर्वरक 1134 मीट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक 218 मीट्रिक टन जनपद के बिक्री केन्द्रों पर उपलब्ध कराकर वितरित किया जा रहा है। जनपद में इफको डीएपी उर्वरक की एक रैक 3648 मीट्रिक टन की सहकारिता/समितियों से वितरण हेतु प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही जकृषि मंत्री ने कृषकों को आश्वत किया है कि जनपद में किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरकों यूरियाए डीएपीए एनपीके एवं एमओपी की कोई कमी साधन सहकारी समितियों, एवं अन्य बिक्री केन्द्रों पर नहीं हैए सभी उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। कृषक बन्धु अपनी जोत के आधार पर फास्फेटिक उर्वरक प्राप्त करके बुवाई करें। कृषक बन्धुओं को यह भी अवगत कराया जाता है कि जनपद में एनपीके उर्वरक भी उपलब्ध है जो कि डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप मे उपयोग कर सकते हैं। समीक्षा बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त एव सहायक निबन्धक सहकारी समितिया लखनऊ, क्षेत्रीय प्रबन्धक पीसीएफ, उप आयुक्त सहकारिता लखनऊ मण्डल, सयुक्त कृषि निदेशक लखनऊ मण्डल लखनऊ उपस्थित थे।

# सपा के गुंडों के कब्जे में रहते थे रामपुर के बूथः बृजेश पाठक



## ● डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया प्रभावी मतदाता सम्मेलन को संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, रामपुर

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि रामपुर में पहले चुनाव नहीं होते थे। रामपुर के बूथों और थानों पर सपा के गुंडों का कब्जा रहता था लेकिन योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार बनने के बाद रामपुर में कानून का राज स्थापित हुआ। अब गुंडें या तो जेल में हैं या फिर उत्तर प्रदेश छोड चुके हैं। उन्होंने रामपुर के वायलिन उद्योग को भी दुनिया के आसमान में चमकाने की बात कही।

बृजेश पाठक मंगलवार को रामपुर में अयोजित मतदाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। बृजेश पाठक ने कहा कि सपा ने रामपुर को अराजकता का अड्डा बना दिया था लेकिन भाजपा रामपुर को विकास की नई ऊंचाईयों पर लेकर जाना चाहती है। वह इसलिएए क्योंकि रामपुर का इतिहास स्वर्णिम रहा है। जो आजादी से मेल खाता है लेकिन सपा ने गुंडागर्दी के जरिए रामपुर को बर्बाद कर दिया। 2012 से 2017 के बीच सपाईयों का यह नारा कि खाली प्लाट हमाराश् बहुत प्रचलित था। स्थिति यह थी कि सपा की गाडी में जितना बडा झंडा होता था, उस गाडी में उतना बडा गुंडा होता था लेकिन उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद रामपुर में कानून का राज स्थापित हुआ। गुंडे या तो जेल में हैं या फिर उत्तर प्रदेश छोडकर जा चुके हैं। उन्होंने सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास की नीति के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना समेत तमाम केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि जब रामपुर के लाभार्थियों की लिस्ट देखी जा रही थीए तो उसमें यह देखा गया कि रामपुर में सभी वर्गों के साथ अल्पसंख्यक वर्ग को भी सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ मिला है।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी करने वाला गिरफ्तार विभिन्न प्रजाति के 155 जीवित कछुए बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ






**एसटीएफ** ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कछुए की तस्कर करने वाले गिरोह के एक सदस्य को विभिन्न प्रजाति के 155 जीवित कछुओं सहित लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त नीरज दीक्षित निवासी ग्राम कुकुर भुक्का पोस्ट मानिकपुर, थाना गोपालगंज (बिहार) का रहने वाला है। वन्य जीव अपराध नियन्त्रण ब्यूरो भारत सरकार की पहल पर एसटीएफ ने पिछले कई वर्षों से उत्तर प्रदेश में कछुओं की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई की है। भारत में कछुओं की पाई जाने वाली 29 प्रजातियों में 15 प्रजातियां उत्तर प्रदेश में पाई जाती हैं। इनमें 11 प्रजातियों का अवैध व्यापार किया जाता है। यह अवैध व्यापार जीवित कछुए के मॉस अथवा पालने अथवा कछुएं की कैलिपी (झिल्ली) को सुखा कर शक्तिवर्धक दवा के लिए किया जाता है। कछुओं को मुलायम कवज व कठोर कवज के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। यमुना, चम्बल, गंगा, गोमती, घाघरा, गंडक आदि नदियों व उनकी सहायक नदियों, तालाबों, वेट लैंड्स आदि में यह दोनों प्रकार के कछुए बहुतायत में पाए जाते हैं। एसटीएफ की विभिन्न टीमें वाइल्ड लाईफ संरक्षण के लिए कार्य करती रही हैं। इसी क्रम में एसटीएफ की एक टीम को छानबीन के दौरान पता चला कि जनपद लखीमपुरखीरी से बड़े स्तर पर विभिन्न प्रजातियों के कछुओं की तस्करी का कार्य किया जा रहा है। यह भी जानकारी हुई कि ऐसे व्यापारी माल बेचने के लिए पश्चिम बंगाल के व्यापारियों के संपर्क में रहते हैं जहां से यह माल बांग्लादेश और म्यांमार के रास्ते चीन, हांगकांग, मलेशिया आदि देशो में भेजा जाता है। एसटीएफ की टीम ने जमीनी सूचना एवं अन्य स्त्रोतों से अभिसूचना एकत्र की। इस दौरान ज्ञात हुआ कि बिहार राज्य के कुछ तस्कर भारी मात्रा मे कछुओं की तस्करी के लिए लखीमपुरखीरी व आस-पास के क्षेत्रों में स्थानीय तस्करों के साथ मिलने तथा मालों की सप्लाई करने लखीमपुर खीरी से बिहार व पश्चिम बंगाल जाने वाले है। इस सूचना को विकसित करते हुए वन विभाग की टीम को साथ लेकर संयुक्त टीम द्वारा नीरज दीक्षित को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध वन रेंज दक्षिण निघासन उत्तर खीरी वन प्रभाग, दुधवा टाइगर रेंज लखीमपुर खीरी में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई वन रेंज दक्षिण निघासन द्वारा की जा रही है।

# अग्निकांड का शिकार चीनी मिल क्षेत्र के किसानों को आवंटित की गईं दूसरी मिलें

**लखनऊ।** चीनी मिल मोहिउद्दीनपुर मेरठ की टरबाईन में आग लग जाने की दुर्घटना की जांच के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग संजय आर. भूसरेड्डी एवं जिलाधिकारी मेरठ दीपक मीणा एवं अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल हादसा स्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान गन्ना किसानों से वार्ता की गयी तथा मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल का पुर्नसंचालन होने तक क्षेत्र के किसानों के गन्ने की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं उनके व्यापक हितों के दृष्टिगत त्वरित निर्णय लेते हुए गन्ना आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु गन्ना आयुक्त द्वारा निकटवर्ती चीनी मिलों को गन्ना आवंटन का आदेश किया गया है। गन्ना आयुक्त ने बताया कि 26 नवम्बर को चीनी मिल मोहिउद्दीनपुर की टरबाईन में आग लग लाने के कारण चीनी मिल का शीघ्र संचालन किया जाना सम्भव नहीं है। चीनी मिल मोहिउद्दीनपुर के प्रधान प्रबन्धक द्वारा कृषक हित में चीनी मिल क्षेत्र के गन्ने को निकटवर्ती चीनी मिल मवाना, किनौनी, मोदीनगर, नंगलामल, दौराला एवं खतौली को चीनी मिल मोहिउद्दीनपुर के सुचारू रूप से संचालित होने तक व्यावर्तित कराने का अनुरोध किया गया है ताकि कृषकों के पास उपलब्ध गन्ने की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा सके। उन्होंने बताया कि निकटवर्ती चीनी मिलों के महाप्रबन्धकों के साथ बैठक कर उन्हें गन्ना आवंटित किये जाने की सहमति ली गयी।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम धर्मराज से बदलकर धर्मराज सोनकर पुत्र महंगूलाल कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता -औरेनी कौशाम्बी।

**सूचना**

मैं हवलदार असदुल्लाह अंसारी वालिग पुत्र उस्मान अंसारी निवासी ग्राम पोस्ट नौली जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश सर्विस रिकार्ड आर्मी नं0 2691104W में मेरी पत्नी मुसर्रत जहां की जन्मतिथि 7.1.1984 दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है। सही जन्म तिथि 01.01.1984 है। जो मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र सूरज कुमार निर्मल व उसकी पत्नी खुशबू निर्मल को उनका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उक्त दोनों के किसी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। शिव प्रसाद निर्मल पुत्र स्व0 देवी दयाल निवासी 93 न्यू बस्ती सरोजनी नगर जिला लखनऊ

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने दूसरे नंबर के पुत्र मोहित सिंह के चाल चलन ठीक न होने के चलते पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिया है तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से मोहित सिंह के किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। मुन्ना सिंह पुत्र शिवरतन सिंह निवासी-ग्राम पोंगलीपुर मजरा महुआताल, कोतवाली व तहसील लहरपुर, जनपद सीतापुर

# नवगठित तीनों कमिश्नरेट में आईजी रैंक के अफसर बनाए गए पुलिस कमिश्नर

## ● आईपीएस लक्ष्मी सिंह को मिली पहली महिला पुलिस कमिश्नर बनने की सौगात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** सरकार ने नवगठित तीनों नए कमिश्नरेट गाजियाबाद, प्रयागराज और आगरा में आईजी रैंक के आईपीएस अधिकारियों को पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया है। वहीं तेज तर्रार आईपीएस और लखनऊ रेंज की आईजी लक्ष्मी सिंह को यूपी में पहली महिला पुलिस कमिश्नर बनने की सौगात प्रदान की गई है। उन्हें नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते सोमवार की देर रात राज्य सरकार ने 16 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए थे। इनमें नवगठित पुलिस कमिश्नरेट में पहले पुलिस कमिश्नरों की तैनाती भी गई है। अभी तक राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट में एडीजी स्तर के आईपीएस अधिकारियों को ही कमिश्नर पद का जिम्मा सौंपा गया था। यूपी में सर्वप्रथम लखनऊ और नोएडा में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू किया गया था। प्रयोग के तौर पर लागू गई इस व्यवस्था के सुखद परिणाम हासिल होने के बाद अगले चरण में वाराणसी और कानपुर में भी यही सिस्टम लागू किया गया। इन चारों ही कमिश्नरेट में एडीजी स्तर के आईपीएस अधिकारी पुलिस कमिश्नर के पद पर तैनात किए गए थे। योगी सरकार ने पिछले दिनों कमिश्नर प्रणाली में विस्तार करते हुए गाजियाबाद, आगरा और प्रयागराज में भी पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू कर दी लेकिन इस बार सरकार ने कमिश्नर पद पर आईजी रैंक के आईपीएस अधिकारियों को मौका दिया। बीते सोमवार की देर रात हुए फेरबदल में आईजी कारागार प्रशासन डॉ. प्रीतीन्दर सिंह को आगरा, आईजी बरेली रेंज रमित शर्मा को प्रयागराज और प्रतीक्षारत अजय मिश्रा को गाजियाबाद का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया। वहीं वाराणसी के पुलिस कमिश्नर ए.सतीश गणेश और नोएडा के पुलिस कमिश्नर आलोक कुमार को भी हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया गया। नोएडा कमिश्नरेट की कमान लखनऊ रेंज की आईजी लक्ष्मी सिंह और प्रतीक्षारत एडीजी अशोक मुथा जैन को वाराणसी की कमान सौंप दी गई। इनके अलावा सचिव गृह तरूण गाबा को आईजी लखनऊ रेंज, आईजी प्रयागराज रेंज डॉ. राकेश सिंह को आईजी बरेली रेंज, आईजी एसएसएफ चंद्र प्रकाश द्वितीय को आईजी प्रयागराज रेंज, एसएसपी गाजियाबाद मुनिराज जी. को एसएसपी अयोध्या, एसएसपी अयोध्या प्रशांत वर्मा को एसपी बहराइच, एसपी बहराइच केशव कुमार चौधरी को अपर पुलिस आयुक्त आगरा, एसएसपी प्रयागराज शैलेश पांडेय को एसएसपी मथुरा, एसएसपी मथुरा अभिषेक यादव को एसपी अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ और एसएसपी आगरा रहे प्रभाकर चौधरी को 11 वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर का सेनानायक नियुक्त किया गया है।

# रिवर फ्रंट घोटाले में शिवपाल से पूछताछ कर सकती है सीबीआई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** शासनकाल के दौरान हुए करोड़ों रुपए के रिवर फ्रंट घोटाले में सीबीआई तत्कालीन सिंचाई मंत्री और वर्तमान में प्रसपा के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव से पूछताछ कर सकती है। इसे लेकर सीबीआई तैयारी में जुटी हुई है। गृह विभाग ने भी सिंचाई विभाग से टॉस्क फोर्स की बैठकों के कार्यवृत्त और संबंधित रिकार्ड मांगे हैं ताकि तत्कालीन मंत्री समेत अन्य अफसरों की भूमिका की जांच हो सके। इससे पहले सीबीआई ने राज्य सरकार के दो तत्कालीन मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव सिंचाई व एक अन्य अधिकारी के खिलाफ जांच की मंजूरी मांगी थी। ये अफसर रिवर फ्रंट के निर्माण के लिए गठित उच्चस्तरीय अनुश्रवण समिति (टास्क फोर्स) का अहम हिस्सा थे लेकिन अभी तक ये अनुमति नहीं मिली है। सूत्रों के अनुसार शिवपाल यादव के करीबियों के खिलाफ जिलों में दर्ज मुकदमों में भी तेजी से कार्रवाई होगी। रिवर फ्रंट के लिए वर्ष 2015 में तत्कालीन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन किया गया था। इसमें तत्कालीन प्रमुख सचिव (सिंचाई) समेत सिंचाई विभाग के तत्कालीन प्रमुख अभियंता, विभागाध्यक्ष और मुख्य अभियंता भी शामिल थे। जांच के दौरान पाया गया कि उच्चाधिकारियों के मौखिक निर्देशों पर टेंडर की शर्तों में बदलाव किया गया। बजट को मनमाने ढंग से खर्च किया गया। भुगतान में गड़बड़ियां हुईं। जांच इन बिन्दुओं पर होगी कि टेंडर की शर्तों में बदलाव के लिए मौखिक या लिखित रूप से कोई आदेश दिया गया। यदि आदेश मौखिक हुए तो बैठकों के कार्यवृत्त में इसका जिक्र है या नहीं। मौखिक आदेशों के क्रम में लिए गए फैसले, अभियंताओं को अतिरिक्त चार्ज देने में तत्कालीन सिंचाई मंत्री की भूमिका, बिना टेंडर काम देने या गुपचुप ढंग से टेंडर की शर्तें बदले जाने में भी तत्कालीन मंत्री की भूमिका आदि बिन्दु शामिल रहेंगे।

# जनवरी के पहले सप्ताह में यूपी में प्रवेश करेगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कन्या** कुमारी से प्रारंभ की गई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जनवरी के प्रथम सप्ताह में उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। उत्तर प्रदेश में यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है। इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर विचार विमर्श हुआ है कि यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने के समय क्या-क्या तैयारियां की जाएं। इसके तहत यात्रा का कहां-कहां स्वागत होना है। यात्रा को रात में कहां विश्राम करना है। उसकी व्यवस्था की जिम्मेदारी किसके पास होगी। राहुल गांधी की रैली कहां आयोजित होगी। उसमें भीड़ जुटाने या ज्यादा से ज्यादा लोगों को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल कराने तक की जिम्मेदारियां पार्टी की ओर से तय की गई है। पार्टी के जानकारों का कहना है कि राहुल की यात्रा उत्तर प्रदेश में सिर्फ पांच दिन ही चलेगी। उनकी यात्रा से यूपी का पूर्वांचल, अवध, बुंदेलखंड और पश्चिम उत्तर प्रदेश के अधिकतर हिस्से अछूते रहे जाएंगे।

# उद्यम प्रदेश के रूप में विकसित हो रहा यूपीः नन्दी

## उप्र लीडरशिप समिट-2022 में आए 1.2 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजनरी नेतृत्व के परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश उद्यम प्रदेश के रूप में विकसित हो रहा है। यही नहीं आज अपना उत्तर प्रदेश निवेश का ड्रीम डेस्टीनेशन बन चुका है। सुरक्षा, संभावना, सहयोग और नवोन्मेष के कारण निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए स्वयं आगे आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश इकोनामी और इण्डस्ट्री के क्षेत्र में एक लीडर के रूप में उभर रहा है।

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा मंगलवार को आयोजित उत्तर प्रदेश लीडरशिप समिट-2022 कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी की मौजूदगी में देश विदेश से आए निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा के निवेश प्रस्ताव पेश किए। नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने वहाँ मौजूद निवेशकों के निवेश प्रस्तावों को सुना व उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मंत्री नन्दी ने कहा कि मोदी-योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। कारोबारियों को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि भले ही किसी के पास कैश कम हो लेकिन उन्हें अपना क्रेडिट बढ़ाते रहना चाहिए। अपने भरोसेमंद व्यवहार से हमेशा साख बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। यदि कारोबारी ऐसा कर पाए तो निवेश के लिए उन्हें कभी भी पैसों की कमी नहीं होगी। बैंक उनकी माँग पर मनचाहा उधार देने को तैयार हो जाएंगे। मंत्री नन्दी ने निवेशकों से उत्तर प्रदेश के सभी अंचलों में निवेश का अनुरोध किया। मंत्री नन्दी ने आज कार्यक्रम में आए अप्रत्याशित निवेश प्रस्तावों से उत्साहित होकर एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री यूपी को उत्तर प्रदेश में एक लाख पचास हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य दिया है। नन्दी ने भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक अजय खन्ना को बैंक और राष्ट्र के प्रति उनकी समर्पित और प्रतिबद्ध सेवा के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया। साथ ही पूरे देश में स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने में अनुकरणीय योगदान के लिए सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक को भी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। हीरो साइकिल समूह की एक अन्य कंपनी हीरो लेक्टरो ई साइकिल के युवा सीईओ आदित्य मुंजाल ने औद्योगिक विकास मंत्री नंदी से ई-साइकिल को उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नीति में प्राथमिकता देने की माँग की। नंदी ने मुंजाल की इस माँग पर सहमति जताते हुए वहाँ मौजूद मुख्यमंत्री के सलाहकार से तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का सुझाव दिया। उन्होंने मौक़े पर ही आश्वासन देते हुए इस आशय का पत्र सौंपने को कहा जिससे मुख्यमंत्री की सहमति के बाद इस पर अमल किया जा सके। सरकार की इस त्वरित कार्रवाई पर आदित्य मुंजाल ने प्रसन्नता जतायी। यूपी लीडरशिप समिट का मुख्य आकर्षण 100 से अधिक निवेशकों की भागीदारी रही जिन्होंने उत्तर प्रदेश में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश में रुचि दिखाई।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# बिजलीकर्मियों का प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन कार्यबहिष्कार प्रारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## मशाल जुलूस निकालकर किया विरोध प्रदर्शन



**ऊर्जा** निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी रवैये व दमनात्मक कार्यप्रणाली के विरोध में एवं बिजली कर्मियों की वर्षों से लम्बित न्यायोचित समस्याओं के समाधान के लिए सभी ऊर्जा निगमों के तमाम बिजलीकर्मियों ने मंगलवार को अनिश्चितकालीन कार्यबहिष्कार प्रारंभ कर दिया। बिजलीकर्मियों ने शाम 5 बजे पूरे प्रदेश में मशाल जुलूस निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया।

लखनऊ में हाइडिल फील्ड हॉस्टल में पूरे दिन विरोध सभा हुई और शाम 5 बजे सैकड़ों मशाल प्रज्वलित की गई। संघर्ष समिति ने ऊर्जा निगमों में टकराव के लिए शीर्ष प्रबंधन की नकारात्मक व हठधर्मी कार्यप्रणाली को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही चेयरमैन पर सरकार को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए मा ऊर्जा मंत्री जी से प्रभावी हस्तक्षेप करने की अपील की। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जीवी पटेल, सुहेल आबिद ने बताया कि आम जनता को तकलीफन हो अत: कार्य बहिष्कार के प्रथम चरण में उत्पादन गृहों, पारेषण विद्युत उपकेन्द्रों, सिस्टम ऑपरेशन और 33 केवी विद्युत उपकेंद्रों में पाली में कार्यरत बिजली कर्मियों को कार्य बहिष्कार आंदोलन से अवमुक्त रखा गया है। उन्होंने ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन की हठधर्मिता और बिजलीकर्मियों की समस्याओं के प्रति उपेक्षात्मक रवैये के कारण आज पूरे प्रदेश के बिजलीकर्मी संघर्ष के रास्ते पर है यदि ऊर्जा निगम का शीर्ष प्रबंधन द्वारा सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए द्विपक्षीय वार्ता से समस्याओं का समाधान निकालने वाली कार्यप्रणाली अपनाई गई होती तो ऊर्जा निगमों में यह टकराव उत्पन्न न होता और न ही ऊर्जा की परफॉर्मेंस व रेटिंग गिरती। ऐसा प्रतीत होता है कि शीर्ष प्रबंधन द्वारा सरकार को वास्तविक तथ्यों के विपरीत गुमराह किया जा रहा है जिस कारण टकराव का वातावरण बना है। बिजलीकर्मियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण और पूर्णरूप से लोकतांत्रिक है और मात्र ध्यानाकर्षण के लिए है। इस आंदोलन के लिए जनता को हो रही परेशानी के लिए ऊर्जा निगम का शीर्ष प्रबंधन जिम्मेदार हैं। जो जनता के बीच सरकार व बिजलीकर्मियों की छवि खराब कर रहे है। पदाधिकारियों ने आगे बताया कि 30 नवंबर को भी कार्य बहिष्कार और विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बिजलीकर्मियों ने यह भी चेताया कि यदि शांतिपूर्ण आंदोलन पर या किसी भी बिजलीकर्मी पर कोई दमनात्मक या उत्पीड़न की कार्यवाही करने की कोशिश भी की गई तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया होगी।

## विद्युत अभियन्ताओं ने मनाया संकल्प दिवस



**लखनऊ।** 29 नवम्बर 1979 के बिजली इंजीनियरों के अप्रतिम त्याग एवम बलिदान के अविस्मरणीय अध्याय को याद किया गया। विद्युत अभियन्ताओं ने प्रत्येक वर्ष की भांति मंगलवार को प्रदेश भर में संकल्प दिवस मनाया। लखनऊ मुख्यालय पर संकल्प दिवस का आयोजन हाईडिल फील्ड हॉस्टल में किया गया। इस दिन विद्युत अभियन्ता 29 नवम्बर 1979 को हुए अविस्मरणीय आन्दोलन में सम्मिलित होने वाले नायकों को साधुवाद देते हुए उनके बलिदान को इसी गाथा को समय आने पर दोहराने के लिए प्रति वर्ष संकल्प दिवस पर संकल्प लिया गया। आल इंडिया पावर इंजीनियर फेडरेशन के अध्यक्ष ई शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि 28-29 नवम्बर की रात में पनकी बिजली घर से गिरफ्तारी का समाचार मिलते ही 29 नवम्बर की सुबह से बिजली इन्जीनियरों ने हजरतगंज कोतवाली के सामने कतारबद्ध होकर स्वेच्छा से गिरफ्तारी देना शुरू कर दिया तो ऐसा माहौल पैदा हो गया जिसमे सरकार के मिनी मीसा के टुकड़े हजरतगंज की नालियों में बहते देखे जा सकते थे। 1600 से अधिक बिजली अभियंताओं ने स्वेच्छा से गिरफ्तारी दे कर उप्र की जेलों को भर दिया।

# नागरिक सुविधा दिवस पर मंडलायुक्त ने सुनी समस्याएं, निस्तारित किए मामले



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहरी** क्षेत्र के नागरिकों की समस्या के सफ ल समाधान के लिए एलडीए गोमतीनगर में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया। नागरिक सुविधा दिवस पर मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी द्वारा जन शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया। जनसुविधाओं में बिजली, पानी, सड़क, भवन निर्माण, जल निकासी, यातायात, परिवहन एवं प्रदूषण जैसी समस्याएं दर्ज की गयी। नागरिक सुविधा दिवस में कुल 103 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमे से 25 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं, मंडलायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा के तहत आवश्यकतानुसार अन्तर विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए किया जाये। मण्डलायुक्त ने बताया कि लखनऊ महानगर के रहने वाले सामान्य जनों को दिन.प्रतिदिन जीवन से जुड़ी समस्याओं यथा बिजली, पानी, सड़क, भवन निर्माण, जल निकासी, यातायात, परिवहन एवं प्रदूषण आदि का सामना करना पड़ता है। सरकार द्वारा समस्याओं के निराकरण के लिए संवेदनशीलता पूर्वक अनेक प्रबन्ध किये गये हैं और इन समस्याओं से संबंधित विभाग. समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयासरत भी रहते हैं, किन्तु नगरीय क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कई कार्य इस प्रकार के होते हैं कि उसमें एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं की सहभागिता होती है, जिसकी जानकारी जन सामान्य को नहीं हो पाती है।

## सम्पत्ति के विवाद में विकलांग महिला हमला

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में एक बेटे ने सम्पत्ति हड़पने की नियत से अपने सालो संग मिलकर अपनी विकलांग बहन समेत मां व भाई पर हमला बोल दिया और अपनी मां गला दबा जान से मार देने का प्रयास करने लगा। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस को देख फरार हो गए। स्थानीय पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी भाई समेत उसके सालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी विकलांग बहन रोजमा बानो पुत्री मो असलम अपनी मां बहन व छोटे भाई अनीस संग रहती हैं। पीड़िता का आरोप है कि मेरे पिता की मृत्यु बाद बन्धन डेयरी के नाम से दुकान में मेरा छोटा भाई मो अनीस अपना व्यवसाय कर रहा था। उसी से हमारा खर्चा चल रहा था और यही एक दुकान पुरे परिवार का जीविकोपार्जन का स्रोत है। दुकान में मेरे बड़े भाई मो उमर की नियत खराब है और उसे हड़पना चाहते हैं। जबकि वह बटवारें में अपना हिस्सा ले चुके है। दुकान पर कब्जे की नियत से सोमवार रात बड़ा भाई उमर अपने साले मो मोईन और मो मोहसिन संग मिलकर दुकान में घुस कर मेरे भाई को मारा व मुझे व मेरी मां को गाली गलौच कर मारा। इस दौरान उनकी मां का गला दबाकर मारने का प्रयास किया एवं मेरी दुकान का सारा सामान तोड़ डाला और हमारी दुकान की पीछे से रातो रात दीवार काटकर कब्जा कर लिया है।

## शारदा नगर विस्तार में आवंटियों के लिए लगेगा 30 नवंबर से 7 दिसंबर तक कैम्प

**लखनऊ।** एलडीए अपनी शारदा नगर विस्तार योजना में निर्मित प्रधानमंत्री आवासों के आवंटियों को रजिस्ट्री के लिए सुनहरा अवसर देने जा रहा है। इसके अंतर्गत प्राधिकरण भवन के भूतल स्थित कमेटी हॉल में 30 नवंबर से 7 दिसंबर तक विशेष रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आवंटी एक ही पटल पर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए अपने भवन की रजिस्ट्री निष्पादित कराकर कब्जा प्राप्त कर सकेंगे। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शारदा नगर विस्तार में कुल 2200 आवास बनाये गये हैं। जिसमें 2200 आवासों में केवल 150 आवंटी ही अध्यासित मिले थे। बुधवार से कैम्प का शुभारम्भ किया जा रहा है जोकि 7 दिसंबर तक चलेगा। प्राधिकरण भवन के भूतल स्थित कमेटी हॉल में आयोजित होने वाले इस विशेष शिविर में समस्त सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इसमें आवंटियों को समस्त जानकारी देने के साथ ही अनुबंध व कब्जा निष्पादित करने की कार्यवाही पूर्ण करायी जाएगी।

## रेलवे ट्रेक पर मिला युवक का शव

**लखनऊ।** राजधानी के बंथरा इलाके में मंगलवार की सुबह हरौनी रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का कटा हुआ शव पड़ा मिला लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। बंथरा थाना क्षेत्र के हरौनी में मंगलवार की सुबह लखनऊ कानपुर रेलवे ट्रैक हरौनी रेलवे स्टेशन एवं सजनपुर फाटक के पास खंभा नंबर 20-19 के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष होगी। लखनऊ कानपुर मेमू से गिरकर मृत्यु हो गई। जिसकी शिनाख्त के लिए पुलिस ने काफी प्रयास किया लेकिन पता नहीं चल सका। बाहरी होने का अंदेशा पुलिस जता रही है। शिनाख्त के अन्य प्रयास भी पुलिस द्वारा किए जा रहे हैं।

## विवाहिता ने की आत्महत्या

**लखनऊ।** सरोजनीगनर थाना क्षेत्र में विवाहिता ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बंथरा थाना क्षेत्र के पिपहरी गांव निवासी कुलदीप यादव की पत्नी स्वाति 24 घरेलू कलह के चलते मंगलवार की रात अपने कमरे में दुपट्टा डालकर पंखे के हुक से लटक कर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी परिवार वालों को मंगलवार की सुबह हुई। जानकारी होने पर परिजनों ने इसकी सूचना बंथरा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन कर शव को कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि मृतक स्वाति की शादी लगभग चार साल पहले कुलदीप यादव से हुई थी। स्वाति ने किन कारणों से आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। इसका पता अभी नहीं चल सका। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार कब्जे से जेवरात बरामद

**लखनऊ।** मड़ियांव व डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम ने संयुक्त प्रयास से दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने चांदी के जेवरात तमंचा व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। बताया जा रहा है कि लुटेरों ने शहर के कई थाना क्षेत्रों में महिलाओं से पर्स व चेन लूट की घटनाओं को कारित किया है। अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी तभी सूचना मिली कि दो शातिर लुटेरे किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच घेराबंदी कर भाग रहे दोनों शातिरो को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम थाना दुबग्गा निवासी शहनशाह आलम बताया। पुलिस का कहना है कि यह सूनसान इलाके से निकलते हैं और पैदल जा रही महिलाओं को अपना निशाना बनाते थे।

# केजीएमयू भारत के डॉक्टरों को बीमारियों के सबूत तैयार करने में मदद करेगा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केजीएमयू** एक आधिकारिक प्रशिक्षण केंद्र है जो डॉक्टरों को विशेषज्ञों, रोगियों और देखभाल करने वालों से मिले इनपुट के साथ साक्ष्य तैयार करने के लिए दस्तावेज तैयार करने का प्रशिक्षण देता है। यह कोक्रेन के सहयोग से किया जाता है जो यूनाइटेड किंगडम में स्थित है और दुनिया भर में शीर्ष श्रेणी के चिकित्सा संस्थानों में इसके केंद्र हैं। कोक्रेन द्वारा उत्पन्न साक्ष्य का उपयोग विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा जनता के लाभ के लिए बीमारी, टीकों आदि के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए किया जाता है। केजीएमयू के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ) बिपिन पुरी द्वारा यह सूचित किया जाता है कि केजीएमयू हमारे देश की आवश्यकता के अनुसार कई बीमारियों के लिए साक्ष्य प्रदान करने के लिए नीति आयोग और अन्य, जैसे नीति निर्माताओं को समर्थन देने और मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहेगा। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. विनीत शर्मा, प्रोफेसर एके त्रिपाठी, डीन एकेडमिक और प्रो. ए पी टिक्कू, डीन डेंटल साइंसेज भी उपस्थित थे। 12 चिकित्सा संस्थानों से लगभग 160 प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया।



जल निगम के फील्डहास्टल में स्थित सभागार में विभिन्न परियोजनाओं को लोकार्पण करते नगर विकास मंत्री एके शर्मा

# मंडलायुक्त ने सिकंदराबाद चौराहे की जांच आख्या तलब की

**लखनऊ।** मंडलायुक्त द्वारा स्मार्ट सिटी की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य अभियंता को सिंकदरा बाद चौराहे की जांच आख्या तलब की गयी है। लाटुश रोड, टिकैत राय रोड पर सीवर चैंबर ठीक कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, मंडलायुक्त द्वारा स्मार्ट सिटी के कार्यों में रुचि लेकर करने क रने के लिए कहा गया है। वहीं लापरवाही बरतने वाले पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। मंगलवार को मंडलायुक्त डा रौशन जैकब की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में की गयी। इस बैठक में आयुक्त ने लखनऊ में चल रहे कार्यों का गहनता से समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत चल रहे कार्यों को रूचि लेकर किये जाये इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडलायुक्त ने सिकन्दराबाद चौराहे की जांच कर आख्या तत्काल प्रस्तुत किये जाने के लिए नगर निगम के मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया। स्मार्ट सिटी में 8 जंक्शन जो तैयार हो चुके है, उनका नगर निगम, लोक निर्माण विभाग के साथ निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिये गये।

# प्राणि उद्यान को जल्द ही कुकरैल में स्थानान्तरित किया जायेगा: वनमंत्री

## धूमधाम से मनाया गया नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान का 101वां स्थापना दिवस

- प्राणि उद्यान के गेट संख्या-2 पर स्थिति सेल्फी प्वाइंट का अनावरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नवाब** वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान का 101वां स्थापना दिवस बहुत धूमधाम से प्राणि उद्यान स्थित बारादरी लॉन में मनाया गया। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा अरूण कुमार ने प्राणि उद्यान के गेट संख्या-2 पर स्थिति सेल्फी प्वाइंट का अनावरण किया गया। एरिग्नार अन्ना जूलॉजिकल पार्क वेन्डलूर चेन्नई से आयी सफेद बाघिन को कराल में अवमुक्त किया गया। इस सफेद बाघिन को 15 दिन बाद दर्शकों के देखने के लिए प्रस्तुत किया जायेगा।

इस अवसर पर प्राणि उद्यान द्वारा तैयार की गयी वन्यजीवों एवं पक्षियों पर आधारित पॉकेट बुक का विमोचन किया गया। एमेकस एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा वन्यजीव एवं पर्यावरण पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर डॉ सक्सेना ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है क्योंकि आज हमें प्राणि उद्यान का 101वां स्थापना दिवस मनाने का मौका प्राप्त हुआ है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि प्राणि उद्यान में 88 प्रजातियों के लगभग 1000 से अधिक वन्यजीव उपलब्ध हैं। ऐसे में प्राणि उद्यान के वन्यजीवों के बाड़े और अधिक बड़े होने चाहिए परन्तु इस प्राणि उद्यान में इतनी अधिक जगह नहीं है। इसलिए इस प्राणि उद्यान को जल्द ही कुकरैल में स्थानान्तरित किया जायेगा, जिससे वन्यजीवों के रहने के लिए अधिक स्थान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का पूरा प्रयास है कि प्राणि उद्यान का 102वां स्थापना दिवस कुकरैल में मनाया जाए। मंत्री ने दिव्यांगजनों के लिए प्राणि उद्यान में स्थित स्पर्श गैलरी (ब्रेल) का जिक्र करते हुए कहा कि यह स्पर्श गैलरी दिव्यांगजनों के लिए बहुत उपयोगी है। एमेकस एकेडमी के विद्यार्थियों द्वारा वन्यजीव एवं पर्यावरण पर आधारित मंचित नुक्कड़ नाटक की प्रशंसा करते हुए कहा कि वन्यजीवों को मारने से खाद्य श्रृंखला खराब होती है जिसका प्रभाव हम सभी पर पड़ता है। जंगलों को काटने से वन्यजीव आबादी क्षेत्र में आते हैं और हम सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस लिए वन्यजीव एवं जंगलों का संरक्षण बहुत ही आवश्यक है। के पी मलिक ने कहा कि हमें सदैव ही प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए। आने वाले समय में यह प्राणि उद्यान नई ऊंचाईयों को प्राप्त करेगा। बच्चे जब मॉल जाते हैं तो उन्हें आधुनिकता का संदेश मिलता है परन्तु जब यह बच्चे प्राणि उद्यान आते हैं तो यह स्थल उन्हें प्रकृति से जोड़ता है। प्राणि उद्यान के कर्मचारियों के लिए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा प्राणि उद्यान के अधिकारी एंव कर्मचारियों को उनके किए कार्यों की सराहना करते हुए सम्मानित भी किया गया।


# महोना में 160 लाख रुपये की लागत से होगा नालों का निर्माण

**महोना, लखनऊ।** नगर पंचायत महोना में नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयासों से एक लाख साठ हजार रुपये की लागत से 45 नाला-नालियों का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए नगर विकास विभाग ने धन आवंटित कर दिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष एन इशरत बेग ने बताया कि नगर पंचायत महोना के विभिन्न वार्डो में जल निकासी के लिए 45 नाला-नालियों का प्रस्ताव सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अंतर्गत नगर विकास विभाग को भेजा गया था, जिसे शासन द्वारा स्वीकृत प्रदान कर दी गयी है। उक्त प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते हुए नगर विकास विभाग द्वारा 159.55 लाख स्वीकृत डीपीआर की धनराशि के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 40 लाख की धनराशि निर्गत कर दी गई है। बेग ने बताया कि 45 नाला नालियों के निर्माण से नगर पंचायत छेत्र में काफी हद तक जल निकासी की समस्या दूर हो जाएगी।

# पंचायतों में जनसेवा केन्द्र का संचालन करेंगे पंचायत सहायक

- गांव में ही मिलेगी 217 प्रकार की सेवाओं के आनलाइन आवेदन की सुविधा

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**पंचायतों** के विकास कार्यों का लेखा.जोखा रखने के साथ ही पंचायत सहायक अब जनसेवा केन्द्रों का संचालन कर आमदनी भी बढ़ाएंगे। पंचायत भवनों पर जनसेवा केन्द्र के जरिए 217 प्रकार की सभी सेवाएं लोगों को अपने गांव में ही आसानी से मिल सकेंगी। पंचायतराज विभाग ने इसके लिए आदेश जारी कर दिया है। जनसेवा केन्द्र संचालन के लिए डीपीआरओ के निर्देश पर सभी ग्राम पंचायतों में अलग बैंक एकाउण्ट खुलवाया जा रहा है। मोहनलालगंज समेत राजधानी के सभी ब्लाक की ग्राम पंचायतों में लोगों को अब आय-जाति निवास प्रमाण पत्र व सभी प्रकार की पेन्शन तथा राशनकार्ड आवेदन की सुविधा गांव में ही मिल जाएगी। वरासत से लेकर आयुष्मान कार्ड और जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए भी गांव में ही बेहद आसानी से आनलाइन आवेदन कराया जा सकेगा। सभी पंचायतों में जनसेवा केन्द्र के संचालन की जिम्मेदारी वीएलई के तौर पर पंचायत सहायक संभालेंगे। इसके लिए सभी पंचायतों में पंचायत ओएसआर के नाम से अलग बैंक एकाउण्ट खुलवाया जा रहा है। गांव के लोगों को विभिन्न योजनाओं के आवेदन के लिए महज 30 रुपये का सेवा शुल्क चुकाना होगा। ग्रामीण क्यू आर कोड के अतिरिक्त नकद भी सेवा शुल्क का भुगतान कर सकेंगे। पंचायतों में जनसेवा केन्द्रों का संचालन शुरु होने के बाद लोगों को आवेदनों के लिए मनमानी वसूली से भी निजात मिल जाएगी। पंचायतों में जनसेवा केन्द्र संचालन के लिए सभी पंचायत सहायकों को जिला सेवा प्रदाता की ओर से एक वालेट दिया जाएगा। जिसमें हमेशा एक हजार की धनराशि उपलब्ध रहेगी। पंचायत सहायक इसी वालेट से किसी भी आवेदन के सेवा शुल्क का भुगतान करेंगे। इस कार्य के लिए पंचायत सहायकों को हर आवेदन पर 5 रुपये मानदेय के अतिरिक्त मिलेंगे। पंचायतों में संचालित जनसेवा केन्द्र पर आवेदनों के सापेक्ष नकद जमा होने वाले सेवा शुल्क को पंचायत ओएसआर के बैंक एकाउण्ट में जमा किया जाएगा।

# डीएचएफएल के प्रमोटर वधावन बंधु की जमानत याचिका खारिज

- 60 दिन में विवेचना पूरी नहीं होने के आधार पर मांगी थी जमानत

**यूपीपीसीएल पीएफ घोटाला मामला**

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**उप्र** पावर कारपोरेशन लिमिटेड यूपीपीसीएल पीएफघोटाला मामले में निरुद्ध डीएचएफएल के प्रमोटर कपिल वधावन व धीरज वधावन की जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ के समक्ष याचिका दाखिल कर तय मियाद में विवेचना पूरी नहीं होने पर जमानत की मांग की गई थी। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि धारा 167 के तहत 60 दिन में आरोप पत्र दाखिल करने की समय सीमा ऐसे मामलों के लिए हैए जिसमें दस वर्ष से कम की सजा का प्राविधान है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन अपराधों में दस वर्ष या इससे अधिक की सजा का प्राविधान हैए वहां न्यायिक हिरासत की अवधि 90 दिनों की हो सकती है। एकल पीठ के समक्ष याचिकाकर्ताओं के वकील का तर्क था कि 26 मई 2022 को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 24 जुलाई 2022 को उनकी न्यायिक हिरासत के 60 दिन पूरे हो गए। लेकिन इस दौरान सीबीआई अपनी विवेचना पूरी कर उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल नहीं कर सकी है। लिहाजा सीआरपीसी की धारा 167 के तहत वह डिफॉल्ट बेल पाने के हकदार हैं। क्योंकि उन्हें 60 दिन से अधिक समय तक न्यायिक हिरासत में नहीं रखा जा सकता। सुनवाई के दौरान याचिका का सीबीआई की ओर से जोरदा विरोध किया गया। यूपीपीसीएल के 42 हजार कर्मचारियों के पीएफ फंड से 4122 करोड़ 70 लाख रुपए का अवैध निवेश डीएचएफएल कम्पनी में किया गया था। इसमें 2267 करोड़ 90 लाख रुपए का नुकसान हुआ।

## बिजली की चोरी में दुकान मालिक को डेढ़ साल की सजा

लखनऊ। ईसी एक्ट के विशेष जज पुष्कर उपाध्याय ने 14 साल पहले बिजली की चोरी करने के मामले में एक दुकान मालिक को दोषी करार दिया है। उन्होंने दुकान मालिक अरविन्द कुमार मित्तल को विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत डेढ़ साल की सजा सुनाई है। साथ ही इस पांच हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सात जून 2008 को इस मामले की एफ्आईआर विद्युत प्रर्वतन दल लेसा के निरीक्षक अविनाश चन्द्र पांडेय ने थाना कृष्णानगर में दर्ज कराई थी। वह अपनी टीम के साथ एलडीए कालोनी कानपुर रोड पर बिजली का कनेक्शन चेक कर रहे थे। इस दौरान एक मकान के नीचे कोल्डड्रिंक्स की दुकान, सेनेटरी व टाइल्स का गोदाम तथा पीसीओ में घरेलु बिजली का इस्तेमाल करते हुए पाया गया। जांच में तीन किलोवाट की बिजली चोरी पाई गई। विद्युत विभाग के विशेष वकील रवीन्द्र कुमार दुबे के मुताबिक अरविन्द को 51 हजार 551 रुपए का जुर्माना अदा करने को कहा गया लेकिन उसने असमर्थता व्यक्त की। विवेचना के पश्चात इसके खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 ई के तहत आरोप पत्र दाखिल हुआ।

## नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने जुर्माने की सजा के खिलाफ दाखिल की अपील

**लखनऊ (विसं)।** भाजपा के तत्कालीन प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह के एक बयान के विरोध में बिना अनुमति विधान सभा मार्ग अवरुद्ध करने के मामले में जुर्माने की सजा से दंडित मुल्जिम नसीमुद्दीन सिद्दीकी की ओर से सत्र अदालत में अपील दाखिल की गई। साथ ही अपील के निस्तारण तक जमानत मंजूर करने की मांग की गई। सत्र अदालत ने जमानत मंजूर करते हुए जुर्माने की धनराशि जमा करने का आदेश दिया। बीते 18 अक्टूबर को एमपी-एमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस मामले में बसपा के तत्कालीन पदाधिकारी नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत पांच मुल्जिमों को दोषी करार दिया था। नसीमुद्दीन के साथ ही बसपा के तत्कालीन पदाधिकारी राम अचल राजभर, मेवालाल गौतम, नौशाद अली व अतर सिंह राव को विधि विरुद्ध जमाव व सदोष अवरोध का दोषी करार देते हुए दो हजार 500 रुपए के जुर्माने से दंडित किया था। 21 जुलाई 2016 को इस मामले की एफआईआर सचिवालय चौकी प्रभारी विजय कुमार पांडेय ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी।

**राकेश सिंह राना बरी:** लखनऊ। एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने विजय जुलुस के दौरान हिंसा फैलाने के एक मामले में लविवि के तत्कालीन महामंत्री राकेश सिंह राना को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। 22 दिसंबरए 1987 को एसआई राजवीर सिंह त्यागी ने इस मामले की एफ्आईआर थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 30 नवम्बर 2022



# भानपुर नगर पंचायत में विकास की गंगा बहाने की हुई पहल

- 85.51 लाख की सात परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण
- भाजपा नेता और चेयरमैन पद के प्रत्याशी नितेश शर्मा ने काटा फीता

संवाददाता। बस्ती





**नवसृजित** नगर पंचायत भानपुर में विकास की गंगा बहाने की कवायद प्रारंभ हो गई। विकास के बहाने भाजपा इस नवसृजित नगर पंचायत पर अपना परचम लहराना चाहती है। इसी कड़ी में भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य और अध्यक्ष पद के उम्मीदवार नितेष षर्मा 15वां वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग सहित विभिन्न परियोजनाओं के 85.51 लाख की लागत के सात विकास कार्यों का लोकार्पण फीता काटकर किया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा लखनऊ से नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने भी लोकार्पण किया। यहां भानपुर नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सांसद हरीष द्विवेदी के करीबी एवं भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य नितेश शर्मा ने फीता काट कर लोकार्पण किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ( शहरी ) के तहत लाभार्थियों को आवास का प्रतीकात्मक चाभी सौंपा। भाजपा नेता नितेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार गांव को शहर बनाने के लिए नगर विकास विभाग के द्वारा निरंतर अनेक विकास कर रही है। जिसका सीधा लाभ आम जनमानस को मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा नेता अभिनव उपाध्याय, अनूप शुक्ल, एसडीएम भानपुर गिरीश चंद्र झा, परियोजना निदेशक डूडा एसडीएम अतुल आनंद, ईओ ऋच्चा सिंह जी, अविनाश मिश्र, राम भारत यादव, दिलीप पांडेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी अंशु देवी, दुर्गा देवी, मिस्लावती देवी, सरीफुन्निशा और सुशीला कुमारी को आवास का चाभी मिला।

### इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

1. उकड़ा तिराहे पर हनुमान मंदिर के पास स्थित पोखरी का वर्षा जल संचय हेतु निर्माण कार्य व सुंदरीकरण कार्य।
2. नगर पंचायत भानपुर में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य।
3. जगदीशपुर नौगढ़वा में भानु श्रीवास्तव के घर से संतराम मास्टर के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य।
4. जगदीशपुर नौगढ़वा में छोटू के दुकान से ननकू यादव के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य।
5. सिसवा बुजुर्ग में छोटेलाल के घर से उजागिर के घर होते हुए गोपाल के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य।
6. रुधौली भानपुर मार्ग से राधेश्याम कोटेदार के घर से विकास चौधरी के घर के पीछे तक होते हुए श्यामसुंदर के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य।
7. सिसवा खुर्द में देवेंद्र शुक्ला के घर से बब्बू शुक्ला के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य।

## क्विक न्यूज

### ठंड की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**रूरा, कानपुर देहात।** कस्बे के मुख्य तिराहे पर स्थित संकटमोचन हनुमान मॅदिर के सामने अधेड की मौत ठण्ड लगने से हो गयी।सूचना पर पहुॅचे रूरा चौकी ईंचार्ज मनजीत दयाल व पुलिस बल ने मृतक की शिनाख्त के हरसॅभव प्रयास किये शिनाख्त न होने पर उसके शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। वहीं सूचना पर देर शाम पहुॅचे मृतक के भाई पप्पू चौहान ने शव की शिनाख्त अपने भाई योगेन्द्र सिंह उर्फपप्पू पिंक्रर के रूप में की है। चौकी ईंर्चाज मनजीत दयाल ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुॅचने पर शव की शिनाख्त के प्रयास किये गये। शव की शिनाख्त न हो पाने पर शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। वहीं मृतक के भाई पप्पू चौहान पुत्र स्व0 मुॅशी सिंह निवासी वार्ड नं0 5 कृष्णानगर कस्बा व थाना डेरापुर ने थाने पहुॅच कर उसकी शिनाख्त अपने भाई योगेन्द्र सिंह उर्फपप्पू पिंक्रर के रूप में की है। पप्पू ने बताया कि मेरा भाई शराब का लती था 27 नवम्बर को अपनी पॅक्रर की दुकान का सामान बेंचने के बाद वह लापता हो गया था, सभी सम्भावित स्थानों पर खोजबीन की परन्तु उसका कुछ पता नहीं चल पाया, मॅगलवार की शाम को रूरा में अपने भाई के होने की सूचना पर पहुॅचे थे यहॅा मालूम हुआ कि उसकी मौत हो गयी है। चौकी ईंर्चाज ने बताया कि शव के पोस्टमार्टम के बाद उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

### विद्युत कर्मचारियों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार

**श्रावस्ती, भिनगा।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में अपर मुख्य सचिव ऊर्जाए उत्तर प्रदेश को संघर्ष समिति द्वारा विद्युत कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओ के निस्तारण को लेकर दिये गए 15 सूत्रीय मांग पत्र पर कोई भी निराकरण नही होने के चलते सभी ऊर्जा निगमो के समस्त अभियंताए अवर अभियंता व समस्त कर्मचरी 29 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। मुख्यालय भिनगा स्थित विधुत उपकेंद्र पर मंगलवार को प्रातः 8 बजे से जिले के सभी एसडीओ समेत समस्त विधुत कर्मचारी अनिश्चित कालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर धरने पर बैठ गए। इस दौरान विधुत कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर हाथों में स्लोगन की तख्तियां लेकर जमकर नारेबाजी की। शाम होते ही सभी कर्मी हाथों में मशाल लेकर ईदगाह तिराहे से परिवाहन निगम के बसअड्डे तक मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

### माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी भंग

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक मौलाना आजाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक महेश राम व संचालन जिला मंत्री गिरिजानंद यादव ने किया। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष के निर्देश पर जिला कार्यकारिणी भंग कर दी है, और नवीन जिला कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जिले का चुनाव अयोध्या के मंडलीय अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह की देखरेख में सम्पन्न होगा। बैठक को जिलाध्यक्ष/मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि हम नवीन कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष का चुनाव नही लड़ेंगे, बल्कि किसी संघनिष्ठ व्यक्ति को संगठन के जिलाध्यक्ष का दायित्व दिलाये जाने का प्रयास करेंगे। चुनाव तिथि की घोषणा निर्वाचन अधिकारी से वार्ता करके की जाएगी।

### भारत बंद की सूचना पर पहुंची पुलिस, रैली को रोका

**मेंहदावल।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को नगर के बीएमसीटी रोड पर स्थित ब्रह्मचारी मोहल्ले के पास 12 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील अध्यक्ष सुग्रीव विश्वकर्मा और जिला सचिव ब्रह्मानंद गौतम की अध्यक्षता में एकत्र हुए कार्यकर्ताओं ने रैली निकालने का एलान किया। इस पर जानकारी मिलने पर दो कॉन्स्टेबल पहुँच गए। कार्यकर्ताओं से रैली न निकालने की अपील की गई, लेकिन वार्ता विफल रही। मंगलवार को मेंहदावल नगर के ब्रह्मचारी चौराहे पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी इक्कठा हुए और हाथों में बैनर लिए भारत बंद की रैली निकालने लगे। इसकी सूचना पाने के बाद पुलिस पहुँची पुलिस ने रैली न निकलने के अपील की लेकिन वार्ता विफल रही फिर इसकी सूचना एसओ को दी गई उसके बाद सब इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार मौके पर पहुँचे और रैली निकालने की अनुमति पत्र मांगे लेकिन कार्यकर्ताओ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का हवाला देकर रैली निकालने के लिए दृढ़ रहे। इसके बाद प्रवीण कुमार ने तहसील अध्यक्ष सुग्रीव विश्वकर्मा की बात एसओ मेंहदावल से कराई। उसके बाद रैली निकालने की अनुमति दे दी गई। जब कि किसी तरह लिखित अनुमति उपजिलाधिकारी से नही ली गई थी। इस बारे में एसओ रविन्द्र सिंह ने कहा वार्ता की गई शांतिपूर्ण रैली निकालने का आश्वासन दिया गया और पुलिस के देख रेख में रैली 20 मिनट के अंदर समाप्त करा दी गई।

### दरोगा की पिस्टल चोरी करने वाला इनामिया मुठभेड़ में घायल

**फतेहपुर।** अपने साथियों के साथ मिलकर दरोगा की पिस्टल और कारतूस चोरी करने वाले एक बदमाश से जहानाबाद पुलिस व स्वाट टीम प्रथम की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट, एक तमंचा व तीन जिंदा कारतूस 9 एमएम, एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। मुठभेड़ की सूचना पर एसपी राजेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जांच की। थाना क्षेत्र के अब्दुलहेपुर गांव के पास जहानाबाद थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र और स्वाट टीम प्रभारी अनिरुद्ध सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद थे। तभी एक बाइक सवार पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया तो शातिर ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश ने पूछताछ में अपना नाम तौफीक कुरैशी पुत्र शकील कुरैशी निवासी चिश्ती नगर थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर बताया। एसपी राजेश सिंह ने बताया कि आरोपी लगभग एक सप्ताह पूर्व चौकी प्रभारी आजादनगर थाना विधनु कानपुर नगर की 9 एमएम की सर्विस पिस्टल व कारतूस अपने साथियों शेखू व फ़ैज़ के साथ चोरी की थी। जिसके संबंध में थाना बिधनू कानपुर नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। शेखू व फ़ैज़ को कानपुर पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर पिस्टल बरामद की थी। तौफीक कुरैशी फरार चल रहा था। तौफीक पर कानपुर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस अधीक्षक ने मुठभेड़ में पकड़ने वाली पुलिस टीम को बीस हजार का इनाम देकर सम्मानित किया है।

### भाकियू लोकशक्ति ने मनाया स्थापना दिवस

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति का पांचवा स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओ से संगठन मज़बूती के लिये किसानों व युवाओ को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया। मंगलवार को शहर के हरिहरगंज स्थित स्टार सिटी में भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह की अध्यक्षता में संगठन का पांचवा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला फर्मासिस्ट अधिकारी डॉ फ़क़ीरे लाल एवं संगठन के राष्ट्रीय महासचिव पप्पू रहे।

# सीधी टक्कर में डीसीएम चालक की मौत, क्लीनर घायल

- स्टेट हाइवे पर ब्लाक मुख्यालय के पास हुई दुर्घटना

संवाददाता। घाटमपुर



**मंगलवार** भोर पहर मूसानगर रोड पर ( स्टेट हाइवे ) बिपरीत दिशा से आ रहे ट्रक व डीसीएम में टक्कर हो गयी, टक्कर से डीसीएम की केबिन चिपक गयी, केबिन चिपक जाने से चालक व क्लीनर उसमें फंस गये, हादसे की सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पंहुची तथा केबिन में फंसे चालक-क्लीनर को बाहर निकला तथा इलाज के लिये सीएचसी भेजा जहाँ डाक्टरों ने चालक अच्छेलाल को मृत घोषित कर दिया तथा क्लीनर अरबिन्द ( 26 ) पुत्र मुन्नालाल निवासी बिलंन्धा थाना थरियांव जनपद फ्तेहपुर को प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरोंने उर्सला कानपुर के लिये रिफर कर दिया है। बताया जनपद फ्तेहपुर के गांव कउदर थाना असोथर निवासी अच्छेलाल ( 24 ) पुत्र मोतीलाल यादव अलीगढ से कुरकुरे के पैकेट लाद कर फ्तेहपुर जा रहा था और जैसे ही करीब 4 बजे ब्लाक कार्यालय के निकट पंहुचा कि तभी घाटमपुर से भोगनीपुर की ओर जा रहे ट्रक से टक्कर हो गयी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेला गया है।

# बारातियों को ले जा रही कार गाय से टकरायी, एक की मौत व छह घायल

संवाददाता। कायमगंज, फर्रुखाबाद





**शादी** समारोह में जा रहे युवकों की कार सड़क पर घूम रही गाय से टकराई । छः बाराती गंभीर घायल एक की दर्दनाक मौत। सभी को 108 एंबुलेंस द्वारा कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से तीन की हालत गंभीर होती देख लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया।

घटना देर रात 10:00 बजे की बताई जा रही है। बीती रात जिला कासगंज के पटियाली के गांव घोड़ा से बारात कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम पैथान के मजरा नगला दिशी आई हुई थी। बारात में कार संख्या यूपी 80 सी एफ 4140 पर सवार चरण सिंह;28वर्ष पुत्र हवलदार निवासी रुस्तमपुर पटियाली, राहुल;35 वर्ष पुत्र वीरेश कुमार निवासी नगला अब्दाल पटियाली कासगंज, सचिन;20वर्ष पुत्र सुरेश नगला शहजीत पटियाली कासगंज , राहुल पुंडीर;32वर्ष पुत्र सत्यभान मेन चौराहा पटियाली तथा गाड़ी मालिक एवं ड्राइवर नन्हे चौहान ;27वर्ष पुत्र छोटे चौहान व कमलेश;25 वर्ष पुत्र नेत्रपाल निवासी घोड़ा पटियाली तथा ऋषि;38वर्ष पुत्र महेश चंद्र निवासी सर्राफा मोहल्ला पटियाली कासगंज आर्टिका कार में सवार थे। जब यह कायमगंज. अलीगंज मार्ग पर स्थित ग्राम ब्राहिमपुर के पास पहुंचे । तभी इनकी कार के आगे एक गाय आ गई । जिससे इनकी कार गाय से टकरा गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार लगभग 3 से 4 पलटी लेते हुए दीवार से टकराई और खाई में जा गिरी। इस घटना से जहां एक तरफ6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । वही युवक ऋषि पुत्र महेश चंद्र की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि टक्कर लगने से गाय की भी मौत हुई है। मौके पर पहुंची कोतवाली कायमगंज पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस द्वारा कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है । वहीं मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए फ्तेहगढ़ भेजा है।

#### हृदयदय विदारक दुर्घटना से शहनाई की धुन मातम में बदली

**इस हृदय** विदारक दुर्घटना से शहनाई की धुन मातम में बदल गई चारों तरफ आंसू तथा सिसकियां सुनाई दे रही थी। मृतक ऋषि की मौत की सूचना पाकर कायमगंज सरकारी अस्पताल पहुंचे दुखी परिजनों का रो. रो कर बुरा हाल हो रहा था। ऋषि अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था। सबसे बड़े भाई मनोज की कोरोना काल में मौत हो चुकी है ।वही दूसरे भाई अतुलए व आशु तथा माँ सरला देवी एवं परिवार के अन्य लोगों का रो .रो कर बुरा हाल था।

बताया गया है कि ग्राम पैथान के मजरा नगला दिशी निवासी अमर सिंह की बेटी की बीती रात बारात आई थी। अचानक घटी घटना के बाद दुखी बाराती स्वागत सत्कार के लिए तैयार कराया गया भोजन बगैर किए ही आंखों में आंसू लिए गमगीन माहौल में वापस चले गए। दूल्हे. दुल्हन की भावरों व वैवाहिक कार्यक्रम की अन्य रश्मों को जल्दी.जल्दी पूरा किया गया ।

# घायलों की मदद करने वाले व्यक्तियों को शासन से मिलने वाले लाभों से लाभान्वित किया जाए : डीएम

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** नेहा जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुनीति की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयीए जिसमें सर्वप्रथम गत बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की प्रगति की समीक्षा की गईए बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अनुतोषण अधिनियम के तहत व्यक्तियों को लाभ प्राथमिकता पर दिए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गएए इससे प्रथक उन्होनें ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किये जाने के निर्देश दिएए जो दुर्घटना के दौरान घायल हो जाने वाले व्यक्तियों को अस्पताल तक ले जाने अथवा अन्य मदद करते हैं व उसकी जान बचाने में मदद की है उनके द्वारा किए गए सहयोग के तहत शासन द्वारा उपलब्ध दिए जा रहे लाभ से लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देश दिए गएए जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर उचित कार्रवाई की जाए एवं ज़ीघ्र ही उनको खत्म करने हेतु विशेष प्रबंध किया जाएं। बैठक में एआरटीओ प्रशासन मनोज वर्मा द्वारा कार्यों में रुचि न लेने तथा शिथिलता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फ्टकार लगाते हुए कार्यों में सुधार लाने एवं बुकलेट को अच्छे से तैयार करने हेतु निर्देशित किया गयाए एआरटीओ द्वारा बताया गया कि जनपद में 553 स्कूली वाहनों की जांच की गई हैए जिसमें 125 वाहन में फ्टिनेस ना पाए जाने पर उनको नोटिस जारी की गई है एवं सख्त हिदायत दी गई है की वाहनों की फ्टिनेस कर ही वाहनों को चलाया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर अतिक्रमण को हटाया जाए एवं सर्दी के चलते वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप अवश्य लगाएंए बैठक में यातायात नियमों के पालन की स्थिति तथा इस बिन्दु पर पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा कृत कार्यवाही पर विचार विमर्श किया गया। स्कूलों में संचालित वाहनों के फ्टिनेस परमिट एंव उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्देश मानकों के सम्बन्ध में यथोचित दिशा निर्देश दिए गएए उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबन्धक के साथ बैठक की जाए जिसमें स्कूल में आने वाले पार्किग की व्यवस्थाए स्कूल प्रारम्भ होने एंव छूटने के समय सारणी का इस प्रकार निर्धारण की विभिन्न स्कूलों के प्रारम्भ होने एंव छूटने में अन्तराल रहे। स्कूलों में यातायात नियमों के प्रशिक्षण की सूचनाए सीट बेल्ट एंव हेलमेट के सम्बन्ध में कृत कार्यवाहीए सड़क दुर्घटना होने की स्थिति में तुरन्त चिकित्सा सुविधा की उपलब्धता पर विचार विमर्शए हिट एण्ड रन दुर्घटना के मामले में सोलेशियम स्कीम 1989 के अन्तर्गत सहायक प्रदान की जाने की समीक्षाए ब्लैक स्पॉट के चिन्हांकन एवं सुधारात्मक कार्यवाही पर विचारए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की वाहनों कि स्थिति व उनके चालको की सम्बन्ध में समीक्षाए अतिक्रमण पर कृत कार्यवाही करने के साथ ही रिफ्लेक्टर व टेप लगाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गएए सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता उत्पन्न कराना जिसमें यातायत सुगम व सुरक्षित होए शिक्षा संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन हेतु वसूल किये जाने वाले अनुरक्षण व्यय को निर्धारित किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पांडेयए अपर जिलाधिकारी प्रशासन केशवनाथ गुप्तए अपर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसियाए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ए के सिंह आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विद्युत कर्मियों ने धरना प्रदर्शन कर उठाई आवाज

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में कर्मियों ने वेतन, प्रोन्नति पेंशन समेत अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। मंगलवार को शहर के हाइडिल कालोनी में उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में अध्यक्ष बुद्धराज व संयोजक राकेश कुमार पाल की अगुवाई में वेतन विसंगतियां, पेंशन आदि समस्याओं को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा धरना दिया गया। धरने को संबोधित करते हुए अध्यक्ष बुद्धराज ने कहा कि ऊर्जा निगम के लचर रवैये व नकारात्मक कार्यप्रणाली के चलते संगठन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य है। पुरानी पेंशन बहाली, सभी वर्तमान एव सेवा निवर्त विद्युत कर्मियों को कैशलेश चिकित्सकीय सुविधा, ऊर्जा निगम के सभी कर्मियों के लिये पावर सेक्टर इम्पलाइज प्रोटक्शन एक्ट लागू करना, सभी विद्युत कर्मियों एव अभियंताओं को पूर्व की भांति 9, 14 व 19 वर्षो में दी जाने वाली प्रोन्नति लागू किये जाने, सभी विद्युत कर्मियों एव संविधा कर्मियों को कई वर्षो से बकाया एरियर का भुगतान करने एवं कर्मियों व अभियंताओं की वेतन विसंगतियां दूर किये जाने की मांगे शामिल रही। संयोजक ई. राकेश कुमार पाल ने बताया की संगठन अपनी मांगों को लेकर गंभीर है यदि उसकी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया तो संगठन आर-पार की लड़ाई लड़ने का काम करेगा। इस मौके पर सचिव इ. नरेन्द्र नाथ, नीलेश मिश्रा, अधिशाषी अभियंता राजमंगल सिंह, अधिशाषी अभियंता बीड़ी गुप्ता, राकेश वर्मा, अधीक्षण अभियंता सैय्यद अब्बास रिज़वी, ई. कल्लू राम यादव, ई. गुलाब प्रजापति, ई. आदित्य त्रिपाठी, ई. फूलचन्द्र, ई. प्रभात यादव, ई. फूलचन्द्र, दीप नारायण आदि रहे।

# एसओजी के सहयोग से छावनी पुलिस ने पकड़ा कुख्यात चोर

संवाददाता। विक्रमजोत/बस्ती

**छावनी** थाना की पुलिस को बढ़ी कामयाबी मिली है। क्षेत्र के विक्रमजोत-टूटीभीटी मार्ग पर एक टाटा सफारी से भाग रहे संदिग्ध युवक की सूचना विक्रमजोत के अवधेश सिंह ढाबा पर चाय पी रहे थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडे को मिली। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी टीम बस्ती को दी छावनी पुलिस और एसओजी टीम को दी। संयुक्त प्रयास से क्षेत्र के हनुमानगंज तिराह से आगे नहर पुलिया (विकमजोत) के पास से अभियुक्त बजरंग बहादुर उर्फ सावन सिंह पुत्र राजप्रताप सिंह ग्राम करमचन्दपुर थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़ उम्र करीब 29 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया जिसके पास एक अदद अवैध तमन्चा 12 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर और 1950 रुपये बरामद हुई पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया। बता दें कि पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति टाटा सफारी कार से अमारी से विक्रमजोत की तरफ आ रहा है जिसके कार के आगे का नम्बर प्लेट टूटा हुआ है। तथा कार में बैठा व्यक्ति सन्दिग्ध लग रहा है। उसके पास कुछ अवैध समाग्री हो सकती है। थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडे एवं चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश मिश्रा की टीम ने विक्रमजोत -टूटीभीटी मार्ग पर हनुमानगंज तिराहे पर चेकिंग सुरू कर निगरानी करने लगे तभी एक टाटा सफारी कार बहुत तेजी आते दिखाई दिया। पुलिस के रोकने का प्रयास किया तो कार सवार युवक गाड़ी से उतरकर वापस पीछे की तरफ भागने लगा। जिसे सिपाहियों ने 10-15 मीटर दौड़ा कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति की पहचान 29 वर्षीय बजरंग बहादुर उर्फ सावन सिंह पुत्र राजप्रताप सिंह ग्राम करमचन्दपुर थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़ के रूप में हुई अभियुक्त के पास से एक अदद अवैध तमन्चा 12 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर , टाटा सफारी कार और नगद 1950 रुपये बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि कि मेरे पास अवैध असलहा था इसलिए गिरफ्तारी के डर से डर कर भाग रहा था। व बताया की मेरे दोनों साथी राजेश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह पुत्र नरसिंह बहादुर सिंह व सुनील वर्मा पुत्र अज्ञात द्वारा 27 अगस्त को हसीनाबाद थाना पैकोलिया मे एटीएम बदलकर पैसा निकाल कर पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गए थे थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडे ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध धारा 3/25 ितउे ।बज थाना छावनी जनपद बस्ती पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओजी टीम प्रभारी रोहित कुमार उपाध्याय विक्रमजोत चौकी प्रभारी ओम प्रकाश मिश्रा उप निरीक्षक वीरेंद्र यादव हेड कांस्टेबल राजाराम यादव, आनंद यादव, कांस्टेबल करमचंद, साजिद जमाल, गजेंद्र प्रताप सिंह, राहुल सिंह, सुनील चौहान शामिल रहे।

# मुसलमानों व दलितों के ऊपर चलाया जा रहा है बुलडोजरः श्रवण कुमार पटेल

- आवाज उठाने वालों को योगी सरकार भेज दे रही है जेलः डॉ. बीएल वर्मा
- घर बैठ कर नहीं हो सकती है लड़ाई : डॉ. मो. अय्यूब

संवाददाता। संतकबीरनगर



**उत्तर** प्रदेश में आज दलितों एवं अल्पसंख्यकों के ऊपर बुलडोजर चल रहा है जो आवाज उठाता है उसको जेल में बंद कर दिया जाता है। यह उत्तर प्रदेश के मगहर की धरती है और मैं कबीर दास जी का अनुयायी हूॅ। यहॉ हिन्दू हो या मुसलमान दोनों आपसी एक साथ रहते हुए भाईचारे का संदेश देते है। एक एआईएमआईएम का नेता है जो भाजपा प्रत्याशी को जिताने का काम करता है हम सभी को उसके झांसे में नहीं आना है और ऐसे लोगों से हमें सावधान रहने की जरूरत है। ये बातें जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद के प्रागंण में आयोजित सम्पूर्ण स्वराज रैली को संबोधित करते हुए श्रवण कुमार पटेल मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री (ग्रामीण विकास एवं संसदीय कार्य मंत्रालय) बिहार प्रदेश शासन ने कही। विशिष्ट अतिथि किसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 बी0एल0 वर्मा ने कहा कि सरकार है, स्वराज है लेकिन आधा अधूरा है तो कैसे है यह जानिए। हजारों वर्षो की गुलामी के बाद भारत वर्ष के इतिहास में सबसे बड़ा परिवर्तन सन् 1947 में आजाद हुआ और आजादी के बाद मिलने वाला भारत का संविधान है। इस संविधान को बनाने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पं0 जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आजाद, डॉ0 भीम राव अम्बेडकर सहित तमाम महापुरूषों ने अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि अभी आरपी चौधरी ने कहा है कि खेत में सॉड को मार नहीं सकते, खेत में कांटेदार कांटे नहीं लगा सकते है। क्योकि सांड को फसल खाने दो। यह क्यूं इसलिए की आप थोड़ा और गरीब हो जाओगे तो एक टुकड़े रोटी के लिए मोहताज जाओगे को तो इनकी सुनोगे। उन्होंने भाजपा पर वार करते हुए कहा कि एक पगड़ी वाले नेता ने देश में दो व्यक्तियों को चुना एक नाम अडानी और दूसरे का नाम अंबानी है। न जाने इनसे कौन सा रिश्ता है यह मैं नहीं जानता है लेकिन भारत वर्ष की जिनती भी संपत्ति है जैसे रेलवे, बीएसएनएल, हवाई जहाज, बंदरगाह, तेल कंपनिया, सड़के और अन्य जो भी है उन सबके मालिक कौन होंगे अडानी या अंबानी होगे। इस बढ़ती महंगाई व निजीकरण से गरीब व्यक्ति के लिए रोजी और रोटी दोनो मुश्किल होती जा रही है। विशिष्ट अतिथि पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 मोहम्मद अय्यूब ने कहा कि आज अगर आप चाहते तो उत्तर प्रदेश में यह सबसे बड़ी पार्टी होती और सरकार में आपकी हिस्सेदारी होती। घर बैठे चाहते है कि दूसरा हमारी लड़ाई लड़े तो यह संभव नहीं है। रैली को मौलाना राशिद उमर, इं0 इरफान प्रदेश प्रभारी, कलीमुल्लाह फैजी, मौलाना गुलजार, हुसैन आसनी प्रदेश महासचिव, अजूब हुसैन, जिलाध्यक्ष राधेश्याम पटेल, महिला जिलाध्यक्ष मीनू सिंह, मौलाना जहांगीर, मौलाना तनवीर, शफीक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रैली में अतिथियों का बड़ा माला पहनाकर कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 30 नवंबर, 2022



# आदि विशेश्वर की स्थापना पर हिंदू समाज एकजुट, भरी हुंकार

● वीडियो लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी




**विश्व बैदिक** सनातन संघ का संगठन विस्तार आज विश्व वैदिक स्नातक संघ की एक संगोष्ठी रथयात्रा स्थित एक निजी रेस्तरां में हुई इसमें वक्ताओं ने एक स्वर में पूर्व में मुगलों द्वारा कब्जा की गई सभी मंदिरों की जमीन को खाली कराने तथा आदि विशेश्वर ज्ञानवापी के रूप में स्थापना करने का संकल्प लिया बैठक को संबोधित करते हुए सिंगार गोरी ज्ञानवापी प्रकरण के वरिष्ठ अधिवक्ता मान बहादुर सिंह ने कहा कि न्यायालय में हिंदू पक्षों के द्वारा जानबूझकर मामले को लटकाया जा रहा है और अब जनता इस विषय की चर्चा करके जन जन तक पहुंचाना पड़ेगा। वही विश्व वैदिक सनातन संघ के अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी ने रीट पर पर प्रकाश डालते हुए पूरी पृष्ठभूमि को विस्तार से बताया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संतोष सिंह ने वैश्विक वैदिक सनातन संघ के आदि विश्वेश्वर ज्ञानवापी के प्रकरण में आर.पार की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया तथा वीडियो लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग की। कार्यक्रम में संगठन विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजित सिंह ने वाराणसी मंडल के लिए हरिश्चंद्र महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष शैलेंद्र पांडे कवि एडवोकेट तथा वाराणसी के जिला अध्यक्ष के लिए उदय प्रताप महाविद्यालय के छात्र संघ के पूर्व महामंत्री प्रवीण सिंह रघुवंशी एडवोकेट तथा वाराणसी महानगर अध्यक्ष के लिए अनुराग पांडे छोटू की घोषणा की वहीं महानगर संगठन मंत्री विकास की भी घोषणा हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धनाथ सिंह तथा संचालन बीएचयू के अजीत सिंह ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विंध्याचल चौबे भुनेश्वर द्विवेदी संदीप सिंह पिंटू अनूप सिंह राजेश्वर सिंह मुरलीधर पांडे ईश्वर चंद्र पांडे विमलेश पाठक अखंड सिंह पसत्यप्रकाश सिंह रत्नाकर पांडे ऋषि झिंगुर अन पंकज पांडे प्रदीप पांडे राजू जितेंद्र द्विवेदी गौरव सिंह पिंटू हजारी नारायण शुक्ला विद्युत प्रकाश पांडे अमित गुप्ता आकाश गुप्ता आशीष सुनकर जितेंद्र जयसवाल डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव जयसवाल आदि प्रमुख रूप से रहे।

## प्रदेश के किसानों को अधिक उपज देने की पहल

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के किसानों ने बताया कि श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स की ओर से पेश किए गए श्रीराम सुपर 5एसआर05 और 303 गेहूं बीज से उनकी उत्पादकता बढ़ी है लांच के बाद से ही श्रीराम सुपर5.एसआर.05 और 303 गेहूं बीज इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते उत्तर प्रदेश के किसानो में बेहद लोकप्रिय हो रहे हैं। अधिक तापमान और पीली रतुआ के प्रति सहनशीलता, कल्लों की संख्या अधिक, बड़े.सुनहरे दाने, उपयुक्त फसल की ऊंचाई और गिरने की समस्या कम होने के कारण ये उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और बिहार में गेहूं के किसानो की पहली पसंद बन रहे हैं। इसमें कई विशेषताएं देखने को मिली जैसे अधिक कल्लों की संख्या ए वज़नदार लंबी बालियांए 75.80 दाने प्रति बाली और अधिक उपज क्षमता। पौधे की उपयुक्त ऊंचाई 90 से.मी. होने की वजह से इसमें गिरने की शिकायत नहीं आती। इसमें अन्य किस्म तुलना में 5 क्विंटल प्रति एकड़ अधिक उपज प्राप्त हुई।

# ठंड से बचाने के लिए हो मुकम्मल इंतजाम

## स्व. चम्पालाल जायसवाल की स्मृति में, वितरित किया गया कंबल

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**ठंड के** मौसम के शुरुआती दौर को देखते हुए सामाजिक संस्था सुबह.ए. बनारस क्लब एंव लक्ष्मी हॉस्पिटल के बैनर तले संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी मुकेश जायसवाल, लक्ष्मी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक समाजसेवी डॉ अशोक कुमार राय, महासचिव राजन सोनी, उपाध्यक्ष अनिल केसरी, एंव उमेश जायसवाल, द्वारा पिपलानी कटरा पेट्रोल पंप के सामने स्थित हनुमान जी के मंदिर के पास बैठे असहाय, लाचार, गरीबों एवं आने जाने वाले जरूरतमंद राहगीरों के बीच हनुमान फाटक गोला निवासी स्वर्गीय चंम्पालाल जायसवाल की स्मृति में कंबल का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, डॉ. अशोक कुमार राय ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सुबह.ए.बनारस क्लब द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटने का कार्य क्रमवार रूप से शुरू किया जा चुका है। जो कि आगे भी निरंतर जारी रहेगा। संस्था द्वारा रातों में सड़कों में निकल कर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और पटरी पर ठंड मे सोने वाले जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। साथ ही साथ अपील किया गया कि यह कार्य बहुत ही पुनीत कार्य है। इसमें सभी सामाजिक संगठन बढ़ चढ़कर भाग लेएऔर असहाय लोगों के सहायतार्थ अपने यथाशक्ति जितना भी कंबल दान करना हो वह करें। उनके द्वारा किया गया कंबल दान किसी गरीब के लिए जीवन कारक बन सकता है। तथा नगर निगम प्रशासन से वक्त रहते रैन बसेरे भी व्यवस्थित करने के साथ लगातार बढ़ रहे ठंड के बीच गरीबों को इससे बचाने की मुकम्मल इंतजाम करने की मांग भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, डा. अशोक कुमार राय, महासचिव राजन सोनी, उपाध्यक्ष अनिल केसरी, उमेश जायसवाल शामिल थे।

## खंडहर में तब्दील हो गया है स्वास्थ्य कर्मियों का सरकारी आवास

**सकलडीहा/चन्दौली।** सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के समीप पूर्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन होता था। सीएचसी शुरू होने पर पीएचसी का सीएचसी में मर्ज हो जाने के कारण लाखों की लागत से बना पीएचसी केन्द्र व आवास खंडहर में तब्दील होगया है। जिसके कारण स्वास्थ्य कर्मी और डाक्टरों को आवास के अभाव में परेशानी उठानी पड़ती है। वर्षो पूर्व सकलडीहा कस्बा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण लाखों का लागत से हुआ था। जहां पर डाक्टर आवास के साथ स्वास्थ्य कर्मी का आवास से लेकर पीएचसी सेंटर पर मरीजों का इलाज होता रहा। सीएचसी का निर्माण होने से पीएचसी के डाक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को सीएचसी में मर्ज कर लिया गया। पीएचसी पर पूर्ण रूप से चिकित्सकी सुविधा बंद होने से लाखों की लागत से बनी डाक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों का आवास वर्षो से खंडहर में तब्दील हो गया है।

## वाराणसी में उप्र कांग्रेस कमेटी प्रयागराज प्रान्त की संगठनात्मक बैठक संपन्न

● प्रदेश पदाधिकारियों व जिला-शहर, फ्रंटल संगठन, प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की बैठक हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी




**राष्ट्रगान व** ध्वजारोहण के साथ वाराणसी में उप्र कांग्रेस कमेटी प्रयागराज प्रान्त की (संगठनात्मक-बैठक) हुआ। बैठक में प्रदेश पदाधिकारिगण व जिला/शहर अध्यक्षणो व फ्रंटल संगठन, प्रकोष्ठों के अध्यक्षणो की बैठक हुई बैठक में संगठनात्मक परिचर्चा, नगर-निकाय चुनाव के रणनीति के संदर्भ में व्यपाक चर्चा हुआ बैठक में प्रदेश के उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव व वाराणसी, सोनभद्र, चन्दौली, गाजीपुर, अमेठी, प्रयागराज, भदोही, जौनपुर, कौशाम्बी, मिर्जापुर, सुल्तानपुर जनपद के जिलाध्शहर अध्यक्षण, फ्रंटल संगठन व प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षण, जिला/शहर अध्यक्षण उपस्थिति रहे। संगठनात्मक-बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय किये। बैठक में संगठनात्मक विषय को प्रदेश संगठन सचिव अनिल यादव रखे। बैठक का संचालन वाराणसी महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे व स्वागत धन्यवाद ज्ञापन वाराणसी जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल ने किया।

## अन्नपूर्णा मठ मंदिर में धान की बालियों से अन्न की देवी का हुआ श्रृंगार





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**अन्न की** देवी भगवती अन्नपूर्णा का धान की बालियों से श्रृंगार किया गया। इन बालियों से मंगलवार को मध्याह्न भोग आरती के बाद माता के गर्भगृह में श्रृंगार हुआ।बीती रात में पूरे मन्दिर प्रांगण को सजाया गया। 13नवंबर से यह महा व्रत सुरू हुआ जिसका समापन मंगलवार को हुआ।

व्रत उद्यापन करने के लिए भक्तो का ताता लगा रहा। श्रद्धालुओ ने 21ए 51ए101और 501 परिक्रमा कर अपने मन्नतों की हाजरी लगाई। मां अन्नपूर्णा के दर्शन के लिए सुबह से मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। महंत शंकरपुरी ने बताया कि माता अन्नपूर्णा अन्न की देवी हैं। पूर्वांचल के किसानों की पहली फसल मां को अर्पित करते हैं। इन्ही धान की बालियों से माता का श्रृंगार किया गया। कई दशक से पूरे पूर्वांचल से किसान अपनी धान की बालियों को देवी के श्रृंगार के लिए भेजते हैं। मान्यता है कि नहीं होती धन्य धान्य की कमी। देवी के श्रृंगार में लगे इन धान की बालियों को श्रृंगार के अगले दिन प्रसाद स्वरूप भक्तों में विरतण किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि धान के इन बालियों को घर के अन्न के भंडारे में रखने से कभी अन्न की कमी नहीं होती है। काशी के पुराधिपति बाबा विश्वनाथ ने भी मां अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी। माता का ही आशीर्वाद है कि काशी में कभी भी कोई भूखा नहीं सोता है ।

## क्विक न्यूज

### पुरुष निभाएंगे जिम्मेदारी, परिवार नियोजन में करेंगे भागीदारी

**सोनभद्र।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 22 नवंबर से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा हैं यह दो चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण में दंपत्ति संपर्क अभियान चलाकर परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा हैं, जबकि दूसरे चरण में इच्छुक पुरुषों को नसबंदी की सेवा प्रदान की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस ठाकुर ने बताया कि पुरुषों में नसबंदी कराने को लेकर तमाम तरह की भ्रांतियां व्याप्त हैं, जो सही नहीं है। नसबंदी के बाद किसी भी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती है। बल्कि वैवाहिक जीवन और भी सुखमय हो जाता है। महिला नसबंदी की तुलना में पुरुष नसबंदी बहुत ही मामूली शल्य प्रक्रिया है। सीएमओ ने बताया कि पुरुष नसबंदी पखवाड़े के तहत जिला अस्पताल सहित नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को परिवार नियोजन में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व परिवार नियोजन के नोडल अधिकारी डॉ आरजी यादव ने बताया कि परिवार नियोजन में पुरुषों की सहभागिता को बढ़ाने पर बल दिया जाएगा। साथ ही जागरूकता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि चिकित्सा विभाग की ओर से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 2021- 22 के अंतर्गत जिले में 27 नवंबर तक मोबिलाइजेशन सप्ताह चलाया गया है। मोबिलाइजेशन सप्ताह के अंतर्गत पुरुष नसबंदी के बारे में समाज में जागरूकता लाने, परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने एवं पुरुषों की ओर से नसबंदी अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पुरुषों ने परिवार नियोजन अपनाया, सुखी परिवार का आधार बनाया की अवधारणा का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आयोजित मोबिलाइजेशन सप्ताह के अंतर्गत एएनएम एवं आशा कार्यकर्ता योग्य दंपति को गर्भ निरोधक साधन अपनाने के लिए चिन्हित व पंजीकृत कर रहे हैं। साथ ही उन्हें परिवार नियोजन के बारे में अन्य जानकारियां भी दे रहे हैं। विकास खंड चतरा के ग्राम पंचायत ढोढरी की रहने वाली शकुंतला ने बताया कि जनपद में स्वास्थ विभाग द्वारा चलाए जा रहे नसबंदी पकवाड़ा अभियान के अंतर्गत मिली जानकारी के बाद मैने नसबंदी कराई है मुझे कोई समस्या नहीं है। विकास खंड रावर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत कैथी के रहने वाले संतोष ने बताया कि परिवार नियोजन पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से मिली जानकारी के बाद मैने नसबंदी कराया अब मै पुरी तरह से स्वास्थ्य हूं मुझे कोई समस्या नही है।

### तीन सौ स्ट्रीट लाइटों से जगमग होगी नगर की सड़कें



**मीरजापुर।** नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल मंगलवार की दोपहर नगर के बथुआ तिराहे पहुँचे।जहा उन्होंने भूमि पूजन कर तीन सौ स्ट्रीट लगाने वाली योजना का शिलान्यास किया।बता दे पंडित दीन दयाल उपाध्याय आदर्श पंचायत योजना के अंर्तगत बरौंधा से बसही तक तीन सौ ख़म्बे और तीन सौ स्ट्रीट लाइट लगायी जाएगी।हर बीस मीटर पर एक चौबीस मीटर का खंबा लगाया जायेगा।बता दे नगर की सड़को को रोशन करने के लिये नपाध्यक्ष ने एक और बड़ा कदम उठाया है।नगर के बरौंधा तिराहे से लेकर बसही के शेमफोर्ड स्कूल तक सड़क के दोनों तरफलगभग तीन सौ खम्बे और तीन सौ स्ट्रीट लाइट लगायी जायेगी।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि जनता द्वारा इस रोड पर काफी अंधेरा होने के कारण स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की गयी थी।आज पंडित दींन दयाल उपाध्याय आदर्श पंचायत योजना अंतर्गत तीन सौ खम्बो और स्ट्रीट लाइट के लिये भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया है।नेशनल हाई वे होने के कारण प्राधिकरण से स्वीकृति लेने के बाद बरौंधा तिराहे से बसही के शेमफोर्ड स्कूल तक हर बीस मीटर पर ख़म्बे और लाइट लगाये जायेंगे।यह कार्य लगभग पैंतालीस दिनों में पूर्ण कर लिया जायेगा।जिससे राहगीरों को सुविधा मिलेगी और आवागमन सुचारू रुप से चल सकेगा। इस मौके पर बिन्द्रा प्रसाद विश्वकर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा उत्तर कुमार मौर्या, सभासदपति शिव कुमार पटेल, सभासद वीरेन्द्र तिवारी, सभासद राजेश सोनकर, सभासद सुरेश मौर्या, सभासदपति शिवनाथ बिन्द, पप्पू विश्वकर्मा, जलकल अभियंता सुधीर कुमार वर्मा, अवर अभियंता जटा शंकर पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

### निवेश मित्र योजना में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता पर करें निस्तारण: जिलाधिकारी

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में नवीन औद्यानिक स्थान निर्माणए रोलिंग बेलन मशीनए जाबवर्कए को प्रदूषण विभाग से राहत दिलाने औद्योगिक स्थानों में सड़को की मरम्मतए विद्युतए साफसफाई तथा निवेश मित्र योजना में प्राप्त प्रार्थना पत्रो को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के उद्यमियों के द्वारा उठाये गये मुद्दो व समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिया गया। उन्होने कहा कि निवेश मित्र योजना ष्एकल मेज व्यवस्थाष् में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर उद्यमियों को अवगत कराया जाय ताकि उन्हें इधर उधर भटकना न पड़ें। उन्होने कहा कि उद्यमियों के समस्याओं के निस्तारण के लिये प्रशासन हर सम्भव सहयोग प्रदान करेगा ताकि जनपद में नये उद्योग स्थापित कर क्षेत्र को विकास परक बनाया जा सकें। नवीन औद्यानिक अस्थान निर्माण ग्राम देवरी तहसील मड़िहान में चर्चा पर उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि उप जिलाधिकारी मड़िहान द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम देवरी कला तहसील मड़िहान की भूमि 20 हेक्टेयर को महिला पी0ए0सी0 बटालियन एवं अवशेष भूमि ग्राम न्याय पंचायत के नाम आवंटित कर दिया गया हैं। उद्यमी भोलानाथ पाण्डेय द्वारा बताया गया कि ग्राम पड़रा हनुमान तहसील सदर में खाली जमीन को प्राधिकरण के महायोजना में लेकर इंडस्ट्रीयल एरिया घोषित किया जाय जो नगर के उद्यमियों को काफी राहत मिलेगी जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नगर मजिस्ट्रेट को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में उद्यमियों द्वारा बताया गया कि प्रदूषण विभाग द्वारा नगर के कई रोलिंगध्बेलन मशीन को प्रदूषण के नाम पर बन्द करने का नोटिस जारी किया गया जिस पर जिलाधिकारी उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया गया कि प्रदूषण अधिकारी से सम्पर्क कर मामले का निस्तारण सुनिश्चित करायें। बैठक में गोसाईपुर विन्ध्याचल जर्जर रोड की मरम्मत एवं अतिक्रमण हटानेए डालमिया भारत ग्रीन विजन लिमिटेड की समस्या के निराकरणए एक जनपद एक उत्पादए सी0एफ0सी0 निर्माणए औद्योगिक स्थान पथरहिया में साफ सफाईए औद्योगिक स्थान रामपुर सिकरी में विद्युत कनेक्शन एवं सड़क मरमम्तए औद्योगिक स्थान पथरहिया में पोस्ट आफिस की स्थापना आदि बिन्दुओ पर चर्चा की गयी जिसे जांच कर निस्तारण का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएसए उपायुक्त उद्योग अशोकए अधिशासी अभियन्ता विद्युत सहित उद्यमी भोलानाथ पाण्डेय, मोहनदास अग्रवाल सहित अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहें।

# मेरा प्लास्टिक-मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत घरों पर टांगी गईं बोरियां

**संवाददाता।** सोनभद्र



**जिलाधिकारी चंद्र** विजय सिंह के आह्वान पर जनपद में सिंगल यूज प्लास्टिक के संकलन एवं निस्तारण के लिए चलाए जा रहे मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सभी 10 विकास खंडों के 629 ग्राम पंचायतों ने इस अभियान में लोगों को जागरूक करने एवं घरों पर बोरी टांगने में अपनी सहभागिता निभाई। ग्राम पंचायत घुवासखुर्द में घोरावल विधायक डा अनिल कुमार मौर्य और सदर प्रमुख अजीत रावत ने घरों पर बोरिया टांग कर प्लास्टिक के निस्तारण के लिए चलाए जा रहे अभियान की शुरुआत की। ग्रामवासियों को संबोधित करते कहा कि ग्राम पंचायतों में सिंगल यूज प्लास्टिक से गोवंश मानव स्वास्थ्य तथा प्रकृति को नुकसान हो रहा है, लोग प्लास्टिक का प्रयोग करने के बाद प्लास्टिक को खुले वातावरण में फेंक देते हैं जिससे प्लास्टिक में उपस्थित खाद्य सामग्री गोवंश खा लेते है जिससे वह बीमार पड़ते हैं और असामयिक रुप से मृत्यु भी हो रही है। प्लास्टिक नालियों में एवं तालाब में भरे पड़े रहते हैं ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी समस्या प्लास्टिक की है। इसके निस्तारण के लिए एक अभिनव पहल की शुरुआत की गई है जिसमें सभी घरों पर बोरी टांग कर घर के लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोग अपना प्लास्टिक उसी में डालें एवं माह के 20 से 25 तारीख तक अभियान चलाकर इसका निस्तारण कर लिया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह एवं खंड विकास अधिकारी उमेश सिंह द्वारा ग्राम पंचायत पकरी, नई एवं बरवन में अभियान की शुरुआत की। खुद घरों पर बोरिया टांग कर शुरुआत की गई एवं जनपद के सभी ग्राम प्रधान का आह्वान किया गया कि सभी प्रधान अपने ग्राम पंचायतों में नेतृत्व करते हुए ग्राम स्त्री सभी कर्मचारियों एवं गांव के लोगों के साथ हर घर में बोरी टांग कर प्लास्टिक के निस्तारण हेतु सब से अपील करें। माह के 20 से 25 तारीख तक अभियान चलाकर सभी बोरियों से प्लास्टिक का संकलन भी कराएं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अधिकारी विशाल सिंह खंड विकास अधिकारी उमेश सिंह सहायक विकास अधिकारी पंचायत कृपा शंकर शुक्ल डीपीसी अनिल केशरी उपस्थित रहे।

## बनवासी बस्ती पहुंचे अधिकारी, बीडीओ ने घर-घर किया निरीक्षण

**संवाददाता।** सकलडीहा/चन्दौली



**टिमिलपुर गांव** के दर्जनों बनवासी बस्ती की महिलायें सड़क के किनारे वर्षो से बच्चों के साथ झोपड़ी में रहने को मजबूर है। बीते दिनों जिलाधिकारी के सरोवर के निरीक्षण के दौरान बनवासी बस्ती की महिलायें पीएम व सीएम आवास और भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। डीएम ने एसडीएम और बीडीओ को बनवासी बस्ती पहुंचकर महिलाओं का मदद करने का निर्देश दिया था। पांच दिन भी अधिकारियों के नही आने से बनवासी बस्ती की महिलायें परेशान और झोपड़ी उजड़ने की डर से सहमी है। सोमवार को बीडीओ अरूण कुमार पांडेय टिमिलपुर बनवासी बस्ती पहुंचकर घर घर निरीक्षण किया। इस दौरान बनवासी परिवार को सुविधा मुहैया कराने का भरोशा दिया।

चंदौली से सकलडीहा वाया सैदपुर का सड़क के फोर लेन बनाने का काम शुरू हो गया है। टिमिलपुर गांव के मुख्य मार्ग पर वर्षो से रह रही दर्जनों बनवासी बस्ती की महिलाओं को झोपड़ी उजड़ने का डर सताने लगा है। सरोवर का निरीक्षण करने पहुंची डीएम ने एसडीएम और बीडीओ को बनवासी बस्ती पहुंचकर समस्या का निस्तारण करते हुए आवास और भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। पांच दिन बाद भी अधिकारियों के नही पहुंचने से महिलायें परेशान है। सोमवार को खबर को संज्ञान में लेकर बीडीओ अरूण कुमार पांडेय ने तीन स्तरीय टीम गठित कर बनवासी बस्ती में डोर टू डोर निरीक्षण किया। सचिव और प्रधान से बनवासी बस्ती के लोगों के बारे में डिटेल जानकारी देने का निर्देश दिया। देर शाम तक बीडीओ सचिव के साथ बनवासी बस्ती की महिला बच्चे और ग्रामीणों से मिलकर रिपोर्ट तैयार किया। इस बाबत बीडीओ अरूण कुमार पांडेय ने बताया कि तीन स्तरीय टीम के माध्यम से बनवासी बस्ती का डोर टू डोर निरीक्षण किया जा रहा है। रिपोर्ट तैयार होने पर जिलाधिकारी के माध्यम से बनवासीयों को सहयोग दिया जायेगा। इस मौके पर सचिव गणेश यादव, प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार, पंचायत सहायक राजू, बनवासी बस्ती की मल्लो देवी, यशोदा, बुद्धु, शिवपूजन, बहादूर आदि मौजूद रहे।

## गांव में ही समस्याओं का होगा निदान: डॉ. अनिल कुमार मौर्या



● घुआस खुर्द ग्राम पंचायत भवन का हुआ उद्घाटन

**सोनभद्र।** घोरावल विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्या ने मंगलवार को रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के घुआस खुर्द ग्राम पंचायत में नवनिर्मित पंचायत भवन का विधि विधान से पूजन अर्चन करने के साथ ही रिबन काटकर उद्घाटन किया। विधायक डॉ अनिल कुमार मौर्या ने कहा की केंद्र एवं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीबो के हित में लगातार काम कर रही है। गरीबों को गांव में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायतो में मिले इसके लिए ग्राम पंचायत सचिवालय बनाये जा रहे है। गरीब बेटियों की शादी करानी हो, पक्का आवास बनवाना हो या फिर ग्राम पंचायतो में बिजली पहुँचाने का काम हो वह सब सरकार कर रही है। ग्रामीण एक छत के नीचे ऑनलाइन सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे, ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने विधायक का स्वागत करते हुए सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला संचालन ग्राम प्रधान जय प्रकाश सोनी ने किया। इस मौके पर बीडीओ उमेश सिंह एडीओ पंचायत के पी शुक्ला राजेश मौर्या ज्योति तिवारी पार्वती वर्मा मुकेश अंकित सेंगेटरी अरुण कुमार चौधरी बीडीसी सगीता मौर्या गौतम चौहान ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## एबीपीएस में वार्षिक कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** सोनभद्र



**आदित्य बिड़ला** पब्लिक स्कूल रेणुसागर में वार्षिक कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें 400 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रदर्शनी के दौरान भौतिक विज्ञान रसायन विज्ञान जीव विज्ञान तथा कला एवं हस्तशिल्प विभाग के छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि रेणुसागर के यूनिट हेड व विद्यालय के अध्यक्ष के पी यादव ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्ज्वलित करके प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रेणुसागर के एचआर हेड व विद्यालय प्रबंधक शैलेश विक्रम सिंह उपस्थित रहे। प्रारंभ में विद्यालय की प्रधानाचार्या बिद्या चौटर्जी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद अतिथियों एवं अभिभावकों ने भौतिक विभाग रसायन विभाग और जीव विज्ञान विभाग द्वारा प्रस्तुत विज्ञान प्रदर्शनी तथा कला एवं हस्तशिल्प विभाग द्वारा प्रस्तुत कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके अंतर्गत स्मार्ट डस्टबीन ट्रेन दुर्घटना रोकथाम प्रणाली ऑटोमेटिक जेब्रा क्रॉसिंग बैंक सिक्योरिटी अलार्म स्टाकर स्टिक वर्षा जल संरक्षण लावा लैम्प व शुगर लैम्प जल से प्रज्ज्वलित दीप प्लास्टिक पुनर्चक्रण गणितीय लैम्प स्मार्ट हेलमेट पशुरोधी यन्त्र नदी सफाई यन्त्र इत्यादि मॉडल प्रस्तुत किए गए जिनका दर्शकों ने जिज्ञासापूर्वक अवलोकन किया। कला एवं हस्तशिल्प विभाग की ओर से विद्यालय के उद्यान में प्रदर्शित फोटो फ्रेम ग्लास पेंटिंग मधुबनी पेंटिंग वर्ली पेंटिंग गोंडवाना पेंटिंग पट्टचित्र पेंटिंग कचरा निर्मित कलाकृतियों तथा मिट्टी एवं सूखे पत्तों से निर्मित कलाकृतियों ने दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा इस प्रदर्शनी में भारतीय लोक चित्रकला बार्क वर्क मार्ल पेंटिंग पीवीसी पॉट कोस्टर इत्यादि दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर सुदीप्तो नायक परेश ढोले ललित खुराना हितेंद्र झा आरसी पाण्डेय सहित भारी संख्या में आगन्तुकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। विज्ञान प्रदर्शनी का निर्देशन समीर श्रीवास्तव राहुल दत्ता ए के मिश्रा रचना श्रीवास्तव एवं प्रीति श्रीवास्तव ने किया जबकि कला प्रदर्शनी का निर्देशन इंदु सिंह मैरी वोहरा और शाहीना एस ने किया। इसके अलावा कार्यक्रम के आयोजन में एमके मिश्रा एके सिंह आरती प्रसाद ए के गुप्ता एस बनर्जी सरिता जैन कल्याणी देवराजन वीके तिवारी इंदु तिवारी शैली हर्ष पीआर सिन्हा पीके पाण्डेय एलके अग्रवाल मनीष शर्मा पीयूष जोशी शिप्रा टंडन एके राय कौस्तव घोष एसके सिंह मनोरमा पाण्डेय के के चौधरी अंशुल सिंहल दीपशिखा विल्सन जोसेफ अजय रवानी जीसी सिंह जेके पाण्डेय आऊडी प्रजापति व सखाराम सहित सभी शिक्षकों एवं कर्चारियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन नंदिता रॉय बाउल ने किया।

## चीन का घटनाक्रम

### जनता का विद्रोह


**चीन** के घटनाक्रम से स्पष्ट है कि अत्याचारी तानाशाहियों में भी जनता उतनी निरीह नहीं होती है जितनी उसके शासक समझते हैं। कुछ सप्ताह पहले अगले पांच साल के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव चुने जाने पर शी जिनपिंग सामंती चीन द्वारा इस मध्यवर्ती कहे जाने वाले देश में सर्वोच्च स्तर पर पहुंच कर जैसे सातवें आसमान में उड़ रहे थे। वे चीन के राष्ट्रपति तथा देश के केन्द्रीय सैनिक आयोग के प्रमुख भी हैं। संक्षेप में, देश की सारी शक्तियां उनके हाथों में केन्द्रित हैं। दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था व शक्तिशाली सेना के समर्थन तथा विरोधियों को क्रूरता से कुचलने के बाद वे अपने देश में सीज़र की तरह हैं तथा देश पर पूरा नियंत्रण प्राप्त करने के बाद अब दुनिया पर कब्जे की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने इस माह के प्रारंभ में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए को युद्ध की तैयारी में 'अपनी सारी ऊर्जा युद्ध लड़ने पर केन्द्रित करने' को कहा था। उन्होंने कहा था कि पीएलए को 'युद्ध की तैयारी के लिए समग्र रूप से सैनिक प्रशिक्षण मजबूत करना' चाहिए। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीसीपी की जिस कांग्रेस में उनको पुन: महासचिव चुना गया, उसमें भी उन्होंने क्षितिज पर उभरते 'खतरनाक तूफानों' के बारे में सतर्क किया था। वे अपने रूसी समकक्ष व्लादीमिर पुतिन से 'दुनिया के सबसे खतरनाक व्यक्ति' बनने की स्पर्धा में लगे थे। लेकिन आज शी जिनपिंग अपने ही नागरिकों को नियंत्रित करने में विफल हो रहे हैं जिनको कम्युनिस्ट शब्दावली में 'जनता' कहा जाता है। देश के लोगों को शी जिनपिंग व उनके सीसीपी के मुहरे बहुत मामूली समझते थे। वे समझते थे कि उनको विस्थापन, निगरानी, गिरफ्तारी, अत्याचार व मृत्यु दंड का शिकार बनाया जा सकता है। लेकिन आज लोगों ने उस अत्याचार के खिलाफ विद्रोह कर दिया है जिसका सामना वे खासकर कोविड-19 महामारी फूटने के बाद से कर रहे थे।




एक खबरिया रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को चीन के बड़े शहरों में सैकड़ों लोगों ने मूर्खतापूर्ण व कष्टदायक शून्य-कोविड नीति के खिलाफ प्रदर्शन किए जो 'राज्य के खिलाफ जनता के गुस्से की विरल अभिव्यक्ति' थी। शंघाई में एकत्र भीड़ ने 'चीनी कम्युनिस्ट पार्टी मुर्दाबाद' व 'शी जिनपिंग मुर्दाबाद' के नारे लगाए। शून्य-कोविड नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन न केवल दूसरे शहरों में फैल गए, बल्कि उन्होंने अमानवीय तानाशाही के खिलाफ आम प्रतिरोध का रूप भी धारण कर लिया। लोग दशकों से इस तानाशाही का सामना कर रहे हैं जो कोरोना महामारी के बाद और क्रूर हो गई है। शून्य-कोविड नीति पूर्णत: मूर्खतापूर्ण है। यह उसी प्रकार है जैसे कहा जाए कि जब तक इन्फ्लूएंजा का कोई मामला रहेगा दिल्ली में लाकडाउन रहेगा क्योंकि कोविड अब इन्फ्लूएंजा की तरह ही केवल एक बीमारी रह गया है। इससे लोग संक्रमित हो सकते और मर भी सकते हैं, लेकिन अब यह वैश्विक महामारी नहीं है। लेकिन यह तानाशाह की अनेक समस्याओं में से केवल एक है। तानाशाह व उसके कर्मचारी समझते हैं कि वे सब कुछ जानते हैं कि क्या हो रहा है तथा क्या होना चाहिए। वास्तव में व्यक्तिगत स्वतंत्रता की विरोधी विचारधारा वाले देशों में 'चाहिए' पर ज्यादा जोर दिया जाता है, फिर चाहे वह चीन हो या ईरान। चीन में कम्युनिस्ट नौकरशाह तय करते हैं कि जनता को सभी स्थितियों में क्या करना चाहिए। इसमें बीमारी फैलने का मामला भी शामिल है जब वे अपनी पसंद व सनक पूरी क्रूरता से लागू करते हैं। ईरान में विशिष्ट वर्ग के धर्मगुरु तय करते हैं कि महिलाओं को क्या पहनना या नहीं पहनना चाहिए और इसके बाद वे अपने आदेशों को कठोरता से लागू करते हैं। लेकिन अत्याचारी यह नहीं समझते हैं कि आज के युग और समय में जब सूचना का मुक्त प्रवाह हो रहा है, लोग पहले की तरह  व तानाशाहों की सोच की तरह दब्बू व निरीह नहीं हैं।

# समाज सुधारक महात्मा फुले

महात्मा फुले की 132वीं पुण्यतिथि पर हम इस अतुलनीय समाज सुधारक को याद कर रहे हैं जिन्होंने जाति-विहीन समाज तथा किसान अधिकारों हेतु संघर्ष किया।



**बंडारू दत्तात्रेय**
(लेखक हरियाणा के राज्यपाल हैं)



महात्मा ज्योतिबा गोविंदराव फुले शिक्षा व सामाजिक सुधारों के माध्यम से वंचित वर्गों के लिए किए महान कार्यों के कारण हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। वह समय बहुत कठिन था जब उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों व खासकर महिलाओं के सशक्तीकरण का बीड़ा उठाया। अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले की सहायता से उन्होंने उनमें शिक्षा प्रसार का प्रयास किया। सभी विपरीत परिस्थितियों, चुनौतियों व कठिनाइयों का सामना करते हुए वे मजबूती से उस घोर अन्याय के समक्ष खड़े हुए जिसका सामना अश्पृश्यता के कलंक का मुकाबला करने वाले एससी, एसटी व ओबीसी एवं अन्य हाशियाकृत वर्गों को करना पड़ता था। मानव इतिहास में उनके विराट व्यक्तित्व की तुलना कुछ ही लोगों से की जा सकती है। महात्मा फुले ने शिक्षा व सामाजिक सुधार का प्रयोग औजारों की तरह कर सामाजिक न्याय, समानता व महिला सशक्तीकरण की ज्योति जलाई तथा जाति के आधार पर निर्मम अत्याचारों का सामना कर रहे असंख्य वंचित लोगों के लिए प्रकाश पुंज की तरह उभरे। निस्वार्थ तरीके से वंचितों की सेवा व उनको ऊपर उठाने की उनकी प्रतिबद्धता इतनी प्रेरणादायक व आकर्षक थी कि लोगों ने उनको 'महात्मा' कह कर उनकी प्रशंसा की।

वंचितों पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ महात्मा फुले की प्रतिबद्धता मुझे अत्यधिक प्रभावित करती है। उन्नीसवीं शताब्दी हमारे इतिहास का कठिन समय था, हालांकि उस समय समाज में बहुत मंथन चल रहा था। 11 अप्रैल, 1827 को महाराष्ट्र के सतार में 'माली' जाति के एक सामान्य परिवार में जन्म लेने के बाद उन्होंने जाति-आधारित भेदभाव के खिलाफ अभियान छेड़ा। उनके पिता गोविंदराव पूना में सब्जी बेचते थे। थामस पेन की पुस्तक 'द राइट्स आफ मैन' से प्रभावित महात्मा फुले का विश्वास था कि सभी प्रकार की सामाजिक बुराइयों का मुकाबला ही महिलाओं तथा नीची जातियों के उत्थान का मार्ग था। वे समाज में जाति-आधारित भेदभाव के कट्टर विरोधी तथा किसानों व अन्य नीची जाति के लोगों के अधिकारों हेतु संघर्ष करने वाले थे। उन्होंने सबसे पहले अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को शिक्षित किया। सबसे पहले उन्होंने पूना में तत्यासाहब भिड़े के आवास में लड़कियों के लिए पहला स्कूल 1848 में शुरू किया। सावित्रीबाई फुले को हमारे देश की पहली महिला शिक्षक माना जाता है। यह एससी, एसटी व ओबीसी लोगों के जीवन में नया सवेरा था जब उनके बच्चों व खासकर लड़कियों की शिक्षा तक पहुंच नहीं थी। महात्मा फुले के अनेक जीवन प्रसंग आज भी न्यू इंडिया-दृढ़, समावेशी व आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रासांगिक हैं। 'न्यू इंडिया' का विचार महिलाओं समेत सबके सशक्तीकरण पर केन्द्रित है। महात्मा फुले ने सामाजिक समानता, महिला सशक्तीकरण तथा एससी, एसटी व ओबीसी हेतु शिक्षा प्रसार के लिए अथक प्रयास किए। उनका दृष्टिकोण संयुक्त राष्ट्रसंघ के टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी को भी समाहित करता है। एसडीजी का उद्देश्य गरीबी व भूख का उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य व बेहतरी सुनिश्चित करना तथा अन्य चीजों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व जेंडर समानता सुनिश्चित करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज 'सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास' के रास्ते पर चल रहा है जिसकी कल्पना महात्मा फुले व उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने की थी। आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का क्रियान्वयन टिकाऊ आधार पर शहरी गरीब परिवारों में गरीबी व वंचना घटाने के लिए कर रहा है। 2014-15 से 30 जून, 2022 तक 12.02 लाख शहरी गरीबों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है ताकि उनकी रोजगार क्षमता बढ़े। इनमें से 6.42 लाख से अधिक कुशल प्रशिक्षितों को स्व-रोजगार या नौकरियां मिली हैं। इसी प्रकार दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनों के माध्यम से सक्रिय रूप से ग्रामीण गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों-एसएचजी में संगठित कर भयानक गरीबी से बाहर निकलने में सहायता की गई है। 30 जून, 2022 तक लगभग 8.39 करोड़ ग्रामीण गरीब महिलाओं को 76.94 लाख एसएचजी के माध्यम से संगठित कर उनको 30,160 करोड़ रुपये कर्ज दिया गया है।

'स्टैंडअप इंडिया' योजना के अंतर्गत एससी, एसटी व महिला उद्यमियों के 133,995 खाते खोले गए। उद्यमिता से सुनिश्चित होगा कि गरीब अमीर बन जाएंगे। किसी भी स्थिति में हम गरीबों को और गरीब नहीं होने देंगे। इसी कारण केन्द्र तथा राज्यों की सरकारें पूरी ताकत से काम कर रही हैं कि कोई पीछे न छूट जाए। लेकिन हमें यह ध्यान देने की जरूरत है कि न्यू इंडिया के लिए कल्याण कार्यक्रमों का पूर्ण व सकारात्मक क्रियान्वयन हमारे दिल में हो। एससी, ओबीसी, ईबीसी व एसटी के आरक्षण के प्राविधान को पूरी तरह देश भर में लागू होना चाहिए। इसी प्रकार बीच में ही स्कूल छोड़ने वालों पर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि उनमें से बहुसंख्य समाज के कमजोर वर्ग से होते हैं। यूनीफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फार्मेशन सिस्टम फार एजुकेशन प्लस के अनुसार, प्राथमिक छात्रों में ड्रापआउट 2020-21 में 0.8 प्रतिशत से बढ़ कर 2021-22 में 1.45 प्रतिशत हो गई। सेकेंड्री स्तर पर ड्रापआउट 14.6 प्रतिशत था। हालांकि, 2019-20 में 16.1 प्रतिशत की तुलना में स्थिति सुधरी है, पर लाखों छात्र आज भी शिक्षा व्यवस्था के बाहर हैं। इसके परिणामस्वरूप उच्च शिक्षा में हमारा सकल दाखिला अनुपात 30 प्रतिशत से भी कम है। गरीब बच्चों में कुपोषण की प्रवृत्ति को देखते हुए उनको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही पोषक भोजन देने की जरूरत है।

उनके लिए माडल स्कूल बनाना अच्छा रहेगा। सरकारें हम में से गरीबों के सशक्तीकरण का प्रशंसनीय काम कर रही हैं, पर अन्य पक्षों को भी सामने आ कर गरीबों के कल्याण की सकारात्मक नीतियों के लिए आंख और कान का काम करना चाहिए। ऐसा होने पर ही सामाजिक समानता व न्याय का सपना पूरा होगा। महात्मा फुले तथा उनका 'सत्यशोधक समाज' वंचित जातियों व समुदायों के लिए समान अधिकारों की पैरोकारी करता था। इसकी अभिव्यक्ति समानता, न्याय, बंधुत्व व मुक्ति के रूप में होती है जो हमारे लोकतंत्र के मुख्य आधार हैं। वास्तव में यह खुशी की बात है कि कई राज्यों ने प्राइमरी व सेकेंड्री स्तर पर ड्रापआउट पर लगाम लगाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उदाहरणार्थ, हरियाणा सरकार ने स्कूल से बाहर छूटे छात्रों को मुख्यधारा में लाने की प्रक्रिया शुरू की है। हमें एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाते हुए एससी, एसटी व ओबीसी छात्रों को विशेष कौशलों से लैस करना चाहिए ताकि उनकी आमदनी भी बढ़ सके। अमीरों के और अमीर बनने की तुलना में गरीबों को अमीर बनाना ज्यादा महत्वपूर्ण है। वंचितों में महिलाओं तथा अति पिछड़े समुदायों-ईबीसी के समग्र सशक्तीकरण पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए।

शिक्षा के बावजूद उनके खिलाफ अत्याचार एक गंभीर मुद्दा है। नए प्रकार की सामाजिक असमानतायें उभर रही हैं। महिलाओं को संसद व राज्य विधानसभाओं में अपना उचित हिस्सा भी मिलना चाहिए। महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपने विचारों को बहुत शानदार तरीके से अपने लेखन से प्रस्तुत किया है जिनमें 'गुलामगीरी' व 'शेतकार्याचा आसूद'-किसानों की समस्यायें प्रमुख हैं। 28 नवंबर, 1890 को उनका निधन हो गया, पर उनके आदर्श तथा जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण हमारे लिए हमेशा प्रासांगिक बने रहेंगे। वास्तव में वह समय सर्वाधिक कठिन था जब हम एक राष्ट्र के रूप में बचे रहे। हालांकि, हमें जाति-आधारित पृथक्करण व भेदभाव का भारी खामियाजा भुगतना पड़ा। महात्मा ज्योतिबा फुले के अग्रणी प्रयासों ने एक समावेशी, सहिष्णु व उदार भारत की नीव डाली जिसमें हम आज रह रहे हैं। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम 'आजादी का अमृत महोत्सव' आयोजन का प्रयोग एक समावेशी व जीवन्त भारत बनाने के लिए करें जिसका सपना महात्मा ज्योतिबा फुले ने देखा था।

# स्वास्थ्य रक्षा में सहायक रोबोटिक्स

"रोबोटिक्स पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं में एक आदर्श बदलाव ला रहा है। आने वाले वर्षों में रोबोट तकनीक का प्रयोग और अधिक होने की उम्मीद है।"

**विनीत अग्रवाल**
(लेखक एक स्वाथ्यरक्षा समूह के सीईओ हैं)



कुछ साल पहले तक, इस विचार की थाह लेना असंभव था कि स्वास्थ्य सेवा संगठनों के प्रबंधन के तरीके में रोबोट का इस्तेमाल सहायक हाथों के रूप में किया जा सकता है। कुछ दशकों में तेजी से आगे बढ़े और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने रोबोटिक्स को इस हद तक विकसित किया है कि स्वास्थ्य देखभाल संगठन अब रोगी की देखभाल, अपशिष्ट में कमी और लागत बचत और संगठनों के भीतर दक्षता के लिए इस पर विचार कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स जैसी उन्नत डिजिटल तकनीकों द्वारा संचालित स्वचालन नीरस और दोहराव वाले कार्यों को स्वचालित करके स्वास्थ्य पेशेवरों की दक्षता बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है, लेकिन विस्तार पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

इसके अतिरिक्त, रोबोटिक्स नर्सों, डॉक्टरों और संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों सहित स्वास्थ्य कर्मियों की कमी से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवा संगठनों की सहायता भी कर सकता है। स्वास्थ्य देखभाल में रोबोटिक्स का उपयोग सरल प्रयोगशाला कार्यों से लेकर जटिल सर्जरी तक होता है जो स्वयं ऑपरेशन कर सकते हैं या मानव सर्जन की सहायता कर सकते हैं। उनका उपयोग पुनर्वास और भौतिक चिकित्सा के लिए और दीर्घकालिक स्थितियों वाले रोगियों का समर्थन करने के लिए भी किया जा रहा है। वैश्विक चिकित्सा रोबोटिक्स बाजार के 2023 तक 20 बिलियन तक पहुंचने की उम्मीद के साथ, यहां स्वास्थ्य सेवा में रोबोटिक्स के आशाजनक अनुप्रयोगों पर एक नजर है।



गति नियंत्रण प्रौद्योगिकियों की प्रगति ने सर्जिकल-सहायता रोबोटों को और अधिक सटीक बनने में सक्षम बनाया है। ऐसे रोबोट सर्जनों और डॉक्टरों को कंप्यूटर दृष्टि से सक्षम और एआई-सक्षम तकनीकों के साथ जटिल सर्जिकल प्रक्रियाओं को करते हुए उच्च स्तर की सटीकता और गति प्राप्त करने में सहायता कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, घुटने और कूल्हे के प्रतिस्थापन जैसी सामान्य आर्थोपेडिक सर्जरी करने के लिए रोबोट को भी पूर्व-क्रमादेशित किया जा रहा है। हेल्थकेयर संगठन एएमआर को तेजी से लागू कर रहे हैं ताकि टेलीप्रेजेंस, चिकित्सा आपूर्ति और दवा की डिलीवरी, कीटाणुशोधन जैसी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के साथ-साथ रोगियों के साथ अधिक समय बिताने के लिए पेशेवरों को मुक्त किया जा सके। जब मैपिंग क्षमताओं, विज़ुअल कंप्यूटिंग या (लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग) सिस्टम से लैस होते हैं, तो वे अस्पताल या परीक्षा कक्षों को स्वयं नेविगेट कर सकते हैं, जिससे डॉक्टर सुरक्षित दूरी से बातचीत कर सकते हैं। जब एक दूरस्थ विशेषज्ञ द्वारा नियंत्रित किया जाता है, तो एएमआरएस चिकित्सकों के साथ भी जा सकता है क्योंकि वे अस्पताल में चक्कर लगाते हैं, जिससे एक विशेषज्ञ को रोगी की देखभाल और निदान के संबंध में ऑन-स्क्रीन परामर्श के माध्यम से योगदान करने की अनुमति मिलती है। कुछ रोबोट मरीजों के चेक-इन से पहले स्वास्थ्य सेवा संगठनों की सहायता भी कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, मेक्सिको में विकसित एक स्वायत्त रोबोट चिकित्सा कर्मचारियों को उच्च जोखिम वाले कोविड रोगियों से निपटने में मदद कर रहा है। यह अस्पताल में आने पर हर मरीज का मेडिकल इतिहास, तापमान और रक्त ऑक्सीजन का स्तर लेकर उसका परीक्षण करता है। सामाजिक रोबोटों का लाभ यह है कि वे मनुष्यों के साथ सीधे बातचीत कर सकते हैं। निगरानी और सामाजिक संपर्क प्रदान करने के लिए इन रोबोटों का दीर्घकालिक देखभाल परिदृश्यों में उपयोग किया जा सकता है। वे रोगियों को उनके उपचार के नियमों का पालन करने में मदद कर सकते हैं या संज्ञानात्मक जुड़ाव में योगदान कर सकते हैं, जिससे उन्हें सतर्क और सकारात्मक रहने में मदद मिलती है। सेवा रोबोट नियमित रसद कार्यों को स्वचालित करके स्वास्थ्य पेशेवरों पर बोझ कम करते हैं। अधिकांश सेवा रोबोट स्वायत्त रूप से कार्य कर सकते हैं और कार्य पूरा करने के बाद रिपोर्ट भी भेज सकते हैं। रोबोट रोगी के कमरे स्थापित करने, आपूर्ति पर नज़र रखने, खरीद आदेश दाखिल करने, चिकित्सा आपूर्ति को बहाल करने और बिस्तर के लिनन को कपड़े धोने की सुविधा से परिवहन करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, वे कीटाणुशोधन और सफाई में सहायता कर सकते हैं। ये सेवा रोबोट संक्रमण के जोखिम को कम करने और एक समान तरीके से स्थानों को साफ करने में मदद करने के लिए यूवी प्रकाश, वायु निस्पंदन या हाइड्रोजन पेरोक्साइड वाष्प का उपयोग कर सकते हैं।

जबकि रोबोटिक्स पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं में एक आदर्श बदलाव ला रहा है, आने वाले वर्षों में प्रौद्योगिकी में और प्रगति के साथ और अधिक होने की उम्मीद है। इसलिए, स्वास्थ्य सेवा संगठनों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि वे रोबोटिक तकनीकों के दीर्घकालिक लाभों और अपार संभावनाओं को देखें और अपने संगठनों को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने के लिए उनमें निवेश करें।

## आप की बात

### हिन्दू शासकों की अनदेखी

**अधिकांश** भारतीय इतिहासकारों ने तमाम विदेशी आक्रांताओं समेत उस कालखंड के मुस्लिम शासकों के बारे में जितनी अधिक चर्चा की है उसकी तुलना में हमारे महान भारतीय राजाओं, सम्राटों को अपेक्षाकृत कम स्थान दिया गया है। मुस्लिम शासकों के दमन के किस्सों को कम दिखाकर उनकी कला संस्कृति और उनके योगदान को अधिक उभारा गया है, यही नहीं यहां हिंदू राजाओं के पराक्रम को भी कम दर्शाया गया है। देश के इतिहासकारों ने दक्षिण भारत के हिंदू राजाओं के शौर्य पराक्रम और सनातन संस्कृति से प्रेम के बारे में अपेक्षाकृत कम लिखा है एवं इतिहास की पुस्तकों में मुगलों के शासन काल, ब्रिटिश औपनिवेशिकता और स्वाधीनता आंदोलन के बारे में विस्तार से लिखा है, लेकिन हमारे महान भारतीय राजाओं या सम्राटों के विषय में मात्र संक्षेप में ही लिखा है। मध्यकालीन इस्लामिक काल जिसमें गजनी, गौरी का भारत आक्रमण, गुलाम वंश, खिलजी, तुगलक, सैयद, लोधी और मुगलों के बारे में काफी कुछ बढ़ा चढ़ा कर लिखा गया है जबकि उसी काल में दक्षिण भारत के राजाओं के पराक्रम बारे में यहां कोई विवरण नहीं है। अत: प्रश्न यह उठता है कि हमारी इतिहास की पुस्तकों के लेखकों ने ऐसा क्यों किया।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### धर्मांतरण रोकना जरूरी

**धर्मांतरण** को लेकर देश में बहस चल पड़ी है। गरीबी का दुष्चक्र, बुनियादी सुविधाओं की कमी और निरंतर शिक्षा का अभाव ऐसे पहलू हैं जिनके चलते व्यक्ति मानसिक पीड़ा झेलता रहता है। ऐसे में अपनी आकांक्षाओं को पूरी करने के लिए व्यक्ति लालच में फंसता है और अपना मत, पंथ और मजहब तक बदल डालता है। इस मामले में सर्वोच्च अदालत के फैसले से सौ फीसद सहमत होना ही पड़ेगा कि लालच या दबंगई से किसी व्यक्ति का धर्म बदलवाना न केवल अपराध है अपितु राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए केवल बल्कि गंभीर मुद्दा भी है। जबरन धर्मांतरण नए नए तौर-तरीकों से समय-समय पर अंजामं दिया जाता रहा है। अमूमन यह खेल देश के कोने कोने में चल रहा है। ओडिशा,झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में पिछले 30 सालों में बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन हुआ है जिससे इन राज्यों में ईसाइयों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करके देश में हिंदुओं को अल्पसंख्यक बनाने के लिए प्रयास राष्ट्रघात से कम नहीं है। अब जरूरत कड़े कानून की है जो धर्म के नाम पर ठेकेदारी करने वालों को सबक सिखा सके।

– **अमृतलाल मारू**, उज्जैन

### क्रिकेट बनाम अन्य खेल

**भारतीय** ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष पीटी उषा की उम्र 58 साल है। पीटी उषा ने एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता है। वहीं 1984 के ओलंपिक 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चौथे स्थान पर रही थीं। जो कि एक अच्छी शुरुआत है साथ ही क्रिकेट के अलावा ओलंपिक में खेले जाने वाले खेलों के लिए देश में युवा खिलाड़ियों को बड़ी संख्या में तैयार करना होगा अभी जितना धन और मान सम्मान क्रिकेट में मिलता है उतना किसी अन्य खेल में नहीं जबकि क्रिकेट का ओलंपिक में आयोजन ही नहीं होता है! और चीन जैसा दुनिया का सबसे बड़ा देश भी क्रिकेट खेलों में कभी भाग नहीं लेता, यही कारण है कि उसके खिलाड़ी बड़ी संख्या में ओलंपिक पदक बटोर कर लाते हैं! और हमारे देश में जितना धन और समय क्रिकेट पर खर्च किया जाता है! यदि उतना ही धन अन्य ओलंपिक खेलों की तैयारियों में किया जाए तो भारत भी भविष्य में ओलंपिक में अधिकाधिक पदक प्राप्त कर सकता है! जरूरत है खेलों में सिर्फ खेल से जुड़े हुए पदाधिकारियों को नियुक्त करने की।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**आतंकवाद** अभी समाप्त नहीं हुआ है और कांग्रेस की तुष्टीकरण नीतियां भी नहीं बदली हैं। कांग्रेस आतंकवाद को वोटबैंक की नजर से देखती है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**चीन** क्यूबा से क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय मामलों में सहयोग मजबूत करेगा। दोनों देश अपनी विशिष्टताओं के साथ समाजवाद का निर्माण कर रहे हैं।

– **शी जिनपिंग**
चीन के राष्ट्रपति





**जन** कल्याण योजनाओं के दृष्टिकोण से राजस्थान एक माडल राज्य के रूप में उभर रहा है।

– **अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री

# केंद्र-राज्य की योजनाओं को समय से पूरा कराया जाएः लल्लू

**अयोध्या।** सांसद अयोध्या, लल्लू सिंह की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ;दिशाद्ध की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहूत की गयी। डीएम नितीश कुमार द्वारा विगत माह दिशा की बैठक के सम्बंध में विवरण प्रस्तुत किया गया तथा सभी जनप्रतिनिधियों एवं सांसद का स्वागत भी किया गया तथा विस्तृत बिन्दुओं पर विवरण मुख्य विकास अधिकारी एवं समय.समय पर परियोजना निदेशक द्वारा भी प्रस्तुत किया गया। मा. सांसद द्वारा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक में लगभग 43 योजनाओं/बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। समीक्षा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजनाए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजनाए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण पाइप्ड पेयजल योजना,



भू.अभिलेखो का कम्प्यूटरीकरण एवं अन्य सम्बंधित कार्य, अमृत योजना के अन्तर्गत पार्क के विकास कार्यए अमृत एवं स्मार्ट सिटी मिशनए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि बिन्दुओं की गहन समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में सांसद/समिति अध्यक्ष द्वारा विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा करने के पश्चात उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों/ योजनाओं को निर्धारित समय पर गुणवत्ता पूर्ण करायें जो धरातल पर दिखायी दें। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत लगायी जाने वाली टंकी/ सप्लाई पाइप लाइन की समीक्षा के दौरान सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति बनाये रखने हेतु समस्त कार्य समय से पूर्ण करायें जाय तथा अपने विभाग की योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करायें। उन्होंने अस्थायी गौशालाओं में निराश्रित गोवंशों का व्यौरा रखने के निर्देश दिये और कहा कि जब भी कोई जनप्रतिनिधि निरीक्षण करें तो गोवंशों का आंकड़ा प्रस्तुत किया जाय तथा सभी गौशालाओं साफ–सुथरा रखने के साथ हरा चारा एवं सभी व्यवस्थायें को सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। डीएम ने बैठक की समीक्षा करते हुये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने.अपने विभागों की संचालित योजनाओं की लाभार्थियों की सूची व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां मा0 जनप्रतिनिधिगणों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने.अपने क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न समस्यायें व लम्बित परियोजनाओं को बैठक के दौरान उठाया गया। मा0 सांसद द्वारा जिन.जिन योजनाओं में निर्माणए मरम्मत व लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने की समस्या जनप्रतिनिधियों द्वारा बतायी गयी है उन पर प्राथमिकता से कार्यवाही करते हुये शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें।

# मानव जीवन के लिए खेल बहुउपयोगी हैः बीसी पलेई

## ● एनटीपीसी टांडा की ओर से आयोजित बालिका हाकी प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने सीखी हाकी की बारीकियां

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा द्वारा अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व सामुदायिक विकास के तहत परियोजना के आसपास की बालिकाओं के लिए तीन दिवसीय बालिका हाकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन उमंग स्टेडियम, एनटीपीसी टांडा में किया जा रहा है। जिला ओलंपिक एसो., अम्बेडकरनगर के तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बालिकाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बालिकाओं का उत्साहवर्द्धन करने के लिए मुख्य महाप्रबंधक बीसी पलेई, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एसएन पाणिग्राही एवं अध्यक्ष जिला हाकी एसो., अम्बेडकरनगर से राना रणधीर सिंह आज उमंग स्टेडियम में पधारे। सभी बालिकाओं का हौसला बढ़ातें हुए कहा की खेल मानव जीवन के लिए बहुत उपयोगी है। एनटीपीसी टांडा के उप महाप्रबंधक (आर एंड आर) परवेज़ खान, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मृणालिनी, डा. हनुमान प्रताप सिंह, सचिव, ओलंपिक/जिला हाकी एसो., अम्बेडकरनगर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि पलेई ने उपस्थित खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि मानव जीवन के लिए खेल बहुपयोगी है। ग्रामीण परिवेश की बालिकाओं के लिए हाकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना प्रसन्नता का विषय है। आशा व्यक्त की कि ये खिलाड़ी यहॉ से प्रशिक्षण प्राप्त करके राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगें तथा जिले का नाम रौशन करेगें। इस प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए जिला हाकी एसोसिएशन के सचिव डा. हनुमान सिंह को बधाई दिया। महाप्रबंधक एस.एन. पाणिग्राही ने अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल एक ऐसी विधा है जो कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करती है। खेल से हमे अपने दैनदिन जीवन में काफी शिक्षा मिलती है।

**41वां रामायण मेला**

# श्रद्धालुओं ने उठाया राम विवाहोत्सव का आनंद

संवाददाता। अयोध्या

**राम विवाह** के अवसर पर संस्कृति विभाग उ0प्र0 तथा रामायण मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय 41वें रामायण मेला के द्वितीय दिवस की प्रारम्भिक बेला मे राम मिलन पाण्डेय, सतना के दल द्वारा रामलीला मंचन के माध्यम से श्रद्धालुओं को राम विवाहोत्सव में सम्मिलित होकर भगवान राम व सीता के विवाह का आनन्द प्राप्त करने का अवसर प्रदान कराया। कार्यक्रम की संध्या कालीन बेला में प्रस्तुत कार्यक्रमों में राम विवाह की प्रस्तुतियों की धूम से मच गयी। जहाँ एक तरफ अयोध्या नगर की वीथिकाओं में राम बारात की अनुपम झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र थीं वहीं रामायण मेला का मंच राम विवाह के मांगलिक गीतों व विवाह प्रसंग की प्रस्तुतियों से भक्ति व उल्लास से सराबोर था।



झुनझुन वाला महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा डॉ0 कल्पना एस. वर्मन के कुशल निर्देशन में राम विवाह की मनोरम प्रस्तुति सराहनीय रही। कलाकरों की सुसज्जित वेशभूषा व अभिनय तथ नृत्य के साथ संवाद का प्रस्तुतिकरण चारों भाइयों के सामूहिक विवाह को सजीवता प्रदान कर रहा था। 'राम आवें अवध की ओर सजनी' गीत पर भावमय लोकनृत्य की प्रस्तुति की गयी। सुमिष्ठा मित्रा तथा संगीता आहूजा एवं साथी कलाकारों द्वारा केवट प्रसंग पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया जिसमें भगवान राम को गंगा पार कराने से पूर्व केवट का प्रभु राम से किया गया संवाद उसके अन्तर्मन में निहित भक्ति व समर्पण को परोक्ष रूप से प्रकट करता रहा। नृत्य नाटिका का प्रमुख आकर्षण संगीता आहूजा द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण नृत्य रहा। योग विज्ञान विभाग, डॉ0 राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का योग मुद्रा के डेमो का प्रस्तुतिकरण वैदिक मंत्रों के समवेद स्वर के साथ किया गया।

अनूप जलोटा के शिष्य पवन कुमार पाण्डेय (परस) के भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुतियों से सरयू तट के मंच पर भकित की धारा प्रवाहित हुई। 'हे निर्बल के रामा, मेरे अन्दर बस जाओ', 'सीताराम–सीताराम कहिए, जाही विधि राखे राम ताही विधि रहिए', 'जो करते रहोगे भजन धीरे–धीरे, तो मिल जायेगा वो सजन धीरे–धीरे', 'सियाराम तुम्हारे चरणों में यदि प्रीति किसी की हो जाये' की बोल पर सगुण व निर्गुण भक्ति भाव के गीतों को प्रस्तुत किया, परन्तु राम विवाह के अवसर की प्रधानता ने राम विवाह की प्रस्तुति के लिए कलाकारा को विवश कर ही दिया। गायक ने 'उतरि गइले चारों दुलहा सवारी से' की बोल पर आधारित विवाह गीत को प्रस्तुत किया। संगतकर्ता के रूप में अंशुमन पाण्डेय ने तबला व जितेन्द्र कुमार ने पैड पर सहयोग प्रदान किया।

लोकगायिका संजोली पाण्डेय ने अवधी विवाह गीतों की प्रस्तुतियों से रामायण मेले के मंच को विवाहोत्सव के रूप में संवारने का सराहनीय कार्य किया। अवध क्षेत्र की बेटी होने के नाते उनके प्रशंसको की बहुतायत संख्या ने उनकी अंतिम प्रस्तुति तक दर्शक दीर्घा में भारी भीड़ बनाये रखा। लोक गायिका ने श्रद्धालुओं के साथ संवाद बनाकर अपने विवाह संस्कार गीतों के माध्यम से भावविभोर किया श्रोता मंत्र मुग्ध होकर मानो विवाहोत्सव मे सहभागी होकर आनन्दित होते रहे। 'सीताराम जी की प्यारी राजधानी लागे, मोहे मीठो–मीठो सरयू जी के पानी लागे' भक्तिभाव की प्रस्तुति के बाद गायिका ने पुष्प वाटिका में राम और सीता के प्रथम मिलन की झांकी का गीत 'कोई आया सखी फुलवरिया में, जैसे जादू है उसकी नजरिया में' प्रस्तुत किया। हिन्दु संस्कार गीतों के प्रति लोगों की उदासीनता से अपनी चिंता व्यक्त करते हुए लोक गायिका के जनेऊ संस्कार गीत के बाद बारात आगमन का लोकप्रिय गीत 'मिथिला नगरिया निहाल सखियां, चारो हुलहा में बड़का कमाल सखियां' की प्रस्तुति से श्रद्धालु श्रोता झूम–झूम कर नाचने लगे।

गायिका ने विवाह के समय के बाद भोजन के समय की पारम्परिक गारी गीत से सभी का मन मोह लिया। गायिका ने कोहबर गीत व सखियों की नेग मांगने के गीत की प्रस्तुति से अवधी के पारम्परिक संस्कार गीतों को सजीवता प्रदान की अंत में हनुमान जी को समर्पित गीत 'दुनियाँ में देव हजारों हैं, बजरंग बली का क्या कहना, उनकी शक्ति का क्या कहना, उनकी भक्ति का क्या कहना प्रस्तुत किया। संगतकर्ता के रूप में अरविन्द कुमार, सोनू, प्रदीप कुमार, रामू स्वामी आदि रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्कृति विभाग की तरफसे दिनेश कुमार ने कलाकारों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन देश दीपक मिश्र द्वारा किया गया।

# मुक्त विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 19 दिसंबर को

## ● दीक्षोत्सव में सप्ताह भर होंगे खेलकूद और रंगारंग कार्यक्रम

**प्रयागराज।** उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि का 17वां दीक्षांत समारोह 19 दिसंबर को आयोजित होगा। कुलाधिपति और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से दीक्षांत समारोह आयोजित करने की अनुमति मिलने के साथ ही विवि में दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेजी से प्रारंभ हो गई हैं। विवि के रजत जयंती वर्ष में आयोजित किए जाने वाले दीक्षांत समारोह को भव्य बनाने के लिए विवि स्तर पर व्यापक तैयारियां चल रही हैं। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने बताया कि 19 दिसम्बर को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। दीक्षांत समारोह से पूर्व विवि में 9 से 16 दिसंबर तक दीक्षोत्सव सप्ताह मनाया जाएगा। जिसमें परंपरागत खेल प्रतियोगिता काव्य लेखन निबंध लेखन चित्रकला देश भक्ति गीत लोक नृत्य भाषण प्रतियोगिता इत्यादि विभिन्न प्रतियोगिताएं विवि के सभी क्षेत्रीय केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। कुलपति प्रो सिंह ने बताया कि विवि के प्रयागराज लखनऊ बरेली वाराणसी गोरखपुर कानपुर अयोध्या झांसी आगरा मेरठ नोएडा तथा आजमगढ़ क्षेत्रीय केंद्रों पर 9 से 13 दिसंबर तक परंपरागत खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत खो खो कैरम बैडमिंटन शतरंज लंबी कूद ऊंची कूद तथा काव्य लेखन निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कुलपति प्रो सिंह ने बताया कि इसी क्रम में 13 से 16 दिसंबर तक लोकनृत्य लोकसंगीत व देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन अटल प्रेक्षागृह में किया जाएगा।

# मंदिर निर्माण से श्रद्धालुओं की संख्या में हो रही है लगातार बढ़ोत्तरी

**अयोध्या।** अयोध्या को संसार की सुन्दरतम नगरी के रूप में विकसित करने तथा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण से अयोध्या में नियमित श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत उन्हें बेहतर से बेहतर समस्त आधारभूत सुविधायें उपलब्ध कराने के क्रम में डीएम नितीश कुमार ने एडीएम (प्रशासन), एसडीएम सदर, रेजीडेंट मजिस्ट्रेट अयोध्या, तहसीलदार सदर, सहित पीडब्लूडी व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ रामपथ (सहादतगंज से नया घाट तक) के चैड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण में टेढ़ीबाजार से नयाघाट तक के प्रभावित दुकानदारों से दुकान दुकान जाकर एक.एक दुकानदार से सीधे वार्ता कर उनकी समस्याओं/शंकाओं को गम्भीरता से सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये तथा दुकानदारों/भवन स्वामियों की शंकाओं का समाधान किया।

# अकबरपुर चीनी मिल ने प्रारम्भ किया नये सत्र 2022-23 के गन्ना मूल्य का भुगतान



संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**चीनी मिल** के मुख्य महाप्रबन्धक कृष्ण कुमार बाजपेई से हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि चीनी मिल अकबरपुर जिले के विकास एवं अपने क्षेत्र के समस्त गन्ना खरीद हेतु कटिबद्ध है। चीनी मिल द्वारा इस वर्ष 1 करोड़ 3 लाख कु0 गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया है जिसके सापेक्ष अभी तक 5ण्22 लाख कु0 गन्ना पेराई कर ली गयी है तथा कृषकों द्वारा पेराई सत्र प्रारम्भ से दिनांक 23.11.2022 तक आपूर्ति किये गये गन्ने का रू0 588.19 लाख का गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के बैंक खातों में भेज दिया गया है तथा चीनी मिल आगे भी त्वरित भुगतान के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होनें किसान भाईयो से सुचारू गन्ना आपूर्ति में सहयोग करने की अपील करते हुये कहा कि कृषक भाई अपने गन्ने को कोल्हू ध् क्रेशर पर ना बेचेंए कृषक भाई चीनी मिल को साफ सुथरा, ताजा एवं जड़.पत्ती. अगौला रहित गन्ना आपूर्ति कर उचित दाम पायें। उन्होने बताया कि कच्चा गन्ना ;बिना पर्ची प्राप्त हुये गन्ने की कटाई द्ध समस्त परेशानियों की जड़ है इसलिये कृषक भाई कच्चा गन्ना कदापि न काटेए क्योकि गन्ना कटने के बाद उसके वजन में निरन्तर कमी आती है तथा पर्ची के अभाव में कृषक भाईयों को मजबूर होकर उसे गन्ना माफियाओं के हाथ कम मूल्य पर बेचना पड़ता हैए जिस कारण कृषक भाईयों को काफी आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। किसान भाई गन्ना आपूर्ति हेतु पर्ची ध् एस0एम0एस0 मिलने पर ही गन्ना कटाई करेंए गन्ना बंधन हेतु सूखी पत्तियां अथवा धान के पुआल का प्रयोग करें तथा गन्ने की कटाई व छिलाई करते समय गन्ने को बीच से न काटें व वजन में कमी से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचे।

चीनी मिल के अपर महाप्रबन्धक ;गन्नाद्ध द्वारा कृषकों से अपील करते हुये कहा कि इस समय धान से खाली होने वाले खेतो में गेहूँ की बुवाई न करके आलू, मटर, लाही, पीली सरसों आदि की बुवाई करे तथा इन फसलों को फरवरी.मार्च माह में काटकर अधिक से अधिक क्षेत्रफल में अगेती एवं उन्नतशील गन्ने की बुवाई करके अच्छी पैदावार प्राप्त कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें यदि गेहूँ कटाई के उपरान्त गन्ना बुवाई करनी है तो इसके लिये एसटीपी विधि द्वारा पहले ही गन्ना पौधशाला तैयार कर लें। उन्होंने कृषक भाईयों को निम्न बातो का ध्यान रखने की सलाह दी।

पेड़ी गन्ना फसल के अच्छे फुटाव के लिये जमीन की सतह से गन्ना कटाई करें। खेत में फसल अवशेष न जलायें, गन्ने की सूखी पत्तियां ध् फसल अवशेष प्रबन्धन के उपाय अपनाकर खेत एवं पर्यावरण को नुकसान से बचायें। ट्रेस मल्चर का प्रयोग कर खाद बनायें। गन्ना प्रजाति को0 0238 में लाल सड़न रोग फैल रहा है इसलिये किसान भाई इसके स्थान पर को0 0118 व कोव 15023 व को0लख 14201 प्रजाति के गन्ने की बुवाई करें। गन्ना बुवाई के समय भूमि उपचार एवं गन्ना बीज शोधन अवश्य करें। भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने हेतु ब्वायलर ऐश (राखी) एवं प्रेसमड (मैली) का प्रयोग करें। आगामी बसन्तकालीन गन्ना बुवाई हेतु अभी से गन्ना बीज का प्रबन्ध कर लें। अगेती गन्ना प्रजाति कोव 0118, को0 15023 व को0 लख 14201 की अधिक से अधिक बुवाई करें तथा हैक्जास्टाप द्वारा बीज शोधन अवश्य करें। अपनी गन्ना बीज आवश्यकता की पूर्ति हेतु स्वंय गन्ना बीज पौधाशाला की स्थापना करें। गन्ने से अधिक आमदनी प्राप्त करने हेतु द्वितीय पेड़ी अवश्य रखें।

# रानी रेवती देवी स्कूल में दी गयी यातायात की जानकारी

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर प्रयागराज में यातायात पुलिस प्रयागराज एवं जिला अपराध निरोधक समिति के संयुक्त तत्वावधान में यातायात माह नवंबर 2022 की यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत 10वीं एवं 12वीं कक्षा के छात्र छात्राओं के मध्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अभिनय ग्रुप द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र छात्राओं को यातायात संबंधी जानकारी के प्रति जागरूक किया गया। थाना प्रभारी सिविल लाइंस विरेंद्र सिंह एवं उप निरीक्षक सिविल लाइंस द्वारा यातायात संबंधी जानकारी दी गई। यातायात निरीक्षक पवन कुमार पांडेय ने छात्र छात्राओं को यातायात के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग बहुत अनिवार्य है। इसी संबंध में डीसीपीसी के सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव ने भी सुरक्षा हेतु यातायात के नियमों का पालन करने का अनुरोध किया।

# युवक की पिटाई के मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भीटी अंबेडकरनगर।** काम के सिलसिले में अपने दोस्त के साथ जा रहे युवक की रास्ते में ईट पत्थर लाठी डंडा से बेरहमी से पिटाई कर दिए।पुलिस ने दो नामजद समेत तीन अज्ञात के खिलाफमुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मामला भीटी थाना क्षेत्र अंतर्गत बनगांव का है। गांव निवासी ऋषि कुमार पुत्र राम जियावन अपने साथ अजीत कुमार के साथ खमपुर काम के सिलसिले में अपने दोस्त से 26 तारीख की रात करीब 8रू00 में मिलने जा रहा था। तभी बनगांव भीटी मार्ग पर अनिल कुमार नितेश कुमार एवं तीन अन्य अज्ञात रास्ते में उसे जबरन रोककर ईट पत्थर डंडा रॉड से जमकर मारने पीटने लगे। पीड़ित की तब तक पिटाई की जब तक वह बेहोश नहीं हो गया। पीड़ित का आरोप है आरोपीगण धमकी देते हुए भाग गए तथा शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी व घर जलाने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अनिल कुमार नितेश कुमार अन्य तीन अज्ञात के खिलाफ147 323 506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं थाना अध्यक्ष राजीव कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उचित कार्रवाई की जा रही है।

## बीस लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भीटी अंबेडकरनगर।** भीटी पुलिस ने एक युवक को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक की पहचान भीटी थाना क्षेत्र अंतर्गत दहेमा निवासी जंग बहादुर पुत्र रामअजोर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी युवक को उस समय गिरफ्तार किया जब वह सझिया गांव के मोड़ पर पिपिया में कच्ची शराब लेकर आ रहा था। पुलिस को देख कर भागने का प्रयास किया शक होने पर पुलिस ने आरोपी युवक को धर दबोचा तथा उसके कब्जे से अवैध 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई।

# साहित्य हमारे विचारों व आत्मा का दर्शन हैः देवेंद्र प्रताप सिंह

## ● एकेडमी परिसर के गांधी सभागार में साहित्य में योग का अवदान एवं उसका क्रियात्मक पक्ष विषयक संगोष्ठी एवं योगाभ्यास का हुआ आयोजन

**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी के तत्वावधान में मंगलवार को एकेडेमी परिसर के गाँधी सभागार में साहित्य में योग का अवदान एवं उसका क्रियात्मक पक्ष विषयक संगोष्ठी एवं योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ स्मृति चिह्न एवं शॉल देकर किया। इस अवसर योगाचार्य धर्मचंद्र गुप्ता द्वारा लिखित एवं उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तक देश के कर्णधार का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। स्वागत संबोधन में एकेडेमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण है। साहित्य मन का भी दर्पण है तो हम कह सकते हैं कि साहित्य आत्मा का दर्शन है। साहित्य हमारे विचारों का दर्शन है। अब साहित्यकार अपने शरीर के माध्यम से अपनी आत्मा को एकाग्रचित करता है तो योग की मुद्रा में ही श्रेष्ठ साहित्य का सृजन होता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए योगाचार्य धर्मचंद्र गुप्ता प्रयागराज ने कहा कि साहित्य में योग की परम्परा उपनिषदों गीता रामचरितमानस वेदों से प्रारम्भ होकर योगसूत्र एवं हठ्यौगिक ग्रंथों में विस्तृत रूप से प्राप्त होती है। हठ्यौगिक क्रियाएं जहाँ एक ओर शारीरिक शुद्धि करती हैं। वहीं उनके द्वारा विभिन्न प्रकार के शारीरिक मानसिक रोगों में भी लाभकारी पायी गयी है। यही कारण है कि हमारे



कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर मोदी ने 21 जून को योग दिवस के रुप में विश्व स्तर पर मान्यता दिलायी एवं जो योग जंगलों कंदराओं में ऋषि मुनियों का हिस्सा था। उसे बच्चों के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाकर प्राथमिक ही नहीं बल्कि यूजीसी पीएचडी के शोध का भी हिस्सा बना दिया। संगोष्ठी की सम्मानित वक्ता डॉ विनीता सिंह योगाचार्य लखनऊ ने साहित्य में योग का अवदान विषय पर बात करते हुए कहा कि मानवीय चेतना ने अपने आस्था के कंधे पर बैठकर जो ईश्वरीय चेतना तक की यात्रा की है। उसको अलग अलग मनीषियों ने अलग अलग ढंग से लिखा। जिसे साहित्य की दृष्टि से वेद उपनिषद् स्मृति में विभक्त किया गया है। साथ ही उनका मानना यह भी है कि सृष्टि के आदि से ही मानवीय चेतना और साहित्य का भी प्रादुर्भाव रहा है। जिसे उन्होंने गीता के चौथे अध्याय के प्रथम श्लोक से सिद्ध किया है। साथ ही उनका यह भी मानना है कि सर्व प्रथम साहित्य वाचन अर्थात श्रुत परंम्परा में उदभूत हुआ जिसका सबसे बड़ा उदाहरण संत कबीर रहे जिनका समस्त साहित्य वाचन अथवा श्रुत में ही प्राकट्य हुआ था। संगोष्ठी के सम्मानित वक्ता योगाचार्य डॉ अमित कुमार सिंह सहायक आचार्य उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज ने कहा कि योग की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। इसकी उत्पत्ति हजारों वर्ष पूर्व हुई थी वैदिक ऋषि मुनियों से ही युग का प्रारंभ माना जाता है। बाद में भगवान कृष्ण महावीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया पतंजलि ने इसे योग दर्शन में इसे सुव्यवस्थित रुप दिया है। आगे चलकर सिद्धपंथ नाथपंथ वैष्णव और साक्त पंथियों ने अपने अपने तरीके से विस्तार दिया वर्तमान में पूरे विश्व में योग वैज्ञानिक रूप से सुव्यवस्थित होकर लोगों के जीवन में शारीरिक मानसिक सामाजिक और आध्यात्मिक विकास प्रदान कर रहा है।

# उमरे मुख्यालय में आईआरएएस दिवस आयोजित

## ● डीएसए क्लब प्रयागराज में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

**प्रयागराज।** आईआरएएस दिवस प्रयागराज चैप्टर के तहत उत्तर मध्य रेलवे और केंद्रीय रेलवे विद्युतीकरण संगठन के आई आर ए एस अधिकारियों द्वारा सोमवार को एनसीआर मुख्यालय सूबेदारगंज प्रयागराज में मनाया गया।

इस अवसर पर एक तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गार्गी उमराव उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी सामान्य ने आईआरएएस अधिकारियों का स्वागत किया। योगेश कुमार श्रीवास्तव प्रधान वित्त सलाहकार उत्तर मध्य रेलवे ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कोविड अवधि के दौरान लेखा विभाग द्वारा निभाई गई सक्रिय भूमिका का उल्लेख किया। तीन प्रमुख शब्दों औचित्य प्रवीणता और उत्पादकता में अपनी सेवा के मोटो के बारे में समझाया। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से रेलवे और आईआरएएस के इतिहास और सेवा की शुरुआत के बाद से आईआरएएस अधिकारियों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों पर दिलचस्प उपाख्यानों को साझा किया। वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी वित्त एवं बजट हमीम अहमद ने आय और व्यय की वर्तमान वर्ष की प्रवृत्ति पर चर्चा की। खातों को सही ढंग से पूरी तरह से और समय पर संकलित करने में आईआरएएस अधिकारियों की भूमिका और अपेक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया। वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी ड्ब्ल्यू एस टी आदित्य जोशी ने आई आर ए एस अधिकारियों के भविष्य और कुशल लेखा प्रणाली विकसित करने के महत्व पर बात की। उन्होंने वित्तीय अनुशासन नैतिकता संवैधानिक कर्तव्यों और वर्तमान परिदृश्य में आईआरएएस अधिकारियों की बदलती भूमिका के मुद्दे पर भी चर्चा की। उन्होंने सूचना तकनीक की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया और सभी अधिकारियों को सलाह दी कि वे आईटी टूल और एप्लिकेशन विशेष रूप से डेटा एनालिटिक्स के साथ खुद को अपग्रेड करते रहें। साहिल गर्ग उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी निर्माण आगरा ने वर्क कॉन्ट्रैक्ट मैनेजमेंट सिस्टम के लाभों और उपयोगकर्ताओं द्वारा ध्यान देने योग्य मुद्दों पर प्रकाश डाला। स्वतंत्र कुमार अग्रवाल मंडल वित्त प्रबंधक आगरा ने रेलवे बोर्ड के परिपत्रों दिशानिर्देशों के साथ साथ रेलवे द्वारा पालन किए जाने वाले विभिन्न श्रम कानूनों पर प्रकाश डालते हुए जीईएम पर सेवा निविदाएं अनुबंध पर प्रस्तुति दी। आशीष शर्मा सहायक वित्त प्रबंधक प्रयागराज ने विविध आय बढ़ाने के लिए विचारों पर एक प्रस्तुति दी। इसके लिए विज्ञापनों के लिए स्टेशनों आरडीएन सीओडी और एनआईएनएफआरआईएस में यात्रियों की अधिकाधिक नज़र पड़ने वाले स्थानों का उपयोग करें।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 30 नवंबर, 2022



# लंबित मांगों के समर्थन में विद्युत कर्मचारियों ने निकाला मशाल जुलूस

संवाददाता। सीतापुर

**15- लंबित** मांगों के समर्थन में विद्युत कर्मचारियों ने विरोध सभा करने के बसद मशाल जुलूस निकालकर आवाज उठाई। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के बैनर तले कर्मचारी अधिशाषी अभियंता कार्यालय परिसर में जमा हुए। विद्युत कर्मचारियों ने हाथो में तख्तियां व मशाल लेकर जमकर नारेबाजी की और यहां सभा करने के बाद मशाल जुलूस निकालते हुए ट्रांसपोर्ट चौराहा पहुंचे और 15 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी को सौंपा। इस मौके पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु पटेल, सह संयोजक रमेश सिंह, एसडीओ सिटी रवि गौतम, रवि कुमार गुप्ता, मोहित रस्तोगी, मुनेश तिवारी, राम कनौजिया, अंकिता रतना, अभिनव शुक्ला, राकेश कुमार, विशाल शर्मा, रामाज्ञा, रविंद्र वर्मा, जय प्रकाश जायसवाल, सुरेंद्र पटेल, कृष्णानंद मौर्य, अनिल कुमार, एक्सईएन प्रथम रमेश कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता, डीसी दीक्षित, धीरज यादव, जेई राजेश कुमार गुप्ता, अम्ब्रीश कुमार, अनिल सिंह, दुर्गा शंकर श्रीवास्तव, प्रखर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## पत्रकार जावेद खान का डेंगू से निधन

**सीतापुर।** नगर खैराबाद निवासी पत्रकार जावेद खान का लखनऊ स्थित मेदंता अस्पताल में निधन हो गया। वो लखनऊ से प्रकाशित एक उर्दू दैनिक के जिला संवाददाता थे। बताया जाता है कि उन्हें डेंगू की शिकायत थी। सीतापुर में इलाज के दौरान उनकी तबियत बिगड़ी तो डाक्टरों ने उन्हें लखनऊ पीजीआई रिफर कर दिया था जहाँ बेड खाली न मिलने पर उन्हें मेदान्ता में भर्ती कराया गया। सोमवार रात उनका निधन हो गया। जावेद खान के निधन का समाचार सुनते ही जिले के पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। सुबह से ही उनके खैराबाद स्थित आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का ताँता लगा रहा। खैराबाद स्थित कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गयाद्य उनकी नमाज़े जनाज़ा में वरिष्ठ पत्रकार एम सलाहुद्दीन, मुफ़्ती खबीर नदवी, सिराज अहमद, फ़राज़ हमीद, राम सुमिरन शर्मा, वहाजुद्दीन गौरी शामिल हुए।

## सेवा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

संवाददाता। सीतापुर

**बिसवां नगर** की मंगरिया बाजार में मंगलवार को सेंट जेवियर्स विद्यालय के निकट व्यापार मंडल के पदाधिकारी व वरिष्ठ पत्रकार मोहित जायसवाल के द्वारा स्थापित सेवा कार्यालय का उद्घाटन सेवानिवृत्त शिक्षक हरीश मिश्रा के द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर समाजसेवी मोहित जायसवाल ने कहा कि हम सब ने अपनी जन्म भूमि बिसवां को स्वच्छ, सुंदर और सुदृढ़ बनाने के लिए संकल्प लिया है। जिसमें नगर वासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस मौके पर धर्मेंद्र रस्तोगी, विपिन बिहारी वर्मा, डॉ लतीफ अहमद, हरिशंकर गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, वीरेंद्र विक्रम सिंह, पप्पू सिंह, चांद मियां, अंशु रस्तोगी, बादल मौर्य, जुबेर खान, पंकज मौर्या, रोहित भल्ला, पंकज भारतीय, सादिक अली, वसीम खान, दिनेश शुक्ला, विपिन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## यूथ ब्रिगेड ने मरीजों को फल बांटकर मनाया कुंवर दिनकर प्रताप सिंह का जन्मदिन

संवाददाता। सीतापुर

**कसमण्डा स्टेट** के कुवर दिनकर प्रताप सिंह का जन्मदिवस कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फल बांट कर मनाया। कुवंर दिनकर प्रताप सिंह यूथ ब्रिगेड टीम के सदस्यों ने पीएचसी कमलापुर में मरीजों गभर्वती महिलाओं को फल बांटे। तमाम समर्थकों ने मित्र भवन कसमंडा पैलेस में केक काट कर जन्मदिन की खुशियां साझा की। क्षेत्रीय लोगो ने कुवंर दिनकर प्रताप सिंह को बुके व उपहार भेट देकर जन्म दिन की बधाई दी समर्थको ने खुशी का इजहार करते हुए आतिश बाजी भी की। इस मौके पर शिवशंकर सिंह, अनुपम सिंह, प्रधान सुफ्यिान खान, मोहम्मद नफीस, बबलू सिंह चौहान, पंकज सिह, दुर्गेश सिंह, धीरज सिंह, याक़ूब खान, रघुवंश अवस्थी, प्रहलाद सिंह, पिन्ट, ज्ञानेंद्र सिंह, राहुल सिंह, मधुकर पाण्डेय, परवेज खान, हेमेन्द्र यादव, ब्रजेन्द्र सिंह, सुमित गुप्ता, पंकज सिंह, अशोक सिंह, निर्भय सिंह, ज्ञानेंद्र धनगर, वीरू रावत, विभोर सिंह, रिषी मिश्र, विनय शुक्ला, बिपुल बाजपेई, रिंकू सिंह, प्रवीन सिंह, आलोक शुक्ला, अरविंद तिवारी, विक्कू मिश्रा मौजूद रहे।

## अवैध हथियार समेत दो गिरफ्तार

**बरेली** । पुलिस ने अवैध रूप से हथियार रख कर घूम रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजाबारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला चक महमूद निवासी हर्ष शर्मा पुत्र जियालाल और यहीं के रहने वाले सुमित शर्मा को पुलिस ने चक महमूद स्थित सरकारी शौचालय के पास से अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने सड़क पर घूम रहे दोनों अभियुक्तों को हिरासत में ले कर इनकी तलाशी ली तब पुलिस को उनके पास से एक तमंचा, कारतूस और अवैध चाकू बरामद किया दोनों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने जेल भेजा ।

## क्विक न्यूज

### जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल को मिली 9वीं से 12वीं तक मान्यता

**सीतापुर।** सीतापुर के छात्र-छात्राओं के लिए खुशी की खबर है। शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल को सीबीएसई द्वारा नवीं से 12वीं तक की मान्यता दे दी गई है। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के एमडी सूर्यांश सहगल ने आई इंडिया को बताया कि विद्यालय को 9 माह के भीतर ही सीबीएसई द्वारा नवीं से 12वीं तक की मान्यता दी गई है और इतने कम समय में इंटर तक की मान्यता प्राप्त करने वाला देश का पहला विद्यालय बन गया है। उन्होंने बताया कि पूरे देश में इस वर्ष इंटर तक की यह तीसरी मान्यता है जबकि प्रदेश में बुलंदशहर के बाद सीतापुर के जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल को इंटर तक की मान्यता मिली है। विद्यालय को मान्यता मिलने पर विद्यालय के चेयरमैन राजेश सहगल और प्रधानाचार्या त्रिशला शाह ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। आपको बता दें कि जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल का पहला बैच दिसंबर 2021 में शुरू हुआ था।

### राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने आयोजित किया सामूहिक हनुमान चालीसा

**सीतापुर।** राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ सीतापुर शहर के घंटाघर स्थित छोटा हनुमान मंदिर पर किया। सेना कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि जिले में जहां-जहां किसी भी मंदिर के 100 मीटर के दायरे में मांस मदिरा की दुकान आएगी राष्ट्रीय हिंदू सेना उसे बंद कराने का प्रयास करेगी। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ता एकत्र हुए और राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुए घंटाघर स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिन हिंदू, प्रदेश संरक्षक गोपाल टंडन, मंदिर के पुजारी गुड्डू पंडित, जिला अध्यक्ष भगवान शरण, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विकास शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष विवेक अवधेश अतुल, जिला संरक्षक नरेंद्र, जिला उपाध्यक्ष यस दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष, अमरपाल, उमापति पांडे, अवधेश हिंदू, अतुल हिंदू, संजय हिंदू, शुभम बघेल, दिव्यांशु, आलोक मिश्रा, रवि बाजपेई, विनय बाजपेई, मनोज पांडे, रिंकू अवस्थी, हरनाम सिंह आदि तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

### यातायात विभाग निकालेगा जागरूकता रैली

**सीतापुर** । यातायात माह के समापन अवसर पर 30 नवंबर को प्रातः 8 बजे यातायात विभाग जागरूकता रैली निकालेगा। यह रैली सीतापुर शहर के सरोजनी वाटिका से निकलेगी और इसका समापन पूर्वान्ह 11 बजे पुलिस लाइन सीतापुर में होगा। यातायात रैली को एसपी घुले सुशील चन्द्रभान झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। रैली में सीतापुर शहर के करीब एक दर्जन विद्यालयों के बच्चों के अलावा एनसीसी, स्काउट गाइड और पुलिसकर्मी भी प्रतिभाग करेंगे।

### दिव्यांग शौचालयों में हो रहा भारी घालमेल

**सीतापुर।** परिषदीय विद्यालयों में बनवाये जा रहे दिव्यांग शौचालयों में भारी घालमेल किया जा रहा है। पक्की ईंटों की जगह पीला व दोयम ईंट का प्रयोग हो रहा हैं। मामला सकरन विकास खण्ड अन्तर्गत पटनी ग्राम सभा का सामने आया है। पटनी व त्रिलोकपुर गांवों के प्राथमिक विद्यालयों में ग्राम पंचायत द्वारा बनवाये जा रहे दिव्यांग शौचालयों में पीला ईंटों का प्रयोग हो रहा है। निर्माण में प्रयुक्त सीमेंट बालू मौरंग मसाला भी मानक विहीन लगाकर खानापूर्ति की जा रही है। ग्राम पंचायत अधिकारी विकास तिवारी ने मामले में बताया कि मैं पारिवारिक कार्यों से अवकाश पर था आज ही आया हूं मुझे जानकारी नहीं है। शौचालय ग्राम प्रधान बनवा रहे हैं। मैं वापसी में जाकर देखता हूं जैसी अपडेट होगी आपको बताऊंगा। बीडीओ सकरन राम लगन वर्मा ने कहा कि मैं अभी हाईकोर्ट आया हूं। अगर पीला ईंटा से दिव्यांग शौचालय बनाया जा रहा है तो गलत है। मैं अभी फोन से ग्राम पंचायत अधिकारी को उसे हटवाने की बात कहता हूं। अगर वह ऐसा नहीं करते तो कार्यवाही की जायेगी और काम को रुकवा दिया जायेगा।।

### दिनेश शाहरा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि

कानपुर। एग्रो.इंडस्ट्रियलिस्ट फिलैंथ्रॉपिस्ट और लेखक दिनेश शाहरा को छत्रपति शाहू महाराज विश्वविद्यालयए कानपुर द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह मानद डॉक्टरेट की उपाधि शाहरा को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों और धर्मार्थ योगदानों के लिए प्रदान की गई है। शाहरा ने बतायाए ष्मेरा कानपुर से गहरा नाता है, जहाँ मैंने मातृ संस्था हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी ;एचबीटीयूद्ध से अपनी कैमिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की थी। आज जब वही शहर मुझे एक प्रतिष्ठित पीएचडी सम्मान प्रदान कर रहा हैए तो ऐसा लगता हैए जैसे समय ठहर.सा गया है।

## नामांकन पत्र हुए दाखिल

संवाददाता। सीतापुर

**सामान्य कर्मचारी** संघ नगर पालिका परिषद के लिए होने वाले चुनाव में सोमवार को अध्यक्ष, मंत्री, उपाध्यक्ष, उपमंत्री, कोषाध्यक्ष और संगठन मंत्री पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए गए। 30 नवंबर को अपरान्ह 2 बजे तक नामांकन वापस लिया जा सकेगा। जबकि पांच दिसंबर 2022 को मत पत्रों निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा। वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी महेश शुक्ला ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए आलोक सिन्हा, अनुकूल सेठ, शिवकुमार त्रिपाठी, मंत्री पद के लिए त्र्यंबेश्वर तिवारी, नील प्रताप सिंह, सुरेश कुमार ने नामांकन किया है। उपाध्यक्ष पद के लिए राम प्रकाश, उपमंत्री पद के लिए अजय कुमार, कोषाध्यक्ष पद के लिए बृजपाल, अभिषेक सेठ एवं संगठन मंत्री पद के लिए अभिषेक सेठ ने नामांकन पत्र जमा किया। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष, उपमंत्री और संगठन मंत्री पद के लिए एक-एक ही नामांकन पत्र जमा किया गया। जिससे इन पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। इस मौके पर सहायक निर्वाचन अधिकारी शिखा बाजपेई व सुनील मिश्रा मौजूद रहे।

## रात्रि गश्त के दौरान दरोगा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, इलाज दौरान हुई मौत

**बरेली ।** भोजीपुरा थाना में तैनात दरोगा संजय सिंह रात में लगभग 1रू00 बजे थाने की सरकारी जीप से गश्त कर रहे थे । पुल और थाना के बीच में गाड़ी रोककर टॉयलेट कर रहे थे । अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को राम मूर्ति मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया इलाज दौरान मौत हो गई। पुलिस लाइन में एडीजी राजकुमार , एसपी सिटी राहुल भाटी , एसपी ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल , एसपी क्राइम एमपी सिंह , एसपी ट्राफिक राम मोहन सिंह सहित सभी सीओ और पुलिस कर्मियों ने श्रद्धांजलि दी।थाना भोजीपुरा मैं तैनात दरोगा 41 बर्षीय संजय सिंह पुत्र स्वर्गीय दलपत सिंह जिला बुलंदशहर थाना सिकंदराबाद गांव हदीमपुर निवासी थे , 2013 बेच के थे । 17 नवंबर को थाना भोजीपुरा में चार्ज लिया था । रात्रि में ड्यूटी थी गस्त के दौरान सोमवार व मंगलवार की रात्रि लगभग एक बजे थाना भोजीपुरा की सरकारी जीते गशत कर रहे थे साथ में कांस्टेबल ललित और देवेंद्र थे । दरोगा संजय सिंह को टॉयलेट करने के लिए पुल और थाने के बीच में गाड़ी रोक कर टॉयलेट कर रहे थे बहेड़ी की तरफसे आ रही अज्ञात वाहन ने दरोगा संजय सिंह के टक्कर मार दी जिसमें संजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए । पुलिस ने संजय सिंह को राम मूर्ति मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया इलाज दौरान उनकी मौत हो गई संजय सिंह की पत्नी रजनी देवी और दो बच्चे है । लड़का 16 बर्ष का हिमांशु और लड़की 13 वर्षीय हिमांशी है संजय सिंह की पत्नी और बच्चे गाजियाबाद में रहते हैं। थाना भोजीपुरा पुलिस ने संजय सिंह के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम कराया उसके बाद संजय सिंह को पुलिस लाइन ले गए पुलिस लाइन में एडीजी राजकुमार , एसपी सिटी राहुल भाटी , एसपी ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल , एसपी क्राइम एमपी सिंह , एएसपी चंद्रकांत मीणा , एसपी ट्राफिक राममोहन सिंह , और सभी सीओ , दरोगा और पुलिसकर्मियों ने पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी । उसके बाद शव को गाजियाबाद ले गए।

## राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी तौकीर आलम ने नगर निकाय चुनावों को लेकर दिखाई गम्भीरता

**बरेली ।** आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी तौकीर आलम,उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित ने आज चौपला रोड स्थित रोटरी भवन में बरेली मंडल के बदायूं , शाहजहांपुर , पीलीभीत , बरेली के जिला एवं शहर अध्यक्षों के साथ साथ साथ संबंधित शहरों के प्रदेश प्रभारियों की बैठक ली । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से पूरे देश में लोगों के अंदर एक उत्साह है बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं और उसकी नीतियों की सराहना कर रहे इस नगर निकाय चुनावों में हमें साफ सुथरी छवि संघर्षशील और कांग्रेस के पुराने साथियों पर भरोसा जताते हुए उनको चुनाव लडाना है साथ ही दूसरे दलों से आ रहे लोगों पर भी भरोसा करना है उनको भी लड़ाना है 5 दिसम्बर से 20 दिसम्बर के बीच जिला स्तरीय यात्रा भी होगी जिसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी भी शामिल होंगे।प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो कहा वह करा चाहे किसानों को लेकर कही गई बात हो ,चाहे युवाओं को लेकर नौकरियां देने की बात हो, मध्यवर्ग को सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात हो, गरीबों को सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात हो, हर बात पर कांग्रेस पार्टी खरी उतरी उसने ना तो कभी झूठे वादे किए ना लोगों को सपने दिखाए आज इस बात को लोग समझ रहे हैं और कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं इस नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस पार्टी चौकाने वाला प्रदर्शन करेंगी।जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से आज पूरे देश में माहौल बदल रहा है अब तक लोग दूसरे के मन की बात सुना करते थे लेकिन आज राहुल गांधी ने उनको भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एक ऐसा मंच दिया कि वह लोग अपने मन की बात कह रहे हैं और कांग्रेस पार्टी उनके मन की बात को सुन रही है इस यात्रा का प्रभाव आगामी होने वाले हर चुनावों में दिखाई देगा ।महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा की पूरे जिले में प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं सभी आवेदक प्रत्याशियों की स्क्रीनिंग कराई जा रही है बड़ी संख्या में आवेदन आ रहे हैं यह चुनाव एक बड़ा बदलाव लेकर आएगा आज लोग छोटी-छोटी समस्याओं से जूझ रहे हैं पूरे जिले और शहर में बदहाल स्थिति है लोगों के अंदर आक्रोश है जो आगामी नगर निकाय चुनावों में दिखाई देगा ।

## छात्राओं की छिपी प्रतिभा निभारने के लिए आयोजित हो रहा तरुण महोत्सवः शिप्रा

- 2 व 3 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम
- प्रेसवार्ता में दी गई जानकारी

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी।




**छात्राओं के** भीतर छुपी प्रतिभाओं को निखारने व प्रोत्साहित करने हेतु विगत वर्षों की भांति विद्यालय में 2 व 3 दिसम्बर को तरूण महोत्सव का द्विदिवसीय कार्यक्रम आयोजित है। जिसके माध्यम से विद्यालय की छात्राओं का मानसिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक क्षमता का विकास करने का प्रयास करता है। इस महोत्सव के माध्यम से छात्राओं को उनकी अभिरुचियों के आधार पर एक खुला मंच दिया जाता है। जिसमें विद्यालय की लगभग सभी छात्राएं किसी न किसी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती हैं। यह एक अन्तर्विद्यालयीन कार्यक्रम है जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कालेज के अतिरिक्त नगर के विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं भी अपनी प्रतिभा दिखाने हेतु प्रतिभाग करती हैं। प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने बताया कि तरुण महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों को उनकी कलात्मक योग्यता/क्षमता के आधार पर निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया है। तरुण महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अल्पना सिंह पत्नी श्री महेन्द्र बहादुर सिंह जिलाधिकारी खीरी, अध्यक्ष आकांक्षा समिति, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रद्धा सिंह, उप जिलाधिकारी सदर लखीमपुर एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती शिखा गौतम पत्नी आलोक गौतम एआरटीओ, सदस्य आकांक्षा समिति के कर कमलों द्वारा दो दिसम्बर को होगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। प्रेसवार्ता के दौरान डा. राकेश माथुर, नूतन गुप्ता, चन्द्रभूषण साहनी, विमल अग्रवाल, अमित गुप्ता, श्याम कुमार तिवारी, व सदस्य प्रबंधक उपस्थित रहे।

## उच्च रक्तचाप को लेकर प्रबन्धन कार्यशाला आयोजित



**लखीमपुर-खीरी।** एसपी संजीव सुमन के निर्देशन में प्रतिसार निरीक्षक खीरी, शिवनारायण के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस लाईन खीरी में पुलिसकर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं बीमारियों से बचाव हेतु यौगिक अभ्यास द्वारा उच्च रक्तचाप का प्रबन्धन कार्यशाला का आयोजन कराया गया। इस कार्यशाला का आयोजन योग विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता, श्री अमित गौरइया जी द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में जनपद खीरी के सभी थानों से लगभग 200 पुलिसकर्मी उपस्थित हुए। सभी पुलिसकर्मियों की निरूशुल्क रक्तचाप की जाँच की गई, जिसके आधार पर स्वास्थ्य का मूल्यांकन करके आवश्यकतानुसार इलाज कराया जा सकेगा। योग विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता, श्री अमित गौरइया जी द्वारा सभी पुलिसकर्मियों को उच्च रक्तचाप व निम्न रक्तचाप को नियन्त्रित रखने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यशाला से पुलिसकर्मियों को अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा तथा बीमारियों की समय से जानकारी हो जाने से बेहतर इलाज उपलब्ध हो सकेगा।

## बिना बताए गर्भपात कराने का मामला

## तहरीर देने के बावजूद दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट

### जाने कितने अवैध अस्पताल कर रहे लोगों की जान से खिलवाड़

संवाददाता। बेहजम-खीरी

**कस्बे में** बीते शनिवार को साकेत चिकित्सालय के बीएचएमएस (होम्योपैथिक) डॉक्टर के द्वारा संचालित किए जा रहे नर्सिंग होम में धवरपुर की आसमां देवी की मर्जी के बगैर कर अबोर्शन (गर्भपात) की जानकारी होने पर महिला के हृदय पर बज्राघात किया। चिकित्सालय की चौखट के बाहर निकलने पर फूट-फूटकर रोते हुए महिला की करुण कहानी सुनकर ग्रामीणों ने महिला की बात को रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। महिला के परिजनों ने महिला को लेकर नीमगांव थाने में तहरीर दी। जिसके दूसरे दिन न्याय की आस में थाने में पहुंची पीड़िता वहां तब तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। वहीं पर पहले से ही मौजूद आरोपी डॉक्टर थाने के अंदर ही महिला के परिजनों की मान मनौव्वल में जुट गया। महिला बेहद मानसिक अवसाद में थी जिसके चलते वह कोई भी निर्णय लेने में सक्षम नहीं दिखाई दे रही थी। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक नीमगांव अवधेश यादव ने इस मामले की संपूर्ण जांच चौकी प्रभारी बेहजम को सौप कर कार्यवाही करने को कहा। लेकिन वायरल खबरों का संज्ञान लेते हुए सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने एसीएमओ डॉ अश्वनी कुमार को सोमवार को मौके पर जांच करने के लिए भेजा। डॉ अश्वनी कुमार ने सीएससी अधीक्षक अनिल वर्मा व डाक्टर संतोष शुक्ला के साथ बंद कमरे में बैठकर पीड़िता एवं आरोपी पति-पत्नी डॉक्टर के बयान दर्ज कर उच्च अधिकारियों को जांच प्रेषित की या नहीं की। इस बारे में उनके मोबाइल नंबर 9415423960 पर संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनका मोबाइल स्विच बंद होने के कारण संपर्क नहीं हो सका। इस बारे में सीएमओ डाक्टर संतोष गुप्ता ने बताया कि जांच टीम गठित की गई थी जांच टीम मौके पर पहुंचकर आरोपी डॉक्टर व पीड़िता के बयान दर्ज कर लौट आई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।स्वास्थ्य विभाग की नियमावली का खुलेआम उल्लंघन करने वाले आरोपी डॉक्टर के




पास होम्योपैथिक की डिग्री होने के चलते आरोपी डॉक्टर के द्वारा नर्सिंग होम खोलकर खुलेआम एलोपैथिक की दवाइयों का उपयोग कर ग्रामीण क्षेत्र की भोली-भाली गरीब जनता के जीवन से खिलवाड़ कर उनका इलाज किया जा रहा है। यह सब कुछ माजरा सी एच सी डॉक्टर अनिल वर्मा की नाक के नीचे हो रहा यह सब मामला स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी समेत पुलिस विभाग के अधिकारी जान कर भी आरोपी चिकित्सक के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करने के बजाय अभयदान देने का काम किया जा रहा है। क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ। आखिर क्या कारण है नीमगांव पुलिस को पीड़िता के द्वारा 26 नवंबर को दिए गए आरोपी चिकित्सक के विरुद्ध तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया? इस मामले में इंस्पेक्टर नीमगांव अवधेश यादव से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि महिला ने पहले तहरीर पुलिस चौकी पर दी थी जिसको पीड़िता के द्वारा वापस ले लिया गया था। इस कारणवश मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है अगर पीड़ित महिला पुनः तहरीर देती है तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी। इस मामले को मैनेज कराने में सत्ता पक्ष के क्षेत्रीय छुटभैया नेताओं के द्वारा लगातार आरोपी डॉक्टर पीड़िता के परिजनों के साथ बैठके की जा रही हैं। पीड़िता को पैसे का प्रलोभन देकर मामला शांत कराने का प्रयास जारी है।

## उचौलिया थाने का पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन





**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी तहसील के विकास खंड पसगवां के उचौलिया थाने का पूजा-अर्चना के बाद पुलिस अधीक्षक सजीव सुमन ने उद्घाटन किया। गौरतलब है कि शासन ने जनता की मांग पर शाहजहांपुर और सीतापुर हाईवे पर इस चौकी को नये थाने के रुप में स्वीकृति प्रदान की थी। उसके उपरांत इसने थाने पर नए थानाध्यक्ष के रूप में रविंद्र सोनकर की नियुक्त की गई थी परंतु भवन निर्माण से लेकर अन्य मांगों को पूरा करने में समय लगा। उसके उपरांत

### एसपी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने इस थाने का उद्घाटन किया। उद्घाटन से पूर्व पुलिस अधीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा विधि विधान और पूजा अर्चना के बाद इस नए थाने का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने कहा कि यह थाना जनता को समर्पित है तथा अब आप लोगों को काफी दूरी तय करने के बाद पसगवां थाना जाने की जरूरत नहीं होगी।

अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए शासन स्तर से इस थाने का निर्माण हुआ है। नए थानाध्यक्ष रविंद्र सोनकर ने आए हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। उद्घाटन पर आस-पड़ोस के सम्मानित लोगों को भी आमंत्रित किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों का जमावड़ा देखने को मिला। आम जनता ने भी इस नए थाने बनने पर अपनी खुशी जाहिर की है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव, पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा कोतवाल मोहम्मदी अबरसिंह पसगवा कोतवाल निर्भय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी रहे मौजूद,नये थाने मे 50गाव किये गये शामिल, शाहजहांपुर और लखनऊ हाईवे पर बने नये थाने से आमजनता को मिलेगी राहत।

## केंद्रीय गृहराज्य मंत्री ने नगर पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण

**निघासन-खीरी।** नगर पंचायत कार्यालय उद्घाटन के उपलक्ष्य में पहुंचे मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी का जोरदार स्वागत किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि के द्वारा नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण भी किया गया। उसके बाद नगर पंचायत वासियों को संबोधित किया।

संबोधित करते हुए बताया कि बहुत दिनों से ग्रामीणों की मांग थी कि नगर पंचायत का दर्जा मिले। संज्ञान में लेते हुए आप सबके समर्थन से मैंने प्रयास किया। जिसका आज कार्यालय बनकर तैयार हुआ। इसका आज नगर विकास मंत्री के द्वारा वर्चुअल उद्घाटन किया जा रहा है। अधिशासी



अधिकारी के प्रशंसा करते हुए बताया कि युवा है। कार्य करेंगे। युवाओं को आगे आना चाहिए। बताया कि सरकार द्वारा जितने भी योजनाएं चल रही हैं। उनका लाभ जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। सरकार आम जनता के लिए काम कर रही है। जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसका लाभ आम जनता को मिलना चाहिए। किसी भी प्रकार से कोई भी लाभार्थी किसी भी योजना से वंचित ना हो। कार्यक्रम का संबोधन सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने भी किया। इस दौरान डीएम निघासन राजेश कुमार अधिशासी अधिकारी सत्यकि शुक्ला नागेंद्र सिंह सेंगर मोनू दीक्षित रतिराम लोधी वीरेंद्र मिश्रा बद्री प्रसाद मौर्य महेश गुप्ता दयाशंकर मौर्य दिग्विजय गुप्ता हरीश पांडे संजय गिरी प्रदीप गुप्ता कमलेश गुप्ता अशोक चौबिया राहुल निषाद विपिन मौर्य आज क्षेत्रीय व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कट्टरपंथ से निपटने में उलेमा की महत्वपूर्ण भूमिका : अजीत डोभाल

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को कहा कि इस्लाम के मूल सहिष्णु एवं उदारवादी सिद्धांतों के बारे में लोगों को शिक्षित करने तथा प्रगतिशील विचारों से कट्टरपंथ का मुकाबला करने में उलेमा की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत और इंडोनेशिया में अंतर-धार्मिक शांति एवं सामाजिक सौहार्द की संस्कृति को आगे बढ़ाने में उलेमा की भूमिका विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए डोभाल ने कहा, हमें कट्टरता से दूर होने के साझे विचारों को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है।

गौरतलब है कि इंडोनेशिया के राजनीतिक, कानूनी एवं सुरक्षा मामलों के समन्वय मंत्री मोहम्मद महफूद सोमवार से भारत की यात्रा पर हैं। उनके साथ 24 सदस्यीय एक शिष्टमंडल भी आया है, जिसमें उलेमा के अलावा अन्य धार्मिक नेता भी शामिल हैं। इंडिया इस्लामिक सेंटर में इंडोनेशिया से आए शिष्टमंडल ने यहां भारतीय समकक्षों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की। डोभाल ने अपने शुरुआती संबोधन में कहा कि चरमपंथ और आतंकवाद इस्लाम के अर्थ के खिलाफ है, क्योंकि इस्लाम का मतलब शांति और सलामती होता है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में नफरती भाषण, पूर्वाग्रह, दुष्प्रचार, हिंसा, संघर्ष और तुच्छ कारणों से धर्म के दुरुपयोग के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि भारत और इंडोनेशिया आतंकवाद और अलगाववाद से पीड़ित रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां इन चुनौतियों से काफी हद तक निपटा गया है, वहीं सीमापार और आईएसआईएस प्रेरित आतंकवाद खतरा बना हुआ है। डोभाल ने कहा, आईएसआईएस प्रेरित व्यक्तिगत आतंकी प्रकोष्ठ के खतरों का मुकाबला करने के लिए नागरिक संस्थाओं का सहयोग जरूरी है।

## लोक जनशक्ति पार्टी के चुनाव चिह्न विवाद में सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी के चुनाव चिह्न से जुड़े विवाद के हल के लिए निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा मंगलवार को होने वाली व्यक्तिगत सुनवाई स्थगित कर दी गई है क्योंकि चिराग पासवान ने गुजरात विधानसभा चुनावों में अपनी व्यस्तता के कारण स्थगन का अनुरोध किया था। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आयोग ने व्यक्तिगत सुनवाई के लिए चिराग पासवान और पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाले धड़ों को आज दोपहर चुनाव निकाय के मुख्यालय निर्वाचन सदन में बुलाया था। सूत्रों के अनुसार हाल ही में चिराग पासवान ने सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा था कि वह गुजरात के विधानसभा चुनाव में व्यस्त हैं जहां एक दिसंबर और पांच दिसंबर को मतदान है। सूत्रों ने कहा कि आयोग ने अभी अगली तारीख नहीं तय की है। आयोग ने अक्टूबर 2021 में अपने अंतरिम आदेश में, दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को लोक जनशक्ति पार्टी के नाम या उसके चुनाव चिह्न बंगला के उपयोग करने पर तब तक के लिए रोक लगा दी थी जब तक कि उनके बीच विवाद का हल नहीं हो जाता। पासवान के गुट को अब लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) नाम मिला है और उसका चुनाव चिह्न हेलीकॉप्टर है।

## गुजरात चुनावः आप के सीएम पद के उम्मीदवार गढ़वी के सामने त्रिकोणीय मुकाबला

**खंभालिया (गुजरात)।** गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार ईशुदान गढ़वी खंभालिया से मैदान में हैं, जिसके चलते इस सीट पर सबकी नजरें हैं। गढ़वी को इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले का सामना करना होगा, जहां से कांग्रेस ने अपने मौजूदा विधायक विक्रम मदाम को टिकट दिया है जबकि भाजपा ने मुलुभाई बेरा को उतारा है। आप में शामिल होकर राजनीति में प्रवेश करने से पहले एक लोकप्रिय गुजराती समाचार वाचक रहे गढ़वी की छवि अच्छी है और वह राज्य में अपनी पार्टी के मुख्य प्रचारक के रूप में उभरे हैं, लेकिन चुनावी जानकारों का कहना है कि इस निर्वाचन क्षेत्र के सामाजिक समीकरण उनके लिए एक चुनौती हैं। दिग्गज नेता व पूर्व लोकसभा सदस्य मदाम और राज्य के पूर्व मंत्री बेरा दोनों अहीर समुदाय से संबंध रखते हैं। जाति के हिसाब से इस सीट पर अहीर समुदाय से संबंध रखने वालों की संख्या सबसे अधिक है जबकि मुसलमान मतदाता भी काफी महत्वपूर्ण हैं। चुनाव पर नजर रखने वालों का कहना है कि मतदान में जाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और आप नेता गढ़वी को नुकसान हो सकता है क्योंकि इस सीट पर उनके समुदाय के मतदाताओं की संख्या बहुत कम है जबकि मुसलमानों का रूझान कांग्रेस की तरफ है।

हालांकि, गढ़वी ने खुद को एक किसान के बेटे के रूप में पेश किया है। उन्होंने कहा है कि वह सभी के लिए काम करेंगे और सामुदायिक पहचान को बढ़ावा नहीं देंगे। आप के नेता व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि गढ़वी रिकॉर्ड अंतर से जीत हासिल करेंगे। कांग्रेस और भाजपा दोनों के कार्यकर्ताओं ने दावा किया है कि मुकाबला उनके दलों के बीच है और आप इस लड़ाई में तीसरे स्थान पर रहेगी। हालांकि, आप सदस्यों का कहना है कि परंपरागत रूप से दोनों बड़े दलों को उनकी पार्टी के आने से झटका लगा है। भाजपा ने 2007 और 2012 में यह सीट जीती थी, लेकिन 2014 के उपचुनाव में वह कांग्रेस से हार गई थी। कांग्रेस ने 2017 के चुनाव में यह सीट बरकरार रखी थी। खंभालिया देवभूमि द्वारका जिले में पड़ता है, जो सौराष्ट्र क्षेत्र का एक हिस्सा है। इस सीट पर पहले चरण में एक दिसंबर को मतदान होना है। राज्य में दूसरे चरण के तहत पांच दिसंबर को मतदान होना है जबकि मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

## क्विक न्यूज

### दुबई से जयपुर पहुंचे यात्री से 31.43 लाख रुपए मूल्य का सोना जब्त

**जयपुर।** सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दुबई से आए एक यात्री के पास से 31.43 लाख रुपए मूल्य का सोना जब्त किया है। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यात्री से जब्त 582.200 ग्राम वजनी सोने की कीमत 31 लाख 43 हजार 880 रुपए आंकी गई है। उन्होंने बताया, सोमवार रात विमान से दुबई से जयपुर पहुंचे यात्री ने यह सोना इमरजेंसी लाईट में छुपा रखा था।

### जगन्नाथ मंदिर के अंदर की तस्वीरें खींचकर फेसबुक पर डालने को लेकर बांग्लादेशी यूट्यूबर गिरफ्तार

**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर के गर्भगृह की तस्वीरें खीचकर सोशल मीडिया पर डालने के आरोप में 23 वर्षीय बांग्लादेशी यूट्यूबर (यूट्यूब पर वीडियो अपलोड करने वाला) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंदिर के अंदर कैमरे का इस्तेमाल वर्जित है। अधिकारी ने बताया कि अपराध संज्ञेय नही था, इसलिए बाद में एक स्थानीय अदालत ने उसे जमानत दे दी। एक सप्ताह पहले आरोपी आकाश चौधरी द्वारा फेसबुक पर अपलोड की गईं तस्वीरें कुछ ही समय बाद सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हो गईं थीं, जिसके चलते 12वीं सदी के इस मंदिर की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। अधिकारी ने बताया कि मंदिर प्रशासन ने यहां सिंहद्वार थाने में बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र के निवासी चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।वृंदावन के लिए रवाना हो चुके चौधरी को पुलिस ने वापस बुलाया, जिसके बाद वह सोमवार को पुरी लौट आया। चौधरी के खिलाफ नियमों का उल्लंघन करके गर्भगृह की तस्वीरें खीचने और फेसबुक पर डालने के आरोप में श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम, 1954 और आईटी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उसका फोन और पासपोर्ट भी जब्त कर लिया गया। बाद में युवक को एक स्थानीय अदालत से जमानत मिल गई।

### सात स्थानों पर पुलिस चौकियां स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी

**शिलॉंग।** मेघालय मंत्रिमंडल ने असम से लगी राज्य की सीमा से सटे हिंसा प्रभावित मुकरोह गांव सहित सात स्थानों पर पुलिस चौकियां स्थापित करने के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, मंत्रिमंडल ने खासी जयंतिया हिल्स क्षेत्र में सात चौकियां स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इन चौकियों में से दो वेस्ट जयंतिया हिल्स जिले में अंतर-राज्ईय सीमा से लगे मुकरोह और तिहवीह गांवों में बनाई जाएंगी। अंतरराज्यीय सीमा के पास 22 नवंबर को हिंसा भड़क उठी थी, जब असम के वन रक्षकों द्वारा कथित रूप से अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों से लदे एक ट्रक को रोका गया था। हिंसा में छह लोगों की मौत हो गई थी। संगमा ने कहा कि अन्य सीमा चौकियां असम-मेघालय सीमा पर लंगपीह, लेजाडुबी, उमवाली, मुरीप और रानी में स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पथरखमाह और किरशाई में मौजूदा चौकियों को थानों में बदला जाएगा। मुख्यमंत्री के मुताबिक, प्रत्एक सीमा चौकी के संचालन पर सालाना करीब दो करोड़ रुपए का खर्च आएगा। संगमा ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को विवादित सीमावर्ती इलाकों के कुछ गांवों का दौरा करने और रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया है।

### बुरहानपुर में बदमाशों ने वन विभाग की चौकी से 17 बंदूकें लूटी

**बुरहानपुर (मप्र)।** मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले में अज्ञात लोगों ने वन विभाग की एक चौकी से 17 बंदूकें लूट ली। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि यह घटना सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे नेपानगर तहसील के नावरा वन क्षेत्र की ग्राम बाकड़ी स्थित वन चौकी पर हुई। पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया, सोमवार रात को नेपानगर क्षेत्र के बाकड़ी में बनी वन चौकी से हथियार लूटने की वारदात हुई है। बदमाशों ने 17 बंदूकें लूटी हैं। उन्होंने कहा कि घटना के वक्त चौकी में एक दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी तैनात था। लोढ़ा ने बताया कि इस कर्मचारी के मुताबिक करीब 15 से 20 लोग अचानक चौकी में आए और चौकी में तोड़फोड़ कर वहां रखे हथियारों को लूट लिया। घटना के बाद घटनास्थल का दौरा करने वाले पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आरोपियों को पकड़ने और चोरी किए गए हथियारों को बरामद करने के लिए दो पुलिस दलों का गठन किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, वन विभाग और पुलिस की टीम पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और पेड़ों की अवैध कटाई को रोकने के लिए अभियान चला रही है।

## अमृतसर में बीएसएफ महिला कर्मियों ने पाकिस्तान का ड्रोन मार गिराया

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक महिला दस्ते ने 3.1 किलोग्राम नशीले पदार्थ के साथ पाकिस्तान से पंजाब के अमृतसर जिले की सीमा में दाखिल हुए एक ड्रोन को मार गिराया और सीमा पार से मादक द्रव्य की तस्करी की साजिश नाकाम कर दी। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ कर्मियों ने सोमवार रात को अमृतसर शहर से करीब 40 किलोमीटर उत्तर में चाहरपुर गांव के पास भारतीय क्षेत्र में ड्रोन को घुसते देखा। उन्होंने बताया कि 73 बटालियन की दो महिला कांस्टेबल ने ड्रोन पर 25 गोलियां दागीं और उसे रात 11 बजकर पांच मिनट पर मार गिराया।

उन्होंने बताया कि तलाश अभियान के दौरान बीएसएफ को छह रोटर (पंख) वाला मानवरहित यान हेक्साकॉप्टर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त स्थिति में मिला। उन्होंने बताया कि 18 किलोग्राम वजनी ड्रोन में 3.11 किलोग्राम नशीला पदार्थ रखा था, जिसे उसके नीचे सफेद रंग की एक पॉलिथीन में लपेटकर रखा गया था। बल के एक प्रवक्ता ने कहा, बीएसएफ के सतर्क कर्मी एक ड्रोन को पकड़ने और तस्करी की कोशिश को नाकाम करने में फिर सफल रहे। ड्रोन को महिला कर्मियों ने मार गिराया। एक अधिकारी ने बताया कि इस बीच, सोमवार देर रात 10 बजकर 57 मिनट पर वडई चीमा सीमा चौकी पर एक और ड्रोन दिखा। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के बलों ने मानरहित यान पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद वह पाकिस्तान की सीमा में लौट गया।

## झारखंड पुलिस ने बलात्कार मामले में छत्तीसगढ़ उपचुनाव के भाजपा उम्मीदवार, तीन अन्य को नोटिस भेजा

**भाषा।** कांकेर (छत्तीसगढ़)

**छत्तीसगढ़ में** भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार समेत चार लोगों को झारखंड पुलिस ने बलात्कार के एक मामले में नोटिस भेज कर थाने में हाजिर होने के लिए कहा है। भाजपा उम्मीदवार ब्रम्हानंद नेताम और तीन अन्य इस मामले में आरोपी हैं। नोटिस में आरोपियों से कहा गया है कि उनके खिलाफ झारखंड के टेल्को थाना में बलात्कार के मामले में भारतीय दंड संहिता, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम और अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों से कहा गया है कि वे इस मामले की जांच में सहयोग करते हुए मंगलवार सुबह 10 बजे कैंप थाना कांकेर में उपस्थित हों।

छत्तीसगढ़ में सत्ताधारी दल कांग्रेस ने 20 नवंबर को दावा किया था कि भाजपा के पूर्व विधायक और भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम 15 मई, 2019 को जमशेदपुर के टेल्को पुलिस थाने में दर्ज बलात्कार के एक मामले में आरोपी हैं लेकिन उन्होंने अपने चुनावी शपथपत्र में कथित तौर पर अपने खिलाफ दर्ज अपराध को छुपाया था। छत्तीसगढ़ पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि झारखंड के टेल्को पुलिस थाने का एक दल सोमवार को कांकेर पहुंचा और नेताम तथा तीन अन्य आरोपियों केशव सिन्हा, नरेश सोनी और दीपांकर सिन्हा के ठिकाने का पता लगाने के लिए स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। छत्तीसगढ़ पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि झारखंड पुलिस के दल ने सोमवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की थी। मंगलवार की सुबह स्थानीय पुलिस के साथ झारखंड पुलिस चारों आरोपियों के घर पहुंची थी। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 366 ए (नाबालिग लड़की की खरीद), 376 (बलात्कार), 376 एबी (12 साल से कम उम्र की लड़की से बलात्कार) एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) तथा अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। राज्य में इस उपचुनाव के दौरान झारखंड पुलिस की कार्वाई से राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर उपचुनाव में हार की आशंका से नेताम की छवि खराब करने के लिए हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के साथ मिलीभगत कर साजिश रचने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने सवाल किया है कि जब 2019 में मामला दर्ज किया गया था तब झारखंड पुलिस ने लंबे समय तक कार्वाई क्यों नहीं की। राज्य के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट से विधायक और विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज सिंह मंडावी की मृत्यु के बाद से यह सीट रिक्त है।


## शिवसेना धड़ों से संबंधित मामले पर 12 दिसंबर को सुनवाई करेगा निर्वाचन आयोग

**भाषा।** नई दिल्ली

**निर्वाचन आयोग** चुनाव चिह्न को लेकर शिवसेना के उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले विरोधी गुटों के मामले पर 12 दिसंबर को सुनवाई करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के चुनाव चिह्न से संबंधित विवाद ठोस सुनवाई के चरण में पहुंच गया है और दोनों गुटों की पहली व्यक्तिगत सुनवाई के लिए 12 दिसंबर की तारीख निर्धारित की गई है जिसके लिए मंगलवार को आवश्यक आदेश जारी किया गया। आयोग ने दोनों समूहों को निर्देश दिया कि यदि कोई अन्य बयान या दस्तावेज है तो वे इसे नौ दिसंबर शाम पांच बजे तक जमा कराएं। इस महीने की शुरुआत में, आयोग ने शिवसेना के विरोधी गुटों को 23 नवंबर तक पार्टी के नाम और उसके प्रतीक पर अपने-अपने दावों के समर्थन में नए दस्तावेज जमा कराने को कहा था। साथ ही उसने दोनों धड़ों से कहा था कि वे आयोग को सौंपे गए दस्तावेज एक दूसरे से साझा करें। अक्टूबर में एक अंतरिम आदेश में आयोग ने दोनों गुटों को पार्टी के नाम या उसके चिह्न धनुष और तीर का उपयोग करने से रोक दिया था। बाद में, आयोग ने पार्टी के नाम के रूप में ठाकरे गुट को शिवसेना- उद्धव बालासाहेब ठाकरे और शिंदे गुट को बालासाहेबंची शिवसेना (बालासाहेब की शिवसेना) नाम दिया था। निर्वाचन आयोग ने कहा था कि अंतरिम आदेश विवाद के अंतिम निर्धारण तकै जारी रहेगा। शिंदे ने शिवसेना के 55 में से 40 विधायकों और लोकसभा में इसके 18 में से 12 सदस्यों के समर्थन का दावा करते हुए ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत कर दी थी। शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस गठबंधन के मुख्यमंत्री के रूप में ठाकरे के इस्तीफे के बाद, शिंदे भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बने थे।

## मेघालय मंत्रिमंडल ने असम से लगी सीमा पर सात चौकियां स्थापित करने को मंजूरी दी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक सावित्री मित्रा की कथित विवादित टिप्पणियों के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा से बहिर्गमन किया। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, मालती रवा और अन्य ने प्रश्नकाल के बाद इस मुद्दे को लेकर स्थगन प्रस्ताव पेश किया, जिसे अध्यक्ष विमान बनर्जी ने यह कहते हुए स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि यह मामला राज्य सरकार से जुड़ा नहीं है। संविधान दिवस के दिन सदन में की कई कुछ टिप्पणियों को कार्यवाही से हटाए जाने का जिक्र करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आम बोलचाल में इस्तेमाल होने वाले कुछ शब्दों का प्रयोग विधानसभा में नहीं किया जा सकता। उन्होंने सदस्यों को सदन के अंदर और बाहर ऐसी टिप्पणियों से परहेज करने की सलाह दी जिससे कोई आहत हो सकता है। मालदा के माणिकचक से तृणमूल विधायक मित्रा हाल ही में उस समय विवादों में आ गईं जब उन्हें एक कथित वीडियो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य नेताओं को महाभारत का दुर्योधन और दुशासन बताते सुना गया। राज्य विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा किया था, जिसके बाद भाजपा के कई नेताओं ने टिप्पणी की निंदा की। माणिकचक विधायक ने विधानसभा सत्र के दौरान कहा कि उनके बयान का गलत अर्थ निकाला गया। जब वह अपनी बात कह रही थीं तब भाजपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।



उत्तराखंड में यूएस-इंडिया युद्ध अभ्यास में भाग लेते सेना के जवान

## भारत की आजादी के बाद गोवा की मुक्ति के लिए कांग्रेस सरकार ने कभी कोशिश नहीं की: सावंत

**अहमदाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में जारी भारत जोड़ो यात्रा पर तंज कसते हुए गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी पार्टी जब सत्ता में थी तो उसने गोवा को पुर्तगालियों के कब्जे से मुक्ति दिलाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया।

उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के 14 सालों बाद गोवा को वहां के स्वतंत्रता सेनानियों और देश के अन्य हिस्सों के संयुक्त संघर्ष की बदौलत पुर्तगालियों से मुक्ति मिली। गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत प्रचार अभियान समाप्त होने से पूर्व यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए सावंत ने कहा, गोवा को 1961 में आजादी मिली। जो आज भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हुए हैं, उनकी पार्टी के लोगों ने गोवा को भारत का हिस्सा बनाने और देश को एकजुट रखने की चिंता नहीं की। गोवा को अपना बचाव करने के लिए छोड़ दिया गया। सावंत चुनाव प्रचार के लिए गुजरात में थे।

पहले चरण के मतदान के मद्देनजर आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन था। पहले चरण में राज्य की 182 में से 89 सीटों पर एक दिसंबर को मतदान होना है। शेष 93 सीटों पर पांच दिसंबर को मतदान होगा। सावंत ने कहा, गोवा के स्वतंत्रता सेनानियों और देश का शुक्र है कि उसे आजादी के 14 सालों बाद पुर्तगालियों के शासन से मुक्ति मिली। यद्यपि कांग्रेस उस वक्त सत्ता में थी लेकिन उसने गोवा को मुक्ति दिलाने का कोई प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि तटीय प्रदेश गोवा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो विकास हुआ है, वह कांग्रेस के 50 सालों के शासन के मुकाबले बहुत अधिक है। उन्होंने कहा, हमने और प्रगति की होती यदि 2014 से पहले केंद्र की कांग्रेस सरकार ने हमें सहयोग दिया होता। लेकिन हमें उनका कोई सहयोग नहीं मिला।

## ममता ने कार्यक्रम बीच में रोका, अपर्याप्त प्रबंधों के लिए अधिकारी को फटकार लगाई

**भाषा।** हिंगलगंज (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर 24 परगना में मंगलवार को एक कार्यक्रम बीच में रोक दिया और जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) को वे कंबल एवं गर्म कपड़े परिसर नहीं पहुंचा पाने पर फटकार लगाई, जो वह स्थानीय लोगों में वितरित करने के लिए लाई थीं। बनर्जी ने स्थानीय लोगों की मौजूदगी में जिला मजिस्ट्रेट शरद द्विवेदी से कपड़े जल्द से जल्द परिसर लाने का प्रबंध करने को कहा। हिंगलगंज में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए हजारों लोग आए थे। इसे सरकारी योजना के लाभों और जाति प्रमाण पत्र वितरित करने के लिए आयोजित किया गया था।

बनर्जी ने द्विवेदी से कहा, मैं स्थानीय लोगों के लिए 15,000 गर्म कपड़े, कंबल लाई हूं। आपने उन्हें कहां रखा है? उन्हें तुरंत मेरे पास लाइए। आप जब तक उन्हें लेकर नहीं आते, मैं कार्यक्रम को आगे नहीं बढ़ाऊंगी... मैं यहां इंतजार करूंगी। मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर जिले में आई हैं। उन्होंने इस प्रकार की चूक के लिए डीएम और अन्य अधिकारियों को कड़ी कार्वाई की चेतावनी भी दी।उन्होंने कहा, मुझे खेद है, लेकिन अगर डीएम और प्रखंड विकास अधिकारी अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाते हैं तो मुझे कार्वाई करनी होगी। करीब 15 मिनट बाद परिसर में शॉल लाई गईं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वह स्थानीय महिलाओं के बीच।,000 शॉल वितरित करेंगी।इससे पहले हेलीकॉप्टर के जरिए मंगलवार दोपहर को यहां पहुंची मुख्यमंत्री ने स्थानीय देवी बोनबीबी के मंदिर जाकर प्रार्थना की और एक पेड़ लगाया।

## मोइली ने कोलेजियम प्रणाली संबंधी टिप्पणी को लेकर रीजीजू पर निशाना साधा

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के मुद्दे पर कानून मंत्री किरेन रीजीजू के एक हालिया बयान को लेकर मंगलवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि उनका बयान कानून के प्रतिकूल था तथा बतौर मंत्री उच्चतम न्यायालय को चुनौती देना उन्हें शोभा नहीं देता। पूर्व कानून मंत्री मोइली ने यह भी कहा कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति की कोलेजियम प्रणाली समय की कसौटी पर खरी उतरने वाली व्यवस्था है तथा इस बारे में रीजीजू की टिप्पणी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने उन्हें बर्खास्त करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने एक बयान में कहा, कानून मंत्री ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में जो अजीबोगरीब टिप्पणी की है वह देश के कानून के पूरी तरह प्रतिकूल है। कानून मंत्री के लिए यह शोभा नहीं देता कि वह उच्चतम न्यायालय को इस तरह से चुनौती दें। मोइली ने सवाल किया कि अगर इस तरह बयान दिए जाएंगे तो फिर लोकतंत्र कैसे बचेगा? उल्लेखनीय है कि कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति की व्यवस्था पर शुक्रवार को प्रहार करते हुए कहा था कि कॉलेजियम प्रणाली संविधान के प्रति सर्वथा अपरिचित शब्दावली है। उन्होंने यह भी था कि उच्चतम न्यायालय ने अपने विवेक से एक अदालती फैसले के जरिए कॉलेजियम का गठन किया। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया था कि 1991 से पहले सभी न्यायाधीशों की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती थी।

## सिद्धरमैया ने अपने जीवन पर फिल्म बनाए जाने से संबंधित खबरों की पुष्टि की

**भाषा।** शिवमोगा/बेंगलुरु

**कर्नाटक के** पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने अपने जीवन पर फिल्म बनाए जाने की खबरों पर मंगलवार को खुद मुहर लगाते हुए कहा कि कुछ लोगों ने इस संबंध में उनसे संपर्क किया है। ऐसी भी खबरें हैं कि तमिल अभिनेता विजय सेतुपति कांग्रेस के 75 वर्षीय नेता सिद्धरमैया की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है। सिद्धरमैया और पूर्व मंत्री व कनकगिरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवराज तंगाडगी के नेतृत्व में उनके कुछ प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर एक दौर की चर्चा हो चुकी है।

सिद्धरमैया ने शिवमोगा में पत्रकार के एक सवाल के जवाब में कहा, मुझे नहीं पता, कनकगिरी निर्वाचन क्षेत्र (कोप्पल जिले में) से आए कुछ लोगों ने कहा कि वे एक फिल्म बनवाना चाहते हैं। बस इतना ही। मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अभिनय करेंगे, तो कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिद्धरमैया ने कहा, नहीं...मैं नहीं...मुझे अभिनय नहीं आता। तंगाडगी ने फिल्म बनाने की योजना की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के कुछ युवा सिद्धरमैया के जीवन को एक फिल्म के जरिए सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इस सिलसिले में एम एस क्रिएशंस नामक प्रोडक्शन कंपनी भी पंजीकृत कराई है। उन्होंने कहा कि निर्देशक एक नया व्यक्ति है, जिसका नाम सत्यारतनम है। उन्होंने कहा, मेरे कनकगिरी निर्वाचन क्षेत्र के युवाओं ने सिद्धरमैया पर एक फिल्म बनाने की इच्छा के साथ मुझसे संपर्क किया था। हमने इस संबंध में सिद्धरमैया से मुलाकात की थी। उन्होंने (सिद्धरमैया) चुनाव का हवाला देते हुए कुछ समय मांगा। हम छह, सात या आठ दिसंबर को उनसे दोबारा मुलाकात करके फिल्म बनाने के लिए मंजूरी लेना चाहते हैं।

# चीन के शहरों में भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात

## कोविड-19 पाबंदियों के खिलाफ प्रदर्शन थमे

एपी। बीजिंग

विश्वविद्यालय देश में कोविड-19 की रोकथाम के लिए कड़ी होती पाबंदियों के मद्देनजर छात्रों को उनके घर भेज रहे हैं। चीन सरकार की तरफ से लागू पाबंदियों के खिलाफ देश के विभिन्न शहरों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं और प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

हालांकि मंगलवार को बीजिंग, शंघाई और अन्य प्रमुख शहरों में पुलिसकर्मियों की भारी तैनाती के चलते प्रदर्शनकारी शांत रहे। कुछ शहरों में सोमवार को कोविड-19 पाबंदियों में ढील दी गई थी। इसका मकसद सप्ताहांत में कम से कम आठ शहरों में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद फूटे लोगों के गुस्से को शांत करना था। हालांकि सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी अपनी जीरो कोविड रणनीति पर कायम है, जिसके चलते लाखों लोगों को अपने घरों में कैद होना पड़ा है।



सिंगहुआ विश्वविद्यालय के छात्रों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया, जहां से राष्ट्रपति शी चिनफिंग पढ़ाई कर चुके हैं। वहीं, बीजिंग और दक्षिणी प्रांत ग्वांगडोंग के अन्य विश्वविद्यालयों ने कहा कि वे छात्रों को कोविड-19 से बचाने के प्रयास कर रहे हैं। कुछ विश्वविद्यालयों ने छात्रों को रेलवे स्टेशनों तक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा है कि कक्षाएं और अंतिम परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी।बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा, हम इच्छुक छात्रों को उनके गृहनगर भेजने की व्यवस्था करेंगे। विश्वविद्यालय ने कहा कि कोई भी कर्मचारी या छात्र कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं पाया गया है। मंगलवार को संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या थोड़ी कम 38,421 रही। इससे पहले बीते कुछ दिन में कोविड-19 के रिकॉर्ड मामले सामने आ रहे थे। इन 38,421 संक्रमितों में से 34,860 में संक्रमण का कोई लक्षण नहीं दिखा है।

चीन के विभिन्न शहरों में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मध्य बीजिंग में जमा हुए करीब चार दर्जन प्रदर्शनकारियों ने कोविड-19 नीतियों के चलते जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के समूहों को अलग-अलग करने के लिए इलाके को घेर लिया। नियमों के अनुसार एक जगह पर 12 से अधिक लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के पहचान पत्रों की जांच की। हालांकि किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया।वहीं, हांगकांग में, प्रदर्शनकारियों ने चीनी विश्वविद्यालय के बाहर पोस्टर लगाए जिनपर लिखा था, डरना मत, भूलना मत, माफ मत करना। छात्रों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए चेहरा ढंक रखा था। उन्होंने कोई पीसीआर जांच नहीं, बल्कि इनसे आजादी चाहिए और तानाशाही का विरोध करो, गुलाम मत बनो के नारे लगाए। इसके अलावा उन्होंने मुख्यभूमि चीन में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों के समर्थन में नारे भी लगाए। इस बीच, अमेरिका ने कहा कि वह चीन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार के लिए खड़ा रहेगा और उसका समर्थन करना जारी रखेगा।

व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका चीन में हो रहे घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहा है। किर्बी ने कहा, दुनिया भर में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के लिए हमारा संदेश एक समान और वही है कि लोगों को इकट्ठा होने और नीतियों या कानूनों का शांतिपूर्वक विरोध करने का अधिकार दिया जाना चाहिए। ताइवान ने भी विरोध प्रदर्शनों पर टिप्पणी की, जिसे चीन अपना क्षेत्र बताता रहा है।ताइवान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जोआन ओउ ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "हम चीनी अधिकारियों से लोगों की उचित मांगों को सक्रिय रूप से पूरा करने और हालात जल्द से जल्द सामान्य होने देने का आह्वान करते हैं।



## इजराइली गोलीबारी में चार फलस्तीनी नागरिकों की मौत

**यरूशलम ।** एक फलस्तीनी व्यक्ति ने मंगलवार को एक इजराइली महिला सैनिक को अपनी कार से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद इजराइली पुलिस ने उसे गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। इसके साथ ही मंगलवार को इजराइली सुरक्षाबलों की गोलीबारी में मरने वाले फलस्तीनी नागरिकों की संख्या बढ़कर चार हो गई। इससे पहले फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा था कि इजराइल द्वारा गोलीबारी की अलग-अलग घटनाओं में कब्जे वाले पश्चिमी तट में तीन फलस्तीनी लोगों की मौत हो गई। पिछले दिनों, यरुशलम में बम विस्फोट में दो इजराइली नागरिकों के मारे जाने की घटना के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है और हिंसा की कई घटनाएं हुई हैं। फलस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी वफा के अनुसार, पश्चिमी तट में हेब्रोन शहर के उत्तर में इजराइली सैनिकों और निवासियों के बीच झड़पें हुईं। इजराइली सेना ने कहा कि फलस्तीनियों ने उसके सैनिकों को निशाना बनाते हुए पथराव किया और विस्फोटक फेंके। इजराइल के अनुसार, इसके बाद उसके जवानों ने गोलियां चलाई। इजराइली सेना के अनुसार, एक फलस्तीनी चालक ने यरुशलम के उत्तर में एक बस्ती के पास एक महिला पैदल यात्री को अपनी कार से टक्कर मार दी। सेना ने इसे जानबूझकर किया गया हमला बताया। इजराइली सेना ने बाद में पुष्टि की कि घायल महिला एक सैनिक है। इसके बाद पुलिस ने पीछा कर चालक को गोली मार दी।

## अमेरिका चीन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार का समर्थन करता रहेगा : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने सोमवार को कहा कि अमेरिका चीन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार के लिए खड़ा रहेगा और उसका समर्थन करना जारी रखेगा।व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका चीन में हो रहे घटनाक्रमों पर करीब से नजर रख रहा है। किर्बी ने कहा, दुनिया भर में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के लिए हमारा संदेश एक समान और वही है कि लोगों को इकट्ठा होने और नीतियों या कानूनों का शांतिपूर्वक विरोध करने का अधिकार दिया जाना चाहिए। कोविड-19 के कारण लागू सख्त प्रतिबंधों को लकर चीन सरकार के खिलाफ समूचे देश में प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, हम स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए हैं जैसा कि आप हमसे उम्मीद करते हैं। हम एक बार फिर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के साथ खड़े हैं और उसका समर्थन करते रहेंगे। किर्बी ने कहा कि अमेरिका ने इस वक्त चीन को किसी प्रकार की मदद देने की पेशकश नहीं की है। उन्होंने कहा, हम दुनियाभर में कोविड-19 रोधी टीकों के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता हैं। हमारे टीकों को प्राप्त करने में न तो चीन की कोई दिलचस्पी दिखी है और न ही उससे कोई अनुरोध मिला है।

## जनरल आसिम मुनीर ने पाकिस्तान के नए सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

भाषा। इस्लमाबाद

**पाकिस्तान की** खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने मंगलवार को देश के नए सेना प्रमुख के तौर पर कार्यभार संभाला। मुनीर जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह लेंगे। बाजवा को 2016 में तीन साल के लिए सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। साल 2019 में उन्हें तीन साल का सेवा विस्तार दिया गया था।मुनीर ने जनरल हैडक्कार्टर में आयोजित एक शानदार समारोह में कार्यभार संभाला और इसी के साथ वह आर्मी स्टाफ के 17वें प्रमुख बन गए। इस समारोह में वरिष्ठ अधिकारी, राजनयिक एवं नेता शामिल हुए। जनरल बाजवा ने इस मौके पर कहा, मुझे खुशी है कि मैं सेना की कमान सुरक्षित हाथों में सौंप रहा हूं। इसके बाद बाजवा ने जनरल मुनीर को कमान सौंपी। देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मुनीर को 24 नवंबर को सेना प्रमुख नामित किया था। पाकिस्तान में पूर्व में कई बार तख्तापलट हुआ है, जहां सुरक्षा एवं विदेशी नीति के मामलों में सेना के पास काफी शक्तियां है। मुनीर पहले ऐसे सेना प्रमुख है, जिन्होंने दो सबसे शक्तिशाली खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और मिलिट्री इंटेलिजेंस (एमआई) के प्रमुख के रूप में सेवाएं दी हैं। हालांकि वह अब तक सबसे कम समय के लिए आईएसआई प्रमुख रहे। आठ महीने के अंदर 2019 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के कहने पर उनकी जगह लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद को आईएसआई प्रमुख नियुक्त किया गया था।पाकिस्तान को अस्तित्व में आए 75 साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है और देश में आधे से अधिक समय तक सेना का शासन रहा है। ऐसे में देश के सुरक्षा और विदेश नीति मामलों में सेना का काफी दखल रहा है।मुनीर फ्रंटियर फोर्स रेजिमेंट के जरिए सेना में शामिल हुए थे। जब जनरल बाजवा एक्स कोर के कमांडर थे, तब मुनीर उनके मातहत फोर्स कमान नॉर्दन एरिया में ब्रिगेडियर थे। तब से मुनीर बाजवा के करीबी रहे हैं।बाद में 2017 की शुरुआत में मुनीर को मिलिट्री इंटेलिजेंस का प्रमुख नियुक्त किया गया था और उसके अगले साल अक्टूबर में आईएसआई प्रमुख बनाया गया था, लेकिन उन्हें कुछ समय बाद ही इस पद से हटा दिया गया था। इसके बाद उन्हें गुजरांवाला कोर कमांडर के तौर पर तैनात किया गया था और वह दो साल इस पद पर रहे। बाद में उन्हें क्वार्टरमास्टर जनरल के तौर पर स्थानांतरित कर दिया गया। वह पहले ऐसे सेना प्रमुख हैं, जिन्हें स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया है।

## चीन के साथ ब्रिटेन का स्वर्ण युग समाप्त हो गया है : ऋषि सुनक

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के प्र**धानमंत्री ऋषि सुनक ने ब्रिटेन-चीन संबंधों पर कहा कि ब्रिटिश मूल्यों और हितों के लिए चीनी शासन द्वारा प्रस्तुत व्यवस्थागत चुनौती के सामने द्विपक्षीय संबंधों का तथाकथित स्वर्ण युग समाप्त हो गया है। लंदन के लॉर्ड मेयर के भोज में सोमवार रात अपने पहले प्रमुख विदेश नीति भाषण में, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा कि वह एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के प्रति ब्रिटेन के दृष्टिकोण को विकसित करना चाहते हैं। उन्होंने चीन के मानवाधिकार रिकॉर्ड की भी आलोचना की।



हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि ब्रिटेन विश्व मामलों में चीन के महत्व को आसानी से नजरअंदाज नहीं कर सकता , इसलिए उनका दृष्टिकोण दीर्घकालिक रुख के हिसाब से दृढ़ व्यावहारिकता में से एक होगा। सुनक ने करीब सात साल पहले डेविड कैमरन के नेतृत्व वाली कंजरवेटिव पार्टी की सरकार के दौरान इस्तेमाल कथन का जिक्र करते हुए कहा, यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि तथाकथित स्वर्ण युग समाप्त हो गया है, साथ ही इस भोले विचार का भी अंत हो गया है कि व्यापार सामाजिक और राजनीतिक सुधार की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा, ना ही हमें सरलीकृत शीतयुद्ध वाली बयानबाजी पर भी भरोसा करना चाहिए। हम मानते हैं कि चीन हमारे मूल्यों और हितों के लिए व्यवस्थागत चुनौती प्रस्तुत करता है, एक ऐसी चुनौती जो अधिक गंभीर होती जाती है क्योंकि यह और भी अधिक अधिनायकवाद की ओर बढ़ती है। सुनक ने चीन द्वारा देश में लॉकडाउन विरोधी प्रदर्शनों और सप्ताहांत में बीबीसी के एक पत्रकार की गिरफ्तारी और उनके साथ मारपीट की आलोचना करते हुए कहा कि लोगों की चिंताओं को सुनने के बजाय, सरकार ने कार्वाई करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मीडिया और हमारे सांसदों को इन मुद्दों को उजागर करना चाहिए, जिसमें शिनजियांग में दुर्व्यवहार और हांगकांग में स्वतंत्रता में कटौती शामिल है। सुनक ने कहा, बेशक, हम वैश्विक आर्थिक स्थिरता या जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों के लिए वैश्विक मामलों में चीन के महत्व को आसानी से नजरअंदाज नहीं कर सकते। अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जापान और कई अन्य भी इसे समझते हैं। इसलिए साथ मिलकर हम कूटनीति और भागीदारी सहित इस तेज प्रतिस्पर्धा का प्रबंधन करेंगे। पिछले महीने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने सुनक को कंजरवेटिव पार्टी में नेतृत्व पद के मुकाबले के दौरान चीन के प्रति अपने नरम रुख के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। ऐसा लगता है कि उनका पहला प्रमुख विदेश नीति भाषण ऐसी किसी भी धारणा को खत्म करने के इरादे से दिया गया।

## डिजिटल रुपए के खुदरा उपयोग का एक को होगा पायलट परीक्षण

भाषा। मुंबई

**भारतीय रिजर्व** बैंक (आरबीआई) डिजिटल रुपए के खुदरा इस्तेमाल से संबंधित पहला पायलट परीक्षण एक दिसंबर को करेगा जिसमें सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के चार बैंक शामिल होंगे। आरबीआई ने मंगलवार को जारी बयान में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा के खुदरा उपयोग संबंधी पायलट परीक्षण की घोषणा की। आरबीआई ने कहा कि एक दिसंबर को बंद उपयोगकर्ता समूह (सीयूजी) में चुनिंदा जगहों पर यह परीक्षण किया जाएगा। इसमें ग्राहक एवं बैंक मर्चेंट दोनों शामिल होंगे।

इसके पहले केंद्रीय बैंक डिजिटल रुपए के थोक खंड का पायलट परीक्षण कर चुका है। एक नवंबर को डिजिटल रुपए के थोक खंड का पहला पायलट परीक्षण हुआ था। डिजिटल रुपए के खुदरा उपयोग के इस परीक्षण में भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक समेत चार बैंक शामिल होंगे। यह परीक्षण दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और भुवनेश्वर में किया जाएगा। आरबीआई ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक रुपया एक डिजिटल टोकन के स्वरूप में होगा जो एक वैध मुद्रा का प्रतिनिधित्व करता है। इसे इस समय जारी होने वाली कागजी मुद्रा एवं सिक्कों के मौजूदा आकार में ही जारी किया जाएगा। डिजिटल रुपए को बैंकों के माध्यम से वितरित किया जाएगा और उपयोगकर्ता पायलट परीक्षण में शामिल होने वाले बैंकों की तरफ से पेश किए जाने वाले डिजिटल वॉलेट के जरिए ई-रुपए में लेनदेन कर पाएंगे। यह लेनदेन पी2पी और पी2एम दोनों को ही किए जा सकेंगे। आरबीआई ने कहा कि यह डिजिटल रुपया परंपरागत नकद मुद्रा की ही तरह धारक को भरोसा, सुरक्षा एवं अंतिम समाधान की खूबियों से भी लैस होगा। आरबीआई ने कहा, नकदी की ही तरह डिजिटल रुपया के धारक को भी किसी तरह का ब्याज नहीं मिलेगा और इसे बैंकों के पास जमा के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

## सरकार फेम-दो नियमों का उल्लघंन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करेगीः मंत्री

**नई दिल्ली।** सरकार हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण की योजना (फेम) के तहत स्थानीयकरण नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्वाई करेगी। भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने मंगलवार को यह बात कही। मंत्री ने एसोचैम के एक कार्यक्रम से इतर कहा कि नियमों के कथित उल्लंघन के लिए जिन कंपनियों की जांच चल रही है, उनको सब्सिडी का वितरण रोक दिया गया है। पांडेय ने कंपनियों के स्थानीयकरण मानदंडों का उल्लंघन करने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम इसकी कड़ाई से जांच कर रहे हैं। अगर नियमों का उल्लंघन किया गया है, तो जरूरी कार्वाई की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, फेम-दो योजना के तहत कथित उल्लंघन करने वाली कंपनियों...हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक, रिवॉल्ट, ओकोए, एम्पियर और जितेंद्र ईवी की पड़ताल की जा रही है। फेम-दो के तहत कम से कम 50 प्रतिशत माल की खरीद स्थानीय स्तर पर करना जरूरी है।

## सरकार ने आठ साल में डीबीटी के जरिए दो लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए : सीतारमण

भाषा। भोपाल

**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने पिछले आठ साल में आधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से दो लाख करोड़ रुपए गलत हाथों में जाने से बचाए हैं। उन्होंने भोपाल में 21 वीं सदी के वैश्विक परिदृश्य में भारत का आर्थिक सामर्थ्य विषय पर दत्तोपन्त ठेंगड़ी स्मृति राष्ट्रीय व्याख्यानमाला-2022 को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा, देश में भाजपा और मोदी सरकार ने स्टार्टअप नीति बनाकर प्रोत्साहन दिया। हम अगले 25 साल के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाला भारत बना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, पिछले सात-आठ साल में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर सरकार ने दो लाख करोड़ से ज्यादा बचत की है। डीबीटी के जरिए जो पैसा जाता है उसका आधार सत्यापन होता है। उन्होंने कांग्रेस नीत पूर्व सरकारों पर तंज कसते हुए आरोप लगाया, कांग्रेस के समय में जो मर गए, जिनका जन्म नहीं हुआ, उनको भी पैसा मिलता था। सीतारमण ने कहा कि आज यहां राष्ट्रऋषि दत्तोपन्त ठेंगड़ी की स्मृति में व्याख्यान माला में हिस्सा लेना मेरा सौभाग्य है। ठेंगड़ी को भारत में विभिन्न संस्थानों के निर्माण और विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासनकाल के कठिन समय में भी उन्होंने जो कार्य किया, वह सराहनीय है। उन्होंने भारतीय मजदूर संघ के लिए संघर्ष किया।

## जीईएम पोर्टल से सार्वजनिक खरीद एक लाख करोड़ रुपए से अधिक हुई

भाषा। नई दिल्ली

**सरकारी खरीद** पोर्टल जीईएम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद चालू वित्त वर्ष में अब तक एक लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गई है। इसकी वजह विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की खरीद गतिविधियों में हुई वृद्धि है। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए नौ अगस्त, 2016 को गवर्नमेंट ई-मार्केट (जीईएम) पोर्टल शुरू किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि जीईएम पोर्टल देश के लिए उद्यमिता उत्साह दर्शाने और पारदर्शिता की दृष्टि से पासा पलटने वाला है।

## सिंगापुर के जुरोंग द्वीप में समुद्र में गिरने से भारतीय मजदूर की मौत

**सिंगापुर।** सिंगापुर के जुरोंग द्वीप के पास मचान बनाने का काम करते समय समुद्र में गिर जाने से 41 वर्षीय भारतीय नागरिक की मौत हो गई। जनशक्ति मंत्रालय (एमओएम) ने मंगलवार को मीडिया में जारी बयान में कहा कि घटना पिछले शुक्रवार को जुरोंग द्वीप पर पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई।मंत्रालय के बयान में भारतीय नागरिक की पहचान नहीं बताई गई है।चैनल न्यूज एशिया ने मंत्रालय के हवाले से कहा कि भारतीय नागरिक का शव उसी दिन बरामद कर लिया गया था।

## क्विक न्यूज

### सेबी ने अधिग्रहण नियमों की समीक्षा के लिए समिति गठित की

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अधिग्रहण नियमों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस पहल का मकसद उचित वैश्विक व्यवहार को अपनाकर मौजूदा नियमों को सरल और मजबूत बनाना है। नियामक की वेबसाइट पर दी जानकारी के मुताबिक, 20 सदस्ईय समिति की अध्यक्षता पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एस जे वजीफदार करेंगे। समिति में सेबी, शेयर बाजार बीएसई और एनएसई के साथ ही विधि फर्मों के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति नियामक को शेयरों के अधिग्रहण और कारोबारी सुगमता से संबंधित मामलों पर सलाह देगी।

### कोयले की वाणिज्यिक नीलामी को सफल बनाने के लिए आयोजित होगा निवेशक सम्मेलन

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि कोयला ब्लॉक की वाणिज्यिक नीलामी में बोलीदाताओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए इस सप्ताह मुंबई में एक निवेशक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी एक दिसंबर को होने वाले इन सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मुख्य अतिथि होंगे।कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस विशिष्ट अतिथि होंगे। इसी महीने कोयला मंत्रालय ने वाणिज्यिक खदानों की नीलामी के छठे दौर के तहत 133 कोयला खदानों की बिक्री की प्रक्रिया शुरू की थी।

### प्रदूषण मुक्त वाहनों पर ध्यान देना होगा

**लखनऊ।** आने वाली पीढ़ियों को बचाने के लिए अब सबको प्रदूषण मुक्त वाहनों पर ध्यान देना होगा। ये बातें ओमेगा सेकी मोबिलिटी के संस्थापक और अध्यक्ष उदय नारंग ने कही। उन्होंने लखनऊ में पहली डीलरशिप का उद्घाटन किया। अध्यक्ष उदय नारंग ने कहा कि ओएसएम भारत में कार्गो ईवी सेगमेंट के शिखर पर है। मुझे यकीन है कि हमारे ग्राहक हमारे द्वारा पेश किए जाने वाले अद्वितीय मूल्य प्रस्ताव से प्रसन्न होंगे। उद्योग के अग्रणी चार्जिंग समय के साथ सीमा की चिंता को हल करने से अंतिम मील रसद ग्राहकों के साथ.साथ उद्यमियों के लिए अधिक अपटाइम होगाए जिससे उनके व्यवसाय में अधिक मारक क्षमता बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश के लिए योजनाओं के बारे में बात करते हुए श्री नारंग ने कहा कि ओमेगा सेकी मोबिलिटी के उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद, कानपुर में केवल 2 शोरूम थे। लखनऊ उत्तर प्रदेश में तीसरा शोरूम है। हमारी योजना 2025 तक पूरे उत्तर प्रदेश में 50 शोरूम लॉन्च करने की हैए जिसका उद्देश्य राज्य में ईवी क्रांति लाने में तेजी लाना है। हम उत्तर प्रदेश में अपने ब्रांड ओएसएम ग्रिड के तहत उचित चार्जिंग बुनियादी ढांचा विकसित करने की भी योजना बना रहे हैं। ओमेगा सेकी मोबिलिटी भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में एक अग्रणी खिलाड़ी है। कंपनी ने रेज. ब्रांड के तहत स्वदेशी रूप से अपने स्वयं के 3 व्हीलर ईवी का डिजाइनए विकास और निर्माण किया है।

### टाटा एआईए का वाइटेलिटी पैकेज

**मुंबई।** टाटा एआईए लाइफइंश्योरेंस टाटा एआईए भारत में एक प्रमुख जीवन बीमा कंपनी ने अपने राइडर पैकेज, वाइटेलिटी के माध्यम से उपलब्ध एक अद्वितीय वेलनेस प्रोग्राम टाटा एआईए वाइटेलिटी . के लॉन्च के साथ रक्षा और जीवन शक्ति स्वास्थ्य जैसे जीवन बीमा समाधानों के अपने गुलदस्ते को बढ़ाया है। इस लॉन्च के साथ टाटा एआईए ने भारत में ग्राहकों को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध वाइटेलिटी प्लेटफॉर्म से परिचित कराया,जो पहले से ही 40 देशों में उपलब्ध है और पिछले 25 वर्षों में 30 मिलियन से अधिक व्यक्तियों को लाभान्वित किया है। उपयोग में आसान मोबाइल ऐप के माध्यम से सुलभ, टाटा एआईए के पॉलिसीधारक इसका उपयोग स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाने और स्वास्थ्य गतिविधियों को अपनाने के लिए कर सकते हैं जिससे एक स्वस्थ जीवन शैली का लाभ मिलता है। इस अवसर पर बोलते हुएए टाटा एआईए लाइफइंश्योरेंस के अध्यक्ष और मुख्य वितरण अधिकारी वेंकी अय्यर ने कहा कि हम उपभोक्ता जुनून के अपने मूल्य से प्रेरित हैं।

### सरकार ने इसरो को विस्फोटक नियम के प्रावधानों से छूट दी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अंतरिक्ष रॉकेट के लिए ठोस प्रणोदक के निर्माण, भंडारण, उपयोग और परिवहन के लिए मंजूरी लेने के नियम से छूट दी है। ठोस प्रणोदक अंतरिक्ष रॉकेट में इस्तेमाल होने वाला मुख्य ईंधन है। सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के तहत यह फैसला किया। इससे पहले, इसरो को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की एक शाखा पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) से लाइसेंस लेना पड़ता था। डीपीआईआईटी की एक अधिसूचना के अनुसार यह छूट कुछ शर्तों के तहत दी गई है।

## नरिश का नया टीवी विज्ञापन और सोशल मीडिया अभियान लॉन्च


**नई दिल्ली।** गुणवत्तापूर्ण पोषणके महत्व पर प्रकाश डालने के लिए मजाकिया रास्ता अपनाते हुए नरिश ने एक नया टीवीसी और सोशल मीडिया अभियान लॉन्च किया हैए जिसमें बौद्धिक चपलता को बेहतर करने के लिए गुणवत्तापूर्ण मेवे खाने की भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। नरिश का यह तीसरा टीवीसी है और यह सेहत की सुनो नरिश ही चुनो अभियान का एक अंग है। इसे टीवी चैनलोंए सोशल मीडियाए ओटीटी प्लेटफॉर्म्सए रेडियो और प्रिंट मीडिया पर लॉन्च किया गया है।बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक आशीष खंडेलवाल ने कहा इस नए टीवीसी के साथ हम पोषण लेने के सही तरीके को बढ़ावा देना चाहते हैंए विशेषकर पोषक तत्वों से भरपूर डाइट मेवों के मामले में। हम अपने सेहत की सुनो नरिश ही चुनो अभियान में इसे जोड़ते हुए काफी रोमांचित हैं।इस विज्ञापन की परिकल्पना बनाने वाली कंपनी लीड्स ब्रांड कनेक्ट की प्रबंध निदेशक ऋचा खंडेलवाल ने कहा शेट्टी बहनों ने हमेशा से ही स्वास्थ्य और पोषण के संबंध में सशक्त संदेश दिया है।

## बाजार में तेजी का सिलसिला छठे दिन भी जारी

### सेंसेक्स, निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर

भाषा। मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजारों में मंगलवार को लगातार छठे कारोबारी दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...एक बार फिर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख तथा विदेशी पूंजी का प्रवाह जारी रहने के साथ बाजार में तेजी रही।



तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 177.04 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड 62,681.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 382.6 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 55.30 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर 18,618.05 अंक पर बंद हुआ। कोटक सिक्योरिटीज लि. के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, बाजार में तेजी जारी है और प्रमुख मानक सूचकांक नई ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। ऐसे में निवेशकों को सतर्क होकर कारोबार करना चाहिए। चीन में कोविड महामारी की रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन को लेकर बढ़ता विरोध-प्रदर्शन चिंता का विषय है। लॉकडाउन से सुस्त पड़ती जा रही वैश्विक अर्थव्यवस्था पर और प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

उन्होंने कहा, अगर स्थिति नहीं सुधरी, इससे बाजार प्रभावित हो सकता है। लेकिन अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले भारत बेहतर स्थिति में है, निवेशक यहां दांव लगाने को तैयार हैं। सेंसेक्स के शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा, नेस्ले, डॉ. रेड्डीज, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन और एचसीएल टेक्नोलॉजीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, मारुति, पावरग्रिड और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं।आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के प्रमुख (बुनियादी शोध) नरेंद्र सोलंकी ने कहा, एशिया के अन्य बाजारों में सकारात्मक रुख के साथ भारतीय बाजार बढ़त के साथ खुला...दोपहर के कारोबार में दैनिक उपयोग का सामान तथा टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में सकारात्मक रुख बना रहा। उन्होंने कहा, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के सकारात्मक रुख से भी धारणा मजबूत हुई है। एफआईआई ने नवंबर महीने में अबतक 32,344 करोड़ रुपए का निवेश किया है और वे शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि जापान के निक्की में नुकसान रहा।यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट सोमवार को नुकसान में रहा था।

## ओएनजीसी गैस की कीमत पांच साल के लिए 6.5 डॉलर, रिलायंस-बीपी के लिए मूल्य में बदलाव नही

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा पुराने क्षेत्रों से निकलने वाली प्राकृतिक गैस पर पांच साल के लिए मूल्य सीमा लागू की जा सकती है। सरकार द्वारा किरीट पारेख की अगुवाई में नियुक्त गैस मूल्य समीक्षा समिति ने इसकी सिफारिश की है। सीएनजी और पाइपलाइन से आने वाली रसोई गैस पीएनजी की कीमतों में नरमी लाने के लिए ऐसा किया जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) को चार डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (प्रति इकाई) के न्यूनतम मूल्य और 8.57 डॉलर की मौजूदा दर के मुकाबले अब अधिकतम 6.5 डॉलर का भुगतान किया जाएगा। मामले से जुड़े तीन सूत्रों ने यह जानकारी दी।

# अध्यात्म के बिना धर्म संभव नहीं : भागवत

**भाषा।** प्रयागराज

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि समाज को जगाने वाले सभी महापुरुषों ने अध्यात्म को आधार बनाया है और इसके बिना धर्म संभव नहीं है। संगम नगरी के अलोपीबाग स्थित स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती के आश्रम में आयोजित आराधना महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए भागवत ने कहा, आप संत, महात्मा, सन्यासियों को देखें या सामाजिक जीवन में काम करने वाले महापुरुषों- रवींद्रनाथ टैगोर, गांधी जी या अंबेडकर को देखें। वह (अंबेडकर) भी कहते थे कि बिना धर्म के कुछ नहीं होगा। संघ प्रमुख ने कहा, धर्म का अर्थ है सबको साथ लेकर चलना, सबको साथ चलाना, सबको उन्नत करना। जहां धर्म नहीं है वहां लोग यह मानते हैं कि जो बलवान है वह आगे जाएगा और जो दुर्बल है वो मरेंगे ही। धर्म कहता है कि जो बलवान है उसे दुर्बलों की रक्षा करनी चाहिए। धर्म निकलता है अध्यात्म से। उन्होंने कहा, हमारे व्यक्तिगत जीवन, हमारे पारिवारिक जीवन और हमारे राष्ट्रीय सामाजिक जीवन को शुद्ध बनाने वाला अध्यात्म ही है। संघ प्रमुख ने कहा, यदि लोगों को मार्गदर्शन नहीं मिलता तो वे भटकते ही हैं। अपने राष्ट्र का सौभाग्य है कि अपने आचरण से लोगों का मार्गदर्शन करने वाले महापुरुषों की परंपरा अखंड रूप से चलती आई है। ब्रह्मलीन स्वामी शांतानंद सरस्वती उसी परंपरा से थे। भागवत ने कहा, जीवन को मनुष्य जीवन बनाने के लिए व्यक्ति को आध्यात्मिक होना पड़ेगा। भौतिक और आध्यात्मिक जीवन को अलग अलग करके देखने की वृत्ति, हमारी वृत्ति नहीं है क्योंकि हम एकात्म और समग्र दृष्टि से सारी बातों को देखते हैं। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य रहे ब्रह्मलीन ब्रह्मानंद सरस्वती की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित आराधना महोत्सव आठ दिसंबर, 2022 तक चलेगा जिसमें श्रीनाथ पीठाधीश्वर स्वामी आचार्य जितेंद्र नाथ जी महाराज द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण की कथा सुनाई जाएगी। उद्घाटन कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी, स्वामी आचार्य जितेंद्र नाथ जी महाराज और कई साधु संत शामिल हुए।

## ग्राम समाज की जमीन से अवैध कब्जे हटाने की सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे राजस्व कर्मी

**डलमऊ रायबरेली।** अवैध कब्जे,बंजर और परती भूमि पर डलमऊ कस्बे में राजस्व विभाग के जिम्मेदार अपनी मन मर्जी पर उतारू है जहां भूमि पर अवैध निर्माण व अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए वही राजस्व विभाग डलमऊ में जिम्मेदारों के गले मे हाथ डाले बड़े आराम से देखा जा सकता है और डलमऊ पुलिस राजस्व विभाग से राजस्व परिवाद के निपटारे की आस लगाए बैठे है जबकि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अब तहसीलदार और तहसीलदार (न्यायिक) को ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे हटाने और ऐसे मामलों का निस्तारण करने के लिए कानूनी तौर पर अधिकृत कर दिया है। कैबिनेट की ओर से एक वर्ष पूर्व 11 दिसंबर को तहसीलदार और तहसीलदार (न्यायिक) को उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा-67 के तहत सहायक कलेक्टर के तौर पर काम करने के लिए अधिकृत करने का प्रस्ताव मंजूर किए जाने के बाद राजस्व विभाग ने इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी है जिसके अनुपालन कि पूर्ण जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षक के कंधों पर डाल कर अपनी जिम्मेदारी से इति श्री कर ली गयी है. डलमऊ नगर क्षेत्र की बंजर भूमि किसी बड़े खजाने से कम नही है जिस पर राजस्व विभाग अपनी आंखें बंद कर लेता है आंखे बंद होने की बाकायदा एक कीमत तय की जाती है जिसके भुगतान होते ही सभी तरह के नियमो और राजस्व संहिता के निर्देश ताख पर रख दिया जाता है और फरियादी सिर्फ उपजिलाधिकारी डलमऊ के आदेश लेकर इधर उधर भटकता रहता है ये बात केवल बंजर पर ही नही बल्कि भूमिधरी जमीनों पर भी लागू होता है जहां उपजिलाधिकारी डलमऊ के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है जबकि उपजिलाधिकारी डलमऊ आशाराम वर्मा एवं तहसीलदार उमेश चंद्र शिकायतों के निपटारे में तत्परता क्षेत्र में चर्चा का विषय है।

# अल्पसंख्यक आयोग के निर्देश पर गठित कमेटी ने किया निरीक्षण

● **वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण ढहाने का मामला**

**संवाददाता।** तिलोई, अमेठी



**तिलोई** तहसील के टिकरी ग्राम पंचायत के गदुआपुर गांव में वन भूमि पर अतिक्रमण को ढहाए जाने के मामले में अल्पसंख्यक आयोग ने जांच के लिए गठित टीम से पहले 10 अक्तूबर को बाद में 2 दिसंबर को जवाब मांगा है। गौरतलब है कि बन भूमि पर अवैध अतिक्रमणकरता स्व यहिया ख़ान के द्वारा बनाए गए कामर्शियल कांप्लेक्स को प्रशासन ने ढहा दिया था उसी मामले को लेकर यहिया खान ने अल्पसंख्यक आयोग का दरवाजा खटखटाया था। अल्पसंख्यक आयोग ने एडीएमए डीएफओए बीडीओ की समिति गठित कर छह बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी थी।मंगलवार को एसडीएम न्यायिक असलम खान की अगुवाई में तहसीलदार पवन कुमार शर्माएवन क्षेत्राधिकारी जहीर मिर्जा एखंड विकास अधिकारी विजय कुमार अस्थानाएग्राम विकास अधिकारी जितेंद्र बहादुर सिंहएराजस्व लेखपाल रविकांत यादव ने मौके का निरीक्षण किया और अवैध कब्जेदार के वारिसानों से बयान लिए। मामले पर तहसीलदार तिलोई पवन कुमार शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व राजस्व लेखपाल यहिया खान द्वारा बन विभाग की भूमि गाटा संख्या 1248 में अवैध अतिक्रमण कर पहले आवास बनाया गया बाद में रोड साइड व्यवसायिक कांप्लेक्स बना दिया गया।जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा बेदखली की कार्यवाही करते हुए बीते अप्रैल माह में ढहा दिया गया था जबकि आवासीय भवन अब भी मौजूद है इसी मामले को लेकर यहिया खान अल्पसंख्यक आयोग गए थे और की गई कानूनी कार्यवाही को अवैध बताते हुए अल्पसंख्यक होने के चलते दुर्भावना से की गई कार्यवाही बताया था उसी मामले में 2 दिसंबर को अल्पसंख्यक आयोग ने रिपोर्ट मांगी है।

## क्विक न्यूज

### लोडर की टक्कर से वृद्ध की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** बेकाबू लोडर ने सड़क पार कर रहे वृद्ध को टक्कर मार दी जिससे उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम मकराव निवासी गोविंद प्रजापति (73) मंगलवार की दोपहर अपने घर से खेतों में शौच क्रिया जाने को निकला था तभी हाईवे में सुमेरपुर की तरफसे आ रहे बेकाबू लोडर ने गोविंद को टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। वहां मौजूद ग्रामीणों व परिजनों की मदद से घायल गोविंद को आनन फानन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां गोविंद की प्राथमिक ईलाज के दौरान ही मौत हो गयी।इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार न होने के चलते वह अपने भाई के साथ ही रहता था।

### रहमानिया मदरसा के पांच शिक्षकों व प्रबंधक के खिलाफ रिपोर्ट

**मौदहा (हमीरपुर)।** चौदह वर्ष पुराने मामले को लेकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कोतवाली पुलिस ने नगर में संचालित मदरसा रहमानिया के पांच शिक्षकों समेत सात लोगो के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गयी है। नगर के मदरसा रहमानिया में बीते चौदह वर्ष पूर्व नियुक्त किये गये अध्यापकों ने पांच माह पूर्व शासन से चौदह सालों का वित्तीय अनुमोदन मांगा था जिसके आधार पर शासन ने नियुक्त अध्यापकों की वरीयता को जांचने के आदेश जारी किए थे। जिसकी जांच करते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने शासन को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार जांच आख्या करने के उपरांत शासन के आदेशानुसार दिनांक 28 नवंबर को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तत्कालीन नियुक्त प्रबंधक वसी उल्लाह प्रधानाचार्य इंसाफ रजा खान सहित नजर मोहम्मद, मिशाल अहमद, सईद खान, मोहम्मद असद, मुख्तार अहमद सहित अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### जादू-टोना को लेकर दो समुदायों में विवाद, मामला दर्ज

**बस्ती (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के पैकोलिया थाना इलाके के एक गांव में जादू-टोने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद पैदा हो गया। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। पुलिस ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने कि बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दीपेंद्र चौधरी ने बताया कि थाना पैकोलिया के ऐनपुर गांव में सोमवार की शाम दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। उन्होंने कहा कि आज उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला पंजीकृत किया गया है। एएसपी ने कहा कि मामले में ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर बलवा एवं मारपीट का मामला पंजीकृत कर लिया है।

### पूर्व मंत्री समेत पांच को आत्मसमर्पण का आदेश

**बलिया (भाषा)।** बलिया जिले की एक अदालत ने एक छात्र नेता की हत्या के प्रयास के नौ साल पुराने मामले में पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता आनन्द स्वरूप शुक्ला सहित पांच आरोपियों को दो दिसंबर को आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। छात्र नेता के अधिवक्ता दिनेश तिवारी ने मंगलवार को बताया कि स्थानीय सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) के विशेष न्यायाधीश हुसैन अहमद अंसारी ने मंगलवार को सुधीर ओझा के मुकदमे में पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला सहित पांच आरोपियों को दो दिसम्बर को अदालत में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के सतीश चन्द्र महाविद्यालय में 15 जनवरी 2013 को छात्र नेता सुधीर ओझा की हत्या का प्रयास करते हुए चाकू से हमला किया गया था।

### पुलिस के छापे में पांच जुआरी गिरफ्तार

**जगम्मनपुर (जालौन)।** जुआ के फड़ पर रामपुरा थाना पुलिस व एसओजी टीम ने छापा डालकर पांच जुआरियों को मौके से गिरफ्तार किया है। मंगलवार की शाम पुलिस को सूचना मिली कि जगम्मनपुर में भीखेपुर तिराहे पर पेट्रोल पंप के पीछे कुछ जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रामपुरा राजीव कुमार सिंह बैस, उप निरीक्षक सुशील कुमार पाराशर, एसओजी टीम प्रभारी उप निरीक्षक अर्जुन सिंह चौहान मय हमराही मौके पर पहुंच गए पुलिस को देख जुआरी मौके से भागने लगे जिन्हें खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को जुआ के फड़ पर एक अदद ताश की गड्डी, नगद रुपया लगभग 29 हजार, तीन अदद मोबाइल फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार पांच अभियुक्त संतोष कुमार राठौर पुत्र रामगोपाल निवासी हुसेपुरा जागीर, अरुण कुमार पुत्र राम गोपाल राठौर निवासी हुसेपुरा जागीर, दिनेश कुमार पुत्र ईश्वरी प्रसाद निषाद निवासी मढेपुरा, देवीशंकर पुत्र शिवशंकर कुशवाहा निवासी जगम्मनपुर, शशिकांत दोहरे पुत्र गंगाराम दोहरे निवासी राजेंद्र नगर रामपुरा के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 133/2022 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर चालान किया गया है।

### लव जिहाद रूपी आतंकवाद से सनातन धर्म को खत्म करने की हो रही है साजिश : गिरिराज

**गाजीपुर (भाषा)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कहा कि लव जिहाद रूपी आतंकवाद से भारत में सनातन धर्म को खत्म करने की घृणित साजिश हो रही है। सिंह ने कहा कि सनातन धर्म को मानने वालों को एकजुट होकर इस षडयंत्र को विफल करना चाहिए। जिला मुख्यालय से 22 किमी दूर मोहम्मदाबाद तहसील मुख्यालय पर शहीद पार्क मे दिवंगत विधायक कृष्णानंद राय की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को केंद्रीय मंत्री संबोधित कर रहे थे। सिंह ने इस बात पर बल दिया कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की जरूरत है और ऐसा होता है तो देश का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि चीन में जहां प्रति मिनट 10 बच्चे पैदा होते है, वही भारत में प्रति मिनट 31 बच्चे पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से विकास तेज गति से नही हो पा रहा है।

### दहेज हत्या के मामले में पति को 14 साल की सजा

**बांदा(भाषा)।** बांदा जिले की एक विशेष अदालत ने दहेज हत्या के मामले में मृत महिला के दोषी पाए गए पति को 14 साल के कैद की सजा सुनाई है और उस पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। शासकीय अधिवक्ता देवदत्त मिश्रा ने बताया कि बिसंडा थाना क्षेत्र के सिंहपुर रोड ओरन निवासी संदीप साहू की पत्नी किरन साहू की दो जुलाई 2015 में ससुराल में जलकर मौत हो गई थी। किरन के पिता भारत साहू ने बिसंडा थाने में अपने दामाद संदीप साहू समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ दहेज के लिए बेटी को जलाकर मारने का मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अपनी विवेचना में मृत महिला के पति के अलावा बाकी पांच आरोपियों को आरोप से मुक्त कर आरोप पत्र दाखिल किया। मिश्रा ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुणेंद्र प्रकाश की अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद मंगलवार को फैसला सुनाया। अदालत ने पति को दोषी करार देते हुए 14 वर्ष के जेल और पांच हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

## बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ रहीं शिक्षा सहेलियां

**हमीरपुर।** बालिकाएं अब शिक्षा की बात को समझ रही हैं। वह खुद तो पढ़ ही रही हैं वही अपनी गांव की लड़कियों को भी शिक्षा से जोड़ने के लिए उनको एवं माता पिता को समझा रही हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में वह आकर अपने स्कूल को बेतहर बनाने की मुहिम चला रही हैं। उक्त कार्य षिक्षा सहेलियां जनपद के कुरारा एवं मौदहा क्षेत्र के 30 गांवों में कर रही हैं। समर्थ फाउण्डेशन एवं आरटीई फोरम से जुड़कर शिक्षा के मुद्दे पर कार्य कर रहे देवेंद्र गांधी ने मीडिया कार्यशाला में बताया कि विगत चार साल पूर्व किए गए एक अध्ययन में निकलकर आया था कि 18 प्रतिशत लड़कियां 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के पहले पढ़ाई छोड़ रही हैं या नियमित स्कूल नहीं जा रही थी, जिसके प्रमुख कारण इण्टरमीडिएट कॉलेजों का दूर होना, परिवार की आर्थिक समस्या एवं कॉलेज तक आवागमन के साधनों का अभाव आदि प्रमुख था। लड़कियों को सतत शिक्षा के जोड़ने के लिए शिक्षा सहेलियां बनाकर उनकी शिक्षा का महत्व, शिक्षा का अधिकार कानून का जानकारियां प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय, ब्लाक स्तरीय व ग्राम स्तरीय पर बैठकें, कार्यशालाएं आदि आयोजित की गई। माता-पिता के साथ संवाद के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन समिति को सक्रिय करने का कार्य आरंभ किया गया, इसके परिणाम परिलक्षित हुए। अधिकांश चिन्हित लड़कियां अब स्कूल से जुड़ चुकी हैं। इस कार्य में शिक्षकों, माता-पिता, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्रबुद्धजनों का भरपूर सहयोग मिला है। कोराना काल के दौर में बच्चों की लर्निंग लेवल कम हो तो इसके लिए उन्हें शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई ताकि वह घर पर रहकर ही अध्यन कर सकें।

## पांच साल में नगर पालिका ने तपोभूमि चित्रकूट का किया चहुंमुखी विकास : नरेन्द्र गुप्ता

**संवाददाता।** चित्रकूट



**नगर** पालिका परिषद कर्वी क्षेत्रवासियों को सडक, नाली, पार्क समेत 11 परियोजनाओं का लोकार्पण नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने वर्चुअल ढंग से किया। लोकार्पण समारोह टाउनहाल सभागार में चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ।

मंगलवार को चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने नगर पालिका क्षेत्र में कोठी तालाब के पास पं दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना से दो करोड की लागत से निर्मित अत्याधुनिक पार्क का लोकार्पण किया। एसडीएम कालोनी में बनी सडकों व नालियों का भी लोकार्पण हुआ। ट्राफिक चौराहा से एलआईसी तिराहा तक डिवाइडर रोड तथा नगर में 225 विद्युत पोल व एलईडी लाइन का लोकार्पण हुआ। चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या, काशी की भांति चित्रकूट को भी धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने को संकल्पित हैं। अगले पांच साल में चित्रकूट का कायाकल्प हो जायेगा। पूरे देश में चित्रकूट पर्यटन की दृष्टि से विश्व के मानचित्र पर नजर आने लगेगा। उन्होंने कहा कि कर्वी नगर पालिका में कोरोना काल के बाद पूरे क्षेत्र में सडक, बिजली, पानी, प्रकाश की व्यवस्था कराई गई है। अभी बहुत कार्य शेष हैं। जो आने वाले समय में पूरे होंगे। इस मौके पर ईओ रामअचल कुरील, सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला, कर निरीक्षक राहुल पाण्डेय, स्वच्छता समन्वयक शिवा कुमार, वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तम सिंह, सुभाष गुप्ता, ज्ञान गुप्ता, प्रवीण श्रीवास्तव, अशरफ खान, रवी, ज्ञानेन्द्र, शैलेन्द्र सोनी, मो निजाम, अरमान, प्रेम बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### एटीएम बदल कर टप्पेबाजों ने उड़ाए 40 हजार

**नसीराबाद रायबरेली।** मंगलवार को नगर पंचायत नसीराबाद में लगे एटीएम से टप्पेबाजो ने एक ग्राहक का एटीएम कार्ड बदल लिया। जब तक कार्डधारक खाता लॉक करवाता टप्पेबाज ने दूसरी जगह जाकर 40 हजार रुपये निकाल लिया। भुक्तभोगी रामराज पुत्र रामधनी पूरे टेकई मजरे सरावां, थाना उदयपुर, जिला प्रतापगढ़ अपनी रिश्तेदारी जनपद अमेठी के जगदीश पुर से कार्यक्रम में भाग लेकर वापस आ रहा था। नसीराबाद कस्बे में पहुंचकर उसने जायस सलोन मार्ग बीच चौराहे पर शिव मंदिर के पास लगे इंडिकैश एटीएम से पैसा निकालना चाहा। नेटवर्क धीमा होने के कारण पैसा नहीं निकल सका।तभी एक युवक उसके पास आया और कहा कि लाइए मैं देखता हूं और उसका एटीएम ले लिया। नजर बचाकर उसने एटीएम बदल लिया और वहां से चम्पत हो गया। भुक्तभोगी ने जब एटीएम बदला हुआ देखा और खाता लॉक करवाने के लिए फोन किया।

# ऐतिहासिक उपलब्धियों भरा रहा बीजेपी जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे का कार्यकालः शक्ति प्रताप सिंह

● **चंद्रप्रकाश खरे के कार्यकाल में कार्यकर्ताओं को मिला सम्मानः सुनील सिंह पटेल**

● **तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर पार्टी नेताओं ने किया अभिनंदन**

**संवाददाता।** चित्रकूट



चंद्रप्रकाश खरे का अभिनंदन करते भाजपाई — पायनियर

**भाजपा** जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे का उपलब्धियों भरा तीन वर्ष का निर्विवाद और बेदाग कार्यकाल पूरा होने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लादकर स्वागत और अभिनंदन किया।इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवम श्रम प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री खरे का तीन वर्ष का कार्यकाल बेमिसाल उपलब्धियों भरा रहा है।पूरे कार्यकाल में पार्टी ने नित नई उपलब्धियों को अर्जित किया है।

मंगलवार को बांदा -चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल के बलदाऊ गंज स्थित आवास पर आयोजित समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे का तीन वर्ष का ऐतिहासिक कार्यकाल पूरा होने पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर,जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल,श्रम प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील सिंह पटेल,वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार त्रिपाठी एवम शिवाकांत पांडेय आदि ने फूल मालाओं से लाद कर स्वागत एवम अभिनंदन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें जो प्यार और सम्मान दिया है, वे सदैव इसके लिए ऋणी रहेंगे। वे हर समय कार्यकर्ताओं के लिए तैयार हैं। कार्यकर्ता ही उनकी असली ताकत है।कार्यकर्ता जितना मजबूती के साथ जिसके साथ रहेंगे, वह भी उतना ही मजबूत रहेगा। उनका प्रयास रहा है कि प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान मिले और उनकी हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान हो।उन्होंने कहा कि पार्टी की सेवा के लिए उनका पूरा जीवन समर्पित हैं।पार्टी नेतृत्व आगे भी जो दायित्व देगी उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

## भाजपा मजबूती से तो सपा और बसपा साइलेंट तरीके से निकाय चुनाव की कर रहीं तैयारी

**माधौगढ़ (जालौन)।** नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा मजबूत तैयारी में जुटी है। चुनाव से संबंधित प्रभारी, संयोजक से लेकर पन्ना प्रमुख की रोज मीटिंग कर वार्ड तक मतदाताओं में मजबूत पैठ बनाई जा रही है। सत्ता की चाबी हाथ में होने पर भाजपा को मतदाताओं को रिझाना आसान होगा। जबकि बसपा और सपा को मुकाबला कड़ा करना पड़ेगा। हालाकि भाजपा से मुकाबले कि लिए बसपा और समाजवादी पार्टी साइलेंट जॉन से अपनी तैयारी करने में जुटी हुई है। भाजपा के पास वर्तमान में नगर पंचायत सीट है तो उसके हौसले बुलंद है। वहीं सपा और बसपा नगर पंचायत सीट को हथियाने के लिए जोर आजमाइश करेगी। अभी तक निकाय चुनाव का आरक्षण नहीं हुआ है फिर भी नगर में भाजपा और अन्य दलों के प्रत्याशियों के बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स जगह-जगह लगे हुए हैं। पांच साल तक मुंह फेरने वाले लोग अब चुनाव के चक्कर में पैर छूने और राम-राम करने लगे हैं। भाजपा मोदी योगी के नाम पर फिर से चुनाव जीतने का दंभ भर रही है तो बसपा और सपा के लोग वर्तमान अध्यक्ष की नाकामी का प्रचार कर मतदाताओं को अपनी ओर लुभा रहे हैं। फिलहाल तो पूरा मामला आरक्षण पर टिका हुआ है, रोटेशन प्रणाली लागू हुई तो सामान्य महिला सीट का आना तय है लेकिन राजनैतिक या अन्य कोई पेंच फंसा तो सीट बदल जाएगी।

सामान्य सीट पर मुकाबला रोचक होने वाला है,पहली बार नगर में सामान्य सीट पर वैश्य, ब्राह्मण और क्षत्रिय में त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिलेगा, इसके पहले ब्राह्मण और वैश्य ही मजबूत संख्या में था लेकिन इस बार क्षत्रिय भी ताकत से चुनाव मैदान में होगा। सामान्य सीट पर बसपा और भाजपा से ब्राह्मण और वैश्य ही दावेदार हैं।

### निकाय चुनाव के परिसीमन पर दावेदारों की निगाह, दो-तीन दिन में आ सकता है आरक्षण

**कालपी (जालौन)।** नगर निकाय चुनाव नजदीक आते ही सभासद व पालिका अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों की होड़ लगी है जो टिकट पाने के लिये अपने अपने हिसाब से जीत का समीकरण अपने पार्टी के नेताओं को बताने से नही चूक रहे है और उक्त उम्मीदवार अपने नेताओं के साथ फोटो लगवाकर होर्डिंग नगर के मुहल्लों मे लगवाकर पार्टी नेताओं के चरणचुबन कर गणेश परिक्रमा करने मे लगे है। लेकिन देखना यह है कि कालपी नगर की अध्यक्ष पद का परिसीमन क्या आता है सूत्रों की मानें तो दो-तीन दिन में परिसीमन आ जायेगा कि अध्यक्ष पद हेतु किस वर्ग की सीट हुई और किस वार्ड में किस कैटागरी की सीट हुई। नगर मे कुछ ऐसे प्रत्याशी है जो जातीय वोट को ही अपना मान कर चुनाव मैदान में ताल ठोंकने का मन बनाये है चाहे पार्टी से टिकट मिले या न मिले उन्हें चुनाव लड़ना है जिसकी चर्चा भी नगर में जोरों से है। गौरतलब हो कि सबसे बड़ी लाईन टिकट पाने हेतु सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा मे है।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर हो रही कड़ी कार्रवाईः डीएम

**बांदा।** मंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक विपिन कुमार मिश्र ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि जिस प्रकार से रोड एक्सीडेंट में मौतें बढ़ी हैं इस समय सरकार को वही निर्देश लागू करना चाहिए जैसे अपराध में शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया जाता है उसी प्रकार ट्रैफिक नियम में चालक का लाइसेंस निरस्त करके उसे उसे आयोग घोषित किया जाना चाहिए। 4 जनपदों में 7000000 रुपये शमन शुल्क सरकार के खाते में जमा कराया गया। डीआईजी चित्रकूट विपिन कुमार मिश्रा ने बताया कि यह माह सरकार के निर्देश पर यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। परिवहन विभाग पुलिस विभाग और खास तौर पर ट्रैफिक पुलिस विभिन्न योजनाओं और तरीकों से हादसों को रोकने के प्रयास कर रहे हैं हमने अभी सरकार के निर्देश पर यातायात माह शुरू किया हुआ है। इसमें पिछले माह गलत तरीके से वाहन चलाने वाह वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करनेए हेलमेट ना पहनने सीट बेल्ट धारण ना करने, एकल दिशा का उल्लंघन करने जैसे बहुत सारे मामलों में प्रभावी कार्रवाई की है। डग्गामार वाहन वह जुगाड़ वाहन को भी सीज किया गया है जिनकी संख्या 16 है। इस माह भी रेंज के चारों जनपदों में यह कार्रवाई चल रही है साथ ही जनता को भी जागरूक किया जा रहा है। हमने बहुत सारे कॉलेजों में अपने प्रोग्राम आईडेंटिफाई किए हुए हैं। और बच्चों में यह संस्कार डालने की कोशिश हो रही है कि यातायात नियमों का पालन करें उन के माध्यम से रैलियाँ निकलवाना। वाद विवाद प्रतियोगिता कराना व भाषण करवाना। रैलियां निकालकर पैदल मार्च के माध्यम से लोगों से अपील कराना यह कार्य भी साथ-साथ चल रहे हैं। कुल मिलाकर सरकार की कोशिश है कि ट्रैफिक का एक संस्कार जनता में आए इस तरह की घटनाओं में हम लोग कमी ला सकें।

# समय सीमा के अंदर हों सभी कार्यः ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

● **कहा, खसरा के काम में प्रगति धीमी है इसमें तेजी लायी जायी**

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)



**मंगलवार** को कालपी तहसील के सभागार में ज्वांइट मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में लेखपालों की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में श्री कुमार ने कहा कि खतौनी फीडिंग में पिछली बैठक में काम पीछे था लेकिन अब सुधार हुआ है और हमें उम्मीद है कि शीघ्र ही सारे कार्यों में प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि खसरा के काम में अभी प्रगति धीमी है उसमे तेजी से कार्य किया जाये। इतना ही नहीं कालपी एसडीएम श्री कुमार ने जिन बीएलओ के काम में तेजी नहीं आ रही यदि शीघ्र ही सुधार नहीं आता तो ऐसे ला पर वाह लोगों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि आय, जाति, निवास या फिर जन्म प्रमाण पत्र या फिर कोई भी कार्य हैं तो ऐसे कार्यों में वे वजह विलंब नहीं होना चाहिए वरना ऐसे लोग दण्ड भुगतने को तैयार रहें। उन्होंने सभी अधीनस्थों को निर्देश दिये कि हर किसी को अपनी ड्यूटी जिम्मेदारी से करनी चाहिए किसी भी फरियाद लेकर आने वाले को उलझाऊ सलाह न दे हर किसी से स्थाई सामाधान की बात करें ताकि आपका और उस व्यक्ति का भी समय बचेगा जो वेवजह भटकता फिरता है।

### कार्य का क्रेडिट लेना सीखें

**कालपी।** किसी भी कार्य को अपनी सूझ बूझ से हल करने का हुनर रखने वाले ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी अभिषेक कुमार ने पिछली मीटिंग में लेखपालों को फटकार लगाई थी परंतु इस बार की मीटिंग में जब उन्हें प्रगति दिखी तो उन्होंने दुलार भी किया लेखपालों से जब कब्जा संबंधी शिकायतों की प्रगति पर सवाल किये तो उन्हें जबाब मिले जिनमें कि ज्यादातर उत्तर समस्या हल होने के थे तो कालपी एसडीएम श्री कुमार ने कहा कि अब पहले जैसा नहीं चलेगा किसी भी प्रार्थना पत्र में क्या हुआ उसकी आख्या हमें नियमानुसार उपलब्ध कराई जाये।

# उरुग्वे को हराकर पुर्तगाल प्री-क्वार्टर में



भाषा। भलुसैल (कतर)

**ब्रूनो फर्नांडिस के** दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने उरूग्वे को 2- 0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पहले गोल के बाद जिस तरह जश्न मनाते दिखे, ऐसा लगा कि गोल उन्होंने किया है लेकिन वास्तव में अंतिम टच फर्नांडिस का था। बाईं ओर से फर्नांडिस का शॉट रोनाल्डो के सिर के ऊपर से निकलकर गोल के भीतर गया। रोनाल्डो ने अपने हाथ हवा में खोल दिए और फर्नांडिस को गले लगाया। मैदान पर लगी बड़ी स्क्रीन पर बार बार क्लोज अप रिप्ले दिखाया गया। फर्नांडिस ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी स्पॉट पर एक और गोल किया। आखिरी मिनट में वह गोल करने के करीब पहुंचे लेकिन गेंद पोस्ट से टकराकर बाहर निकल गई और वह हैट्रिक से चूक गए। पहले मैच में घाना को 3–2 से हराने वाली पुर्तगाल टीम फ्रांस और ब्राजील के बाद अंतिम 16 में पहुंचने वाली तीसरी टीम है। उरूग्वे के दो मैचों में एक अंक है और उसे आगे बढने के लिए शुक्रवार को घाना को हराना होगा। इस मैच में पुर्तगाल के 39 वर्ष के डिफेंडर पेपे विश्व कप में खेलने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। विश्व कप में खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रोजर मिला है जो 1994 में 42 वर्ष की उम्र में कैमरून के लिए खेले थे। मैच के दौरान एक दर्शक रंग बिरंगा ध्वज लिए मैदान पर उतर पड़ा जिसने सुपरमैन वाली नीली टीशर्ट पहन रखी थी जिस पर लिखा था , सेव यूक्रेन। सुरक्षा अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया और बाहर ले गए। इससे पहले उसने झंडा जमीन पर रख दिया था। रैफरी ने बाद में झंडा उठाकर साइड में रखा जहां से कर्मचारी उसे उठाकर ले गए। उस व्यक्ति की टीशर्ट के पीछे लिखा था , ईरानी महिलाओं के लिए सम्मान।

## विश्व कप से जुड़े मजदूरों की मौत का आंकड़ा 400 से 500 के बीच

**दोहा।** विश्व कप के आयोजन से जुड़े कतर के एक शीर्ष अधिकारी ने पहली बार टूर्नामेंट से जुड़े मजदूरों की मौत के आंकड़े को 400 से 500 के बीच रखा है जो दोहा की ओर से इससे पहले बताई गई किसी भी संख्या से काफी अधिक है। कतर की डिलीवरी और लीगेसी से जुड़ी शीर्ष समिति के महासचिव हसन अल-थावादी ने ब्रिटिश पत्रकार पियर्स मोर्गन को साक्षात्कार में यह आंकड़ा बताया। इससे मानवाधिकार समूहों द्वारा आलोचना और तेज होने की आशंका है। मानवाधिकार समूह पश्चिम एशिया के पहले विश्व कप की मेजबानी करने के लिए 200 अरब डॉलर से अधिक के स्टेडियम, मेट्रो लाइन और टूर्नामेंट के लिए आवश्यक नए बुनियादी ढांचे के निर्माण के दौरान प्रवासी श्रमिकों की मौत के आंकड़े के लिए कतर की आलोचना करते रहे हैं। शीर्ष समिति और कतर की सरकार ने मंगलवार को प्रतिक्रिया के आग्रह पर कोई जवाब नहीं दिया। मोर्गन ने साक्षात्कार का एक अंश ऑनलाइन डाला है जिसमें वह हसन से पूछते है, विश्व कप से जुड़े कार्य करने के परिणाम स्वरूप प्रवासी श्रमिकों की मौत से जुड़ा ईमानदार, यथार्थवादी आंकड़ा क्या है? हसन ने कहा, अनुमान 400 के आसपास है, 400 और 500 के बीच। मेरे पास सटीक संख्या नही है। लेकिन इस आंकड़े पर इससे पहले सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं की गई थी। 2014 से 2021 के अंत तक की शीर्ष समिति की रिपोर्ट में केवल विश्व कप की मेजबानी करने वाले स्टेडियमों के निर्माण और नवीनीकरण में शामिल श्रमिकों की मृत्यु की संख्या शामिल है। जारी किए गए इन आंकड़ों में मौतों की कुल संख्या 40 बताई गई है। इनमें से 37 मौत को कतर काम से इतर की घटनाओं के रूप में वर्णित करता है जैसे कि दिल का दौरा पड़ना। तीन मौत कार्यस्थल की घटनाओं से जुड़ी है। एक रिपोर्ट में महामारी के बीच कोरोना वायरस से एक कर्मचारी की मृत्यु को अलग से सूचीबद्ध किया गया है।

# नीदरलैंड और सेनेगल शान से पहुंचे अंतिम 16 में

**● विश्वकपः कतर और इक्वाडोर जीते**


**दोहा।** नीदरलैंड और सेनेगल ने मंगलवार को यहां ग्रुप ए के अपने अंतिम लीग मैच में जीत दर्ज करके फीफा विश्वकप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। नीदरलैंड ने मेजबान कतर को 2-0 से जबकि सेनेगल ने इक्वाडोर को 2-1 से पराजित किया। कतर विश्व कप फुटबॉल के इतिहास में पहला मेजबान देश बन गया है जिसने ग्रुप चरण के अपने तीनों मैच गंवाए हैं। नीदरलैंड दो जीत और एक ड्रॉ के साथ सात अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा जबकि सेनेगल ने दो जीत से छह अंक बनाए और वह दूसरे स्थान पर रहा। इक्वाडोर को इस मैच में ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन हार के कारण वह चार अंक के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गया। नीदरलैंड ने कतर के खिलाफ दोनों हाफ में एक-एक गोल किया। उसके कोडी गाक्पो ने 26वें मिनट में बढ़त दिलाई जबकि फ्रैंकी डी जोंग ने 49वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल किया। उधर सेनेगल की तरफ से इस्माइला सार ने 44वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। उसके लिए दूसरा गोल कालिदू कोलिबाली ने 69वें मिनट में किया। इक्वाडोर के लिए एकमात्र गोल मोइजेस कैसीडो ने 67वें मिनट में किया। नीदरलैंड्स दूसरे दौर में ग्रुप बी से दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम जबकि सेनेगल ग्रुप बी की विजेता टीम से भिड़ेगा। अल खोर में खेले गए मैच में कतर ने शुरू में नीदरलैंड को बांधे रखा लेकिन कोडी गाक्पो ने पिछले दो मैचों की तरह फिर से अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। वह नीदरलैंड के चौथे ऐसे खिलाड़ी बन गए है जिन्होंने विश्वकप में लगातार तीन मैचों में गोल किए। उनसे पहले जोहान नीस्केन्स (1974), डेनिस बर्गकैम्प (1994) और वेस्ले स्नेजिडर (2010) ने यह कारनामा किया था। डैवी क्लासेन ने मूव बनाकर गाक्पो की तरफ गेंद बढ़ाई जिन्होंने उसे गोल में डालने में कोई गलती नहीं की। इस गोल के साथ गाक्पो इटली के एलेसेंड्रो अल्टोबेली (1986) के बाद दूसरे खिलाड़ी बन गए है जिन्होंने ग्रुप चरण के तीनों मैच में अपनी टीम की तरफ से पहला गोल किया। नीदरलैंड्स पहले हाफ में हावी रहा और उसने कुछ अच्छे मूव बनाए। कतर ने भी एक दो अवसरों पर चुनौती पेश की लेकिन वह किसी भी समय गोल करने की स्थिति में नहीं दिखा। नीदरलैंड ने दूसरा हाफ शुरू होने के तुरंत बाद ही अपनी बढ़त 2-0 कर दी।



## सउदी अरब के खिलाफ मेक्सिको के लिए करो या मरो का मुकाबला

**कतर।** पिछले 44 साल में पहली बार ग्रुप चरण से बाहर होने से बचने के लिए मेक्सिको को विश्व कप फुटबॉल में ग्रुप सी के अपने आखिरी मैच में बुधवार को सउदी अरब को हर हालत में हराना होगा और दूसरे मैच का नतीजा भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। मेक्सिको पिछले सात विश्व कप में प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है लेकिन इस बार ग्रुप सी में अंकतालिका में सबसे नीचे है। उसे लुसैल स्टेडियम पर कल होने वाला मैच हर हालत में जीतना होगा। मेक्सिको आखिरी बार 1978 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर हुआ था। उसे जीत दर्ज करने के अलावा यह दुआ भी करनी होगी कि लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना टीम पोलैंड से हार जाए। अगर मेक्सिको जीत जाता है और अर्जेंटीना भी अपना मैच जीत जाता है तो फैसला गोल औसत के आधार पर होगा। मेक्सिको ने अभी तक इस विश्व कप में एक भी गोल नहीं किया है।

### पोलैंड के खिलाफ अर्जेंटीना की नजरें एक बार फिर मेस्सी पर



**दोहा।** लियोनल मेस्सी मौजूदा विश्व कप में पहले ही एक बार अर्जेंटीना के खेवनहार की भूमिका निभा चुके है और टीम को बुधवार को पोलैंड के खिलाफ होने वाले मैच में भी उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिससे कि टीम की नॉकआउट में जगह बनाने की राह आसान हो जाए। अर्जेंटीना में पूजे जाने वाले मेस्सी संभवतः अपना अंतिम विश्व कप खेल रहे है और वह अपनी ट्रॉफियों के कैबिनेट में इस प्रतिष्ठित खिताब को भी शामिल करना चाहेंगे। मेस्सी विश्व कप के अलावा हर बड़ा खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे है। पोलैंड के स्टार स्ट्राइकर रोबर्ट लेवानडोवस्की के लिए भी यह संभवतः अंतिम विश्व कप होगा। ग्रुप सी में टीम की संभावनाओं पर बात करें तो पोलैंड के खिलाफ जीत अर्जेंटीना की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित करेगी। मुकाबला ड्रॉ होने की स्थिति में अर्जेंटीना की टीम या तो पोलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहेगी या फिर सउदी अरब और मेक्सिको की टीम उसे बाहर कर सकती है।

### अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए डेनमार्क से भिड़ेगा ऑस्ट्रेलिया

**दोहा।** ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां जब डेनमार्क के खिलाफ मैदान पर उतरेगा तो उसका लक्ष्य विश्वकप फुटबॉल में दूसरी बार अंतिम 16 में जगह बनाना होगा। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को ट्यूनीशिया को हराया था जो उसकी विश्वकप में 18 मैचों में केवल तीसरी जीत थी। इससे उसने नॉकआउट चरण में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। अब ऑस्ट्रेलिया के सामने उससे भी बड़ा लक्ष्य है अंतिम 16 में जगह बनाना। वह अब तक केवल एक बार 2006 में नॉकआउट चरण में पहुंचा था। ऑस्ट्रेलिया का सामना अब यूरोपीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले डेनमार्क से होगा और इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम संभवतः अगले दौर में प्रवेश करेगी। ट्यूनीशिया के खिलाफ एकमात्र गोल दागने वाले ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर मिशेल ड्यूक को विश्वास है कि टीम अगले चरण में जगह बनाने में सफल रहेगी।

### फ्रांस, ट्यूनीशिया को चाहिए हर हाल में जीत

**दोहा।** मौजूदा चैंपियन फ्रांस ने 1998 में पहला विश्व कप जीतने के बाद ग्रुप चरण में कभी अपने तीनों मैच नहीं जीते है लेकिन ट्यूनीशिया के खिलाफ बुधवार को होने वाले मैच में वह अपने विजय अभियान को जारी रखने के लिए उतरेगा। ट्यूनीशिया ने विश्वकप में अपने इतिहास में अभी तक तीन मैच भी नही जीते है और उसे इस बार नॉकआउट चरण में जगह बनाने के लिए फ्रांस को हर हाल मे हराना होगा। ट्यूनीशिया के कोच जालेल कादरी इस दबाव को समझते है। फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने कहा, मेरी स्थिति कादरी जैसी नही है लेकिन वह कोई कसर नही छोड़ेंगे। कादरी ने टूर्नामेंट से पहले कहा था कि ग्रुप चरण से आगे बढ़ना उनका व्यक्तिगत मिशन है और उन्होने संकेत दिया कि अगर ऐसा नही होता है तो वह पद छोड़ देंगे। फ्रांस 1998 की टीम की उपलब्धि को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध है ।

### उन्नति हुड्डा और छह अन्य भारतीयों ने जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा सहित सात भारतीयों ने थाइलैंड के नोंथबुरी में खेली जा रही बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में मंगलवार को जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। ओडिशा ओपन की चैंपियन उन्नति ने महिलाओं के अंडर-17 वर्ग में जापान की मिसाटो सासाकी को केवल 24 मिनट में 21-11 21-5 से हराया। वह अगले दौर में इंडोनेशिया की डिया नूर फडिला से भिड़ेंगी। महिलाओं के अंडर-17 वर्ग में अनमोल खरब ने अपने दोनों मैच जीते।

### अर्जुन पुरस्कारः उच्च न्यायालय का पुरस्कार समारोह पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धावक मनजीत सिंह का नाम पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची मे शामिल नही किए जाने को लेकर राष्ट्रपति भवन में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह के दौरान दिए जाने वाले अर्जुन पुरस्कारों पर मंगलवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने एशियाई खेल 2018 में 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीट मनजीत सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, मै पुरस्कार समारोह को नही रोकने जा रही हूं जो कि कल आयोजित किए जाएंगे।

### 49 प्रतिशत क्रिकेटर टी20 लीग के लिए राष्ट्रीय अनुबंध ठुकराने को तैयार

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के संघ के महासंघ फिक्का ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट मे कहा है कि क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र मे बड़ा बदलाव हो रहा है और भारत को छोड़कर बड़ी संख्या मे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अपने देश का केंद्रीय अनुबंध ठुकराकर दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के लिए फ्रीलांस एजेंट (जो राष्ट्रीय टीम से अनुबंधित नही होते और कहीं भी खेल सकते है) बन रहे है। भारत की खिलाड़ी संस्था फिक्का के दायरे मे नही आती इसलिए इस सर्वेक्षण मे भारतीय क्रिकेटर शामिल नही है।

### आस्ट्रेलियाई टीम में कोई कायर नहीं है , कमिंस ने लैंगर को जवाब दिया

**पर्थ।** टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को पूर्व कोच जस्टिन लैंगर को करारा जवाब देते हुए कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम में कोई कायर नही है और उनके इस तरह के बयान से वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का ध्यान नही भटकेगा। लैंगर ने पिछले सप्ताह आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को कायर बताया और कहा था कि कुछ खिलाड़ियों ने उनकी पीठ के पीछे जो किया और ड्रेसिंग रूम की बाते सार्वजनिक की, उससे उन्हें नफरत है।

# आखिरी वनडे पर बारिश की गाज नहीं गिरने की दुआ करेगी टीम इंडिया

भाषा। क्राइस्टचर्च

**खराब मौसम** से आजिज आ चुकी भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को आखिरी वनडे में दुआ करेगी कि बारिश नहीं हो ताकि उसे बराबरी का मौका मिल सके। क्राइस्टचर्च में कल बारिश का अनुमान है और अगर ऐसा हुआ तो भारतीय टीम के युवा क्रिकेटरों के लिए इससे निराशाजनक कुछ नहीं होगा। सीमित ओवरों के पांच मैचों में से एक वनडे और एक टी20 बेनतीजा रहे और एक टी20 मैच बारिश के कारण डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर टाई हो गया। शिखर धवन की टीम आखिरी वनडे जीतकर श्रृंखला में बराबरी करना चाहेगी। हेगले ओवल मैदान पारंपरिक तौर पर सीम गेंदबाजों का मददगार रहा है और यहां पिछले कुछ



साल में औसत स्कोर 230 रहा है। पहले पावरप्ले (पहले दस ओवर) में भारतीय बल्लेबाजी चर्चा का विषय रही है। वनडे क्रिकेट में शानदार सलामी बल्लेबाज धवन खुद समझते हैं कि अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए टीम में जगह सुनिश्चित करने के लिए उन्हें अपने खेल में काफी बदलाव करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने दो मैचों में 50 और नाबाद 45 रन बनाए हैं। भारतीय क्रिकेट के मौजूदा सुपरस्टार सूर्यकुमार यादव ने सेडोन पार्क पर 12 . 5 ओवर के खेल में तीन छक्के जड़े। भारत को बड़ा स्कोर बनाना है तो सूर्य और ऋषभ पंत जैसे बल्लेबाजों को अच्छी पारियां खेलनी होगी। पंत का वनडे रिकॉर्ड काफी प्रभावी है लेकिन इंग्लैंड दौरे के बाद से वह रन नहीं बना सके। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने मध्यक्रम को स्थिरता देने के लिए उनके बल्ले से रन निकलना जरूरी है। पंत के खेलने और विशेषज्ञ बल्लेबाजों में गेंदबाजी विकल्पों के अभाव के मायने हैं कि संजू सैमसन को एक बार फिर बाहर बैठना पड़ेगा। पिछले मैच में हरफनमौला होने के कारण दीपक हुड्डा को उन पर तरजीह दी गई थी। पिछला मैच बारिश में धुलने के कारण यह देखना होगा कि अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण अंतिम एकादश में कोई बदलाव करते हैं या नहीं। स्पिनर कुलदीप यादव को भी अभी तक मौका नहीं मिला है। वैसे युजवेंद्र चहल या वाशिंगटन सुंदर को बाहर करना उनके साथ ज्यादती होगी। शार्दुल ठाकुर पहले वनडे में कोई कमाल नहीं कर सके लिहाजा अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर और उमरान मलिक ही तेज आक्रमण की कमान संभालेंगे। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी, टिम साउदी और लॉकी फर्ग्युसन के सामने यह भारतीय बल्लेबाजी की कमजोरी का फायदा उठाने का सुनहरा मौका है।

# भारत ए ने बांग्लादेश ए पर बढ़त बनाई

भाषा। कॉक्स बाजार



**तेज गेंदबाज नवदीप** सैनी और स्पिनर सौरभ कुमार की उम्दा गेंदबाजी से भारत ए ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन अपना पलड़ा काफी भारी कर दिया। भारत ए ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद सौरभ (23 रन पर चार विकेट), सैनी (21 रन पर तीन विकेट) और मुकेश कुमार (25 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश ए की टीम 45 ओवर में सिर्फ 112 रन पर ढेर हो गई। इसके जवाब में भारत ए ने दिन का अंत बिना विकेट गंवाए 120 रन बनाकर किया। मेहमान टीम ने आठ रन की बढ़त हासिल कर ली है। दिन का खेल खत्म होने पर यशस्वी जायसवाल 61 जबकि कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 53 रन बनाकर खेल रहे थे। बांग्लादेश ए ने 63 रन तक ही छह विकेट गंवा दिए थे जिसमें से पांच सैनी और मुकेश ने चटकाए। मोसादेक हुसैन ने 63 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। हुसैन ने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के मारे। बांग्लादेश की टीम ने अपने शुरुआती पांच विकेट सिर्फ 26 रन पर गंवा दिए थे। मेजबान टीम के बल्लेबाजों को स्पिनरों के खिलाफ भी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ ने निचले क्रम को समेटने में अहम भूमिका निभाई।

## लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में फिर छठे स्थान पर, गायत्री-त्रीशा शीर्ष 20 में

भाषा। नई दिल्ली

**भारत के** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से दोबारा करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए। मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले अल्मोड़ा के 21 साल के लक्ष्य ने 23 टूर्नामेंट से 75,024 अंक जुटाए हैं। किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय क्रमशः 11वें और 12वें स्थान पर बरकरार हैं। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी दो स्थान के फायदे से शीर्ष 20 में जगह बनाने में सफल रही है। यह जोड़ी अभी विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की इस कांस्य पदक विजेता जोड़ी के 17 टूर्नामेंट में 46,020 अंक हैं। फ्रेंच ओपन और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी पुरुष युगल में सातवें स्थान पर बनी हुई है।

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए फोकस भारतीय हॉकी टीम के डिफेंस पर

भाषा। एडीलेड

लगातार दो पराजय झेलने के बाद भारतीय हॉकी टीम बुधवार को तीसरे टेस्ट से पहले दुनिया की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ डिफेंस की अपनी कमजोरियों से पार पाना चाहेगी। रक्षापंक्ति की लगातार चूक के कारण दुनिया की पांचवें नंबर की टीम भारत को पहले दो टेस्ट में शुरूआती बढत बनाने के बावजूद पराजय झेलनी पड़ी। टीम को तीसरे मैच में इससे उबरना होगा। पहले टेस्ट में आखिरी मिनट में गोल गंवाने के कारण भारत को 4 . 5 से पराजय मिली। दूसरे मैच में तीसरे मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के गोल के दम पर भारत ने बढत बना ली थी लेकिन आखिरी क्वार्टर मेंहार गई। दोनों टीमों के लिए यह श्रृंखला भुवनेश्वर और राउरकेला में 13 जनवरी से शुरू हो रहे विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा ,हमने पहले दो मैचों में काफी गलतियां की। आस्ट्रेलिया मौकों को भुनाने में माहिर है लिहाजा हमें अपना डिफेंस बेहतर करना होगा। दोनों मैचों में पेनल्टी कॉर्नर की बरसात हुई और भारत को पेनल्टी कॉर्नर गंवाने से भी बचना होगा। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भारत की आस्ट्रेलिया के हाथों सात गोल से हार के बाद दोनों टीमों का यह पहला मुकाबला है।

# बीसीसीआई ने अपने अध्यक्ष को हितों के टकराव का नोटिस जारी किया



भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट बोर्ड** (बीसीसीआई) के आचरण अधिकारी विनीत सरन ने बोर्ड के अध्यक्ष रोजर बिन्नी को हितों के टकराव का नोटिस भेजा है। पीटीआई को पता चला है कि सरन ने बिन्नी को उनके खिलाफ हितों के टकराव के आरोपों के मामले में 20 दिसंबर तक लिखित जवाब देने को कहा है। शिकायतकर्ता संजीव गुप्ता ने आरोप लगाया है कि बिन्नी का हितों का टकराव है क्योंकि उनकी बहू स्टार स्पोर्ट्स के लिए काम करती है जिसे भारतीय क्रिकेट के घरेलू सत्र के मीडिया अधिकार हासिल हैं। सरन ने 21 नवंबर को जारी नोटिस में कहा, आपको सूचित किया जाता है कि बीसीसीआई के आचरण अधिकारी को बीसीसीआई के नियम 38 (1) (एक) और नियम 38 (2) के उल्लंघन को लेकर शिकायत मिली है जो आपके हितों के टकराव से जुड़े हैं। इसके अनुसार, आपको निर्देश दिया

## पांचवां छक्का जड़ने के बाद युवराज सिंह का नाम मेरे दिमाग में आयाः गायकवाड़

**नई दिल्ली।** रुतुराज गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में 43 रन के ओवर में सात छक्के जड़कर सुर्खियां बटोरी लेकिन इस उपलब्धि को हासिल करने से पहले ही उनके दिमाग में जो नाम आया वह युवराज सिंह का था। भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज ने 2007 में पहले टी20 विश्व कप में इंग्लैड के स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ एक ओवर में छह छक्के जड़े थे। महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए गायकवाड़ ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के स्पिनर शिवा सिंह के पारी के 49वें ओवर मे सात छक्के जड़कर लिस्ट ए मे विश्व रिकॉर्ड बनाया। नोबॉल की वजह से उन्हें एक अतिरिक्त गेंद खेलने को मिली। गायकवाड़ ने बीसीसीआई.टीवी से कहा, ईमानदारी से कहूं तो पांचवे छक्के के बाद मेरे दिमाग मे केवल एक ही व्यक्ति का नाम आया, वह युवराज सिंह थे। मैंने उन्हे 2007 (टी20) विश्व कप के दौरान जब मै बहुत छोटा था तब एक ओवर में छह छक्के मारते हुए देखा था। उन्होंने कहा, मै उनके साथ शामिल होना चाहता था और इसलिए मै छठा छक्का जड़ना चाहता था। मैंने कभी सपने मे भी नही सोचा था कि मै लगातार छह छक्के मारूंगा। यह बहुत खुशी की बात है। गायकवाड़ ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम बी ग्राउंड में महाराष्ट्र की पारी के 49वे ओवर मे यह उपलब्धि हासिल की।

## उमरान की गति से मुझे बल्लेबाजों को चकमा देने में मदद मिलती है : अर्शदीप

**क्राइस्टचर्च।** उनकी गेंदबाजी शैली मे जमीन आसमान का अंतर है लेकिन अर्शदीप सिंह को उमरान मलिक की तेज रफ्तार से फायदा मिलता है क्योंकि उनकी गति में अंतर से बल्लेबाजो को सामंजस्य बिठाने मे दिक्कत होती है। जम्मू के तेज गंदबाज उमरान विश्व क्रिकेट में इंग्लैड के मार्कवुड और दक्षिण अफ्रीका के एनरिच नॉर्किया के साथ सबसे तेज गेंदबाज है जो 150 किलोमीटर की रफ्तार से लगातार गेंद डाल सकते है। अर्शदीप स्विंग गेंदबाज है जो 130 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से गेंदबाजी करते है। दोनों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आक्लैंड मे पहले मैच मे वनडे क्रिकेट मे पदार्पण किया और अर्शदीप चाहते है कि यह जोड़ी बनी रहे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले कहा , उमरान के साथ गेंदबाजी करना हमेशा अच्छा लगता है। वह खुशदिल इंसान है और ड्रेसिंग रूम का माहौल भी अच्छा रहता है। जहां तक गेंदबाजी का सवाल है तो उमरान की गेंदबाजी से मुझे काफी फायदा होता है ।

## अर्जुन बबूता, विवान कपूर के राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में खिताब

भाषा। नई दिल्ली

**अर्जुन** बबूता और विवान कपूर ने तिरुवनंतपुरम और नई दिल्ली में एक साथ खेली जा रही 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में मंगलवार को यहां क्रमशः पुरुष 10 मीटर एयर राइफल और पुरुष ट्रैप स्पर्धा के खिताब जीते। पंजाब के अर्जुन ने तिरुवनंतपुरम की वाट्टियूरकावू निशानेबाजी रेंज में स्वर्ण पदक के मुकाबले में असम के हृदय हजारिका को 16–8 से हराया। राइफल स्पर्धाएं तिरुवनंतपुरम में हो रही हैं। राजस्थान के विवान ने शॉटगन स्पर्धाओं की मेजबानी कर रहे दिल्ली की डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में तमिलनाडु के पृथ्वीराज तोंडईमान को 31–27 से हराकर खिताब अपने नाम किया। अर्जुन ने शीर्ष आठ निशानेबाजों के रैंकिंग दौर में 263.4 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। हृदय 262.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे थे। पुरुष ट्रैप में विवान के राज्य के साथी और 2024 पेरिस ओलंपिक के कोटा विजेता भवनीश मेंदिरत्ता ने कांस्य पदक जीता। ओलंपियन दिव्यांश सिंह पंवार ने रणवीर काटकर को 16–8 से हराकर जूनियर पुरुष 10 मीटर एयर राइफल का खिताब जीता।

## बीएसएनवी में एथलेटिक्स का शुभारंभ



**लखनऊ।** बीएसएनवी पीजी कॉलेज की 52वीं वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन मंगलवार को एनआर स्टेडियम में किया गया। पहले दिन की स्पर्धाओं में पुरुष 800 मी दौड़ में रंजीत पाठक, पुरुष शॉटपुट में पंकज नाथ, महिला शॉटपुट में साक्षी सिंह, पुरुष हाई जंप में शिवम शमा, महिला हाई जंप में सुमन पाल और पुरुष 1500 मीण्दौड़ में शुभम मिश्रा पहले स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. दिनेश शर्मा पूर्व उपमुख्यमंत्री ने किया व पहले दिन के पदक विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। बीएसएनवी पीजी कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर रमेश धर द्विवेदी ने इस मौके पर बीएसएनवी कॉलेज के खेलकूद के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे यहां लगातार खेल सुविधाओं का विकास हो रहा है और ये सिलसिला आने वाले समय में भी सतत चलता रहेगा। इस अवसर पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का प्रभारी प्रोफेसर नरेंद्र कुमार अवस्थी ने उपस्थित अतिथिगणों का आभार जताया। पहले दिन हुई स्पर्धाओं के परिणामः पुरुष 800 मी.दौड़ में बीए के रंजीत पाठक ने पहला स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में बीए के विवेक दुबे को दूसराव बीएससी के गौरव जोशी को तीसरा स्थान मिला। पुरुष शॉटपुट में बीए के पंकज नाथ पहले, विशाल कुमार दूसरे एवं विनीत पाल तीसरे स्थान पर रहे। महिला शॉटपुट में बीएससी की साक्षी सिंह पहले, एमएससी की उन्नति रावत दूसरे व बीए की खुशबू बानो तीसरे स्थान पर रही। पुरुष हाई जंप में शिवम शर्मा को पहला,नितिश सिंह को दूसरा व विशाल यादव को तीसरा स्थान मिला। महिला हाई जंप में बीए की सुमन पाल को पहला, बीए की शालिनी सिंह को दूसरा व बीएससी की सारिका को तीसरा स्थान मिला। पुरुष 1500 मीण्दौड़ में बीएससी के शुभम मिश्रा को पहलाए बीए के देवेंद्र सिंह को दूसरा व बीए के उमेश कुमार को तीसरा स्थान मिला।

### स्वर्ण पदक विजेता पूजा को आनन्देश्वर ने दी बधाई

**लखनऊ।** लखनऊ की पूजा ने नंदिनी नगर गोण्डा में आयोजित नेशनल ग्रैपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। पूजा ने जूनियर बालिका के अंडर.49 किग्रा भार वर्ग में अपने स्वर्णिम सफर में पांच खिलाड़ियों को हराते हुए यह सफलता हासिल की । पूजा ने अपने फाइनल मुकाबले में हरियाणा के पहलवान को चित्त किया। पूजा की इस सफलता पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। मुझे पूरा विश्वास है कि आप आने वाले समय में और शानदार प्रदर्शन करके प्रदेश व देश को गौरवान्वित करेंगी। पूजा योग्या फाइट क्लब में ग्रैपलिंग कोच पार्थो घोष की देख.रेख में ट्रेनिंग कर रही है।